
हिन्दी दैनिक
# राष्ट्रीय मुख्यधारा
mukhyadhara.daily@gmail.com +91 8873 319 159
RNI : JHAHIN/2014/54374
बोकारो, शनिवार
22.02.2025
पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/
वर्ष : 12, अंक : 22
www.rashtriyamukhyadhara.com
अख़बार भी, आन्दोलन भी
राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !



# स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप विकसित भारत की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण कदमः पीएम

एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात का उदाहरण देते हुए कहा कि किसी देश की प्रगति में केवल प्राकृतिक संसाधन ही नहीं बल्कि मानव संसाधन भी अहम भूमिका निभाते हैं। गुजरात के पास कोई प्राकृतिक संसाधन नहीं है, फिर भी आज नेतृत्व की शक्ति को देखें- गुजरात में सबकुछ है। प्रधानमंत्री मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप (एसओयूएल) लीडरशिप कॉन्क्लेव 2025 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सभी बड़े नेताओं और उभरते युवा नेताओं का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए प्रत्येक क्षेत्र में अच्छे नेताओं को तैयार करना आवश्यक है और यह समय की मांग है। उन्होंने कहा कि स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप विकसित भारत की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि एसओयूएल सिर्फ संगठन का नाम नहीं है, बल्कि एसओयूएल भारत के सामाजिक जीवन की आत्मा होगी। दूसरे अर्थों में, एसओयूएल आध्यात्मिक अनुभव के सार को भी खूबसूरती से दर्शाता है। एसओयूएल के सभी हितधारकों को शुभकामनाएं देते हुए मोदी ने घोषणा की कि निकट भविष्य में गुजरात की गिफ्ट सिटी के निकट एसओयूएल का एक नया, विशाल परिसर बनकर तैयार हो जाएगा। प्रधानमंत्री ने किसी भी राष्ट्र की प्रगति में मानव और प्राकृतिक संसाधन की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला। साथ ही स्वामी विवेकानंद का उदाहरण देते हुए कहा कि दूरदर्शी नेता हमेशा भारत को गुलामी की बेड़ियों से मुक्त करना चाहते थे और केवल 100 प्रभावी और कुशल नेताओं की मदद से इसे बदलना चाहते थे। देश को उसी जोश के साथ आगे बढ़ना होगा। यह देखते हुए कि प्रत्येक नागरिक 21वीं सदी के विकसित भारत के सपनों को सच करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहा है। उन्होंने 140 करोड़ की आबादी वाले देश में सभी क्षेत्रों में अच्छे नेतृत्व की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप ऐसे नेताओं को तैयार करेगा जो राजनीति के क्षेत्र सहित पूरी दुनिया में अपनी छाप छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में ऐसे संसाधनों की आवश्यकता है जो नवाचार का नेतृत्व करने और कौशल को दिशा देने में सक्षम हों। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में कौशल के बढ़ते महत्व की ओर इशारा किया। मोदी ने नए कौशल को अपनाने के लिए नेतृत्व विकास की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि इसे वैज्ञानिक और संरचित दृष्टिकोण के माध्यम से आगे बढ़ाया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने इस प्रक्रिया में एसओयूएल जैसे संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया और उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि संस्था ने इस दिशा में काम करना शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा, "भारत एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है।" उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रों में गति बढ़ाने के लिए विश्व स्तरीय नेताओं और अंतरराष्ट्रीय नेतृत्व की आवश्यकता है। 'सोल' जैसे अंतरराष्ट्रीय संस्थान न केवल विकल्प हैं, बल्कि आवश्यकता भी हैं। उन्होंने इस सम्बंध में एसओयूएल जैसी संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

## प्रधानमंत्री मोदी ने सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव का किया उद्घाटन, कहा-राष्ट्र निर्माण के लिए बेहतर नागरिकों का विकास जरूरी

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यहां भारत मंडपम में दो दिवसीय सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव के प्रथम संस्करण का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ''कुछ आयोजन ऐसे होते हैं जो हृदय के बहुत करीब होते हैं आज का कार्यक्रम भी ऐसा ही है। राष्ट्र निर्माण के लिए बेहतर नागरिकों का विकास जरूरी है। व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण, 'जन से जगत', किसी भी ऊंचाई को प्राप्त करने के लिए आरंभ जन से ही होता है। उन्होंने कहा कि कुछ आयोजन ऐसे होते हैं, जो हृदय के बहुत करीब होते हैं और आज का ये कार्यक्रम भी ऐसा ही है। हर क्षेत्र में बेहतरीन लीडर्स का डेवलपमेंट बहुत जरूरी है और समय की मांग है। इसलिए सोल (द स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप) की स्थापना विकसित भारत की विकास यात्रा में एक बहुत महत्वपूर्ण और बड़ा कदम है। सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव के मुख्य अतिथि भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने कहा, ''प्रधानमंत्री जी मेरे बड़े भाई, जब भी मुझे आपसे मिलने का मौका मिलता है, मैं खुशी से झूम उठता हूं। जब भी मैं आपसे मिलता हूं, मैं एक लोक सेवक के रूप में और भी अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित होता हूं। स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच है और यह प्रामाणिक नेताओं को विकसित करने और उन्हें महान भारतीय गणराज्य की सेवा करने के लिए सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री की अटूट प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है।

# सीएम रेखा वित्त समेत 10 विभाग संभालेंगी, प्रवेश देखेंगे पीडब्ल्यूडी

एजेंसी। नई दिल्ली



दिल्ली में शपथ के बाद ही मंत्रियों के विभागों का बंटवारा हो गया है। इसमें मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने वित्त विभाग सहित कुल 10 विभाग खुद के पास रखे हैं जबकि सीएम पद के दावेदार रहे प्रवेश वर्मा को पीडब्ल्यूडी विभाग दिया गया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार शाम मंत्रिमंडल के सदस्यों को विभागों के बंटवारे की घोषणा की और उन्होंने वित्त, सेवाएं, सतर्कता, राजस्व, महिला एवं बाल विकास विभाग अपने पास ही रखा है। मुख्यमंत्री के पास कुल 10 विभाग हैं, जो सभी मंत्रियों में सबसे अधिक हैं। उनके पास सामान्य प्रशासन विभाग, भूमि एवं भवन, सूचना एवं जनसंपर्क तथा प्रशासनिक सुधार विभाग भी है। सामान्य प्रशासनिक विभाग द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया कि दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने विभागों के आवंटन को मंजूरी दे दी है।

प्रवेश वर्मा को नई सरकार की कैबिनेट बैठक के बाद, बतौर मुख्यमंत्री ने अपने पहले संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि उनके कैबिनेट सहयोगी प्रवेश वर्मा को पीडब्ल्यूडी, जल, विधायी मामले, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण तथा गुरुद्वारा मामलों का भी प्रभार सौंपा गया है। आशीष सूद को गृह, बिजली, शहरी विकास और शिक्षा विभाग मिले हैं। कपिल मिश्रा कानून एवं न्याय, श्रम एवं रोजगार, कला, संस्कृति, भाषा एवं पर्यटन विभाग दिया गया है। मनजिंदर सिंह सिरसा उद्योग, वन एवं पर्यावरण तथा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग का मंत्री बनाया गया है। पंकज सिंह स्वास्थ्य, परिवहन और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग का प्रभार दिया गया है, रवींद्र इंद्राज सामाजिक कल्याण, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण, सहकारिता विभाग आवंटित किये गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बीजेपी सांसद बांसुरी स्वराज के खिलाफ मानहानि की शिकायत खारिज




**नई दिल्ली**। राउज एवेन्यू कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र जैन की ओर से बीजेपी सांसद बांसुरी स्वराज के खिलाफ आपराधिक मानहानि की शिकायत को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि शिकायतकर्ता जैन और स्वराज अलग-अलग राजनीतिक पार्टियों के सदस्य हैं। अपनी विरोधी पार्टियों के खिलाफ छोटी से छोटी सूचना के इस्तेमाल की कोशिश करना राजनेताओं के बीच आम बात है क्योंकि मीडिया के सामने उसे उजागर कर फायदा उठाया जा सकें। कोर्ट ने कहा कि अपने विरोधियों की कमियों को आम जनता के सामने लाना राजनेताओं की जिम्मेदारी है। ऐसे में कोर्ट की भी जिम्मेदारी बनती है कि वह ऐसे बयानों और मानहानिकारक बयानों के बीच अंतर को स्पष्ट करते हुए भाषण और अभिव्यक्ति के मौलिक अधिकार की सुरक्षा करे। शिकायतकर्ता सत्येंद्र जैन ने आरोप लगाया था कि बीजेपी सांसद बांसुरी स्वराज ने 5 अक्टूबर, 2023 को एक साक्षात्कार के दौरान उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। जैन ने दावा किया कि इस साक्षात्कार को लाखों लोगों ने देखा। एडिशनल चीफ ज्यूडिशल मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने मामले में संज्ञान लेने से इनकार करते हुए कहा कि बीएनएस की धारा 356 के तहत दंडनीय अपराध पर संज्ञान लेने के लिए पर्याप्त आधार नहीं हैं। कोर्ट ने कहा कि शिकायत और उसके साथ संलग्न दस्तावेजों से कोई दूसरा अपराध नजर नहीं आया है, इसलिए शिकायत को खारिज किया जाता है। आपराधिक मानहानि के मामले में अधिकतम दो साल की सजा होती है।

### जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान को खैबर पख्तूनवा सरकार ने दिया खुशी का मौका



**पेशावर**। पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान को जमाने बाद खुशखबरी मिली है। भले ही इमरान अभी जेल में बंद हैं, मगर बाहर उनके नाम का डंका बजा है। जी हां, पेशावर का अंतर्राष्ट्रीय अरबाब नियाज क्रिकेट स्टेडियम का नाम बदलकर अब इमरान खान क्रिकेट स्टेडियम किया गया। पाकिस्तान की खैबर पख्तूनवा सरकार ने इमरान को एक बड़ी इज्जत से नवाजा है। पाकिस्तान की जेल में पिछले लंबे अरसे से पूर्व प्रधानमंत्री इमरान बंद हैं। खैबर पख्तूनवा सरकार ने इमरान को पाकिस्तान के क्रिकेट इतिहास में सबसे बड़ा नाम बताकर प्रांत के एकमात्र अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का नाम बदलकर इमरान खान क्रिकेट स्टेडियम करने का फैसला किया है। इस बाबत प्रांत के मुख्यमंत्री ने आदेश निकाला है। अब आदेश को मंजूरी के लिए प्रांतीय कैबिनेट के सामने रखा जाएगा। इधर अपने आदेश में मुख्यमंत्री अली अमीन खान गंडापुर ने कहा है कि पाकिस्तान क्रिकेट के इतिहास में इमरान के उल्लेखनीय योगदान और देश के खेल परिदृश्य को आकार देने में उनकी अहम रही है। इस प्रस्ताव के तहत अरबाब नियाज क्रिकेट स्टेडियम का नाम बदलकर इमरान खान क्रिकेट स्टेडियम रखा जाए। यह स्टेडियम पाकिस्तान के पुराने स्टेडियम में शामिल है। यहां पर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों आयोजित होते हैं। ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, भारत, श्रीलंका, न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज और इंग्लैंड आदि की टीम क्रिकेट मैच खेल चुकी है।

# महाकुंभ में 24 और 25 को बनेंगे तीन विश्व रिकार्ड, तैयारी शुरु



एजेंसी। प्रयागराज

महाकुम्भ अब समापन की ओर है तो अब बचे हुए काम कराने की तैयारी की जा रही है। मेला क्षेत्र में 24 व 25 फरवरी को तीन विश्व रिकार्ड बनाए जाएंगे। 24 फरवरी को 15 हजार कर्मचारी सड़क स्वच्छता का रिकार्ड बनाएंगे तो 25 फरवरी को 10 हजार लोग हैंड प्रिंटिंग कर और 500 से अधिक शटल बसों के संचालन कर नया रिकार्ड बनाया जाएगा। इसके लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड की टीम प्रयागराज आएगी। इन रिकार्डों के लिए डीएम महाकुम्भ नगर ने अफसरों के साथ बैठक की। महाकुंभ समापन की ओर बढ़ रहा है, और इसी के साथ भव्य आयोजन के दौरान नए कीर्तिमान स्थापित करने की तैयारियां भी पूरी हो गई हैं। 24 और 25 फरवरी को कुंभ मेला क्षेत्र में तीन विश्व रिकॉर्ड बनाए जाएंगे।

- 24 फरवरी को 15,000 कर्मचारी सड़क स्वच्छता अभियान में भाग लेकर एक नया रिकॉर्ड बनाएंगे।
- 25 फरवरी को 10,000 लोग हैंड प्रिंटिंग करेंगे, जो अपने आप में एक अनोखा रिकॉर्ड होगा।
- इसी दिन 500 से अधिक शटल बसों का संचालन कर एक और विश्व रिकॉर्ड दर्ज किया जाएगा।

इन रिकॉर्ड्स की मान्यता के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की टीम प्रयागराज आएगी। आयोजन की तैयारियों को लेकर डीएम महाकुंभ नगर विजय किरन आनंद ने अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए हैं। सड़क स्वच्छता अभियान और शटल बसों के संचालन के लिए मार्गों का निर्धारण किया जा रहा है।

### 1999 रुपए में बिक रहीं महाकुंभ में महिलाओं के कपड़े बदलने व नहाने की तस्वीरें

**प्रयागराज**। महाकुंभ क्षेत्र में महिलाओं के कपड़े बदलने और नहाने की तस्वीर सोशल मीडिया पर बेची जा रही है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए महाकुंभ क्षेत्र के थाना कोतवाली कुंभ में पुलिस ने 11 सोशल मीडिया चैनलों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक एफआईआर में बताया गया है कि कुंभ क्षेत्र में महिलाओं के स्नान के बाद कपड़े बदलने की तस्वीर सोशल साइट टेलीग्राम पर 1999 रुपए में बेची जा रही हैं। पुलिस को सोशल साइट से ही इस बारे में जानकारी मिली और उसके बाद पुलिस ने संज्ञान लेते हुए एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में जांच जारी है। बताया जा रहा है कि ये वीडियो तब रिकॉर्ड किए गए जब महिलाएं त्रिवेणी संगम में स्नान कर रही थीं या कपड़े बदल रही थीं। चौंकाने वाली बात यह है कि ये वीडियो टेलीग्राम पर बेचे जा रहे हैं और मेटा के प्लेटफॉर्म पर भी मौजूद हैं। एफआईआर में पुलिस ने लिखा है कि अवगत कराना है कि सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान पता चला है कि महाकुंभ में महिलाओं की निजता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। नहाने और कपड़े बदलने के दौरान महिलाओं और लड़कियों की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया टेलीग्राम पर शेयर किए गए हैं। कुछ तस्वीरों को अन्य आपत्तिजनक कंटेंट बेचने के लिए टीजर के तौर पर इस्तेमाल किया गया है। जहां उनकी आध्यात्मिक यात्रा को गोपनीयता के उल्लंघन का सामना करना पड़ा।



# कांग्रेस और राहुल गांधी का भारत विरोधी रुख बेहद चिंताजनकः भाजपा

एजेंसी। नई दिल्ली



यूएसएड मामले पर भाजपा ने लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए उनपर देश के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया। भाजपा ने कहा कि राहुल गांधी संविधान की शपथ लेकर भी ऐसा काम कर रहे हैं। कांग्रेस और राहुल का भारत विरोधी रुख बेहद चिंताजनक है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय चुनावों को प्रभावित करने को लेकर अमेरिकी सहायता के बारे में डोनाल्ड ट्रम्प के दावों का हवाला देते हुए कांग्रेस को कटघरे में खड़ा कियाा। भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने मजबूत निर्णायक शासन देखा है। राहुल गांधी इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते। वे भारत, इसके संविधान और इसके नागरिकों को धोखा दे रहे हैं। भाटिया ने कहा कि राहुल और कांग्रेस का भारत विरोधी रुख बेहद चिंताजनक हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बयान दिया था जिसमें बताया गया था कि कैसे यूएसएड फंडिंग का इस्तेमाल भारत की चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने के लिए किया जा रहा था। लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कई देशभक्त पत्रकारों और संगठनों से चिंता जताई थी कि विदेशी ताकतें भारत के चुनावों में हस्तक्षेप करना चाह रही हैं। इस हस्तक्षेप का उद्देश्य दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता मोदी को हटाना और देश के गौरव को कमजोर करना था। भाजपा प्रवक्ता भाटिया ने कहा कि 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर इसलिए दिए गए क्योंकि भारत की चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने और मोदी को हटाने का प्रयास किया गया था। कुछ समाचार पत्र और मीडिया इसे गलीचे के नीचे छिपाकर कवर करने की कोशिश कर रहे हैं। स्वंय अमेरिकी राष्ट्रपति ने स्पष्ट रूप से यह कहा है और उनसे बेहतर जानकारी किसी के पास नहीं हो सकती है। भाजपा प्रवक्ता भाटिया ने कहा कि सोनिया गांधी एफडीएलएपी (एशिया-प्रशांत में फेडरेशन फॉर डेमोक्रेसी एंड लिबर्टी) की सह-अध्यक्ष थीं। भाजपा ने इस मंच पर सवाल उठाए थे। हमने पूछा, जब वह एफडीएलपी की सह-अध्यक्ष थीं तो कश्मीर को स्वतंत्र करने का सुझाव देने वाले प्रस्ताव क्यों पारित किए जा रहे थे? जब हम भारत की अखंडता को मजबूत करने के लिए अनुच्छेद 370 में संशोधन कर रहे थे तो सोनिया गांधी कथित तौर पर एक बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं, जहां कश्मीर को भारत से अलग करने की वकालत के लिए एक प्रस्ताव पारित किया गया था।

### सोनिया गांधी को अस्पताल से मिली छुट्टी



**नई दिल्ली**। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी को शुक्रवार को दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल से छुट्टी मिल गई। उनको गुरुवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पार्टी सूत्रों के अनुसार, सोनिया गांधी को पेट में संक्रमण और नियमित जांच के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार सुबह डॉक्टरों ने उन्हें छुट्टी दे दी। उनकी गुरुवार सुबह नियमित जांच हुई थी, लेकिन पेट में मामूली संक्रमण के कारण उन्हें एक दिन के लिए भर्ती कराना पड़ा। वह अस्पताल में डॉक्टरों की एक टीम की निगरानी में थीं।

# विदेश मंत्रालय ने अमेरिका से हो रही फंडिंग की रिपोर्टों पर जताई चिंता

एजेंसी। नई दिल्ली



विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी सरकार की ओर से भारतीय संस्थाओं और व्यक्तियों को धन मुहैया कराए जाने संबंधी रिपोर्टों पर गहरी चिंता व्यक्त की है। इस मामले में संबंधित विभाग और एजेंसियां गौर कर रही हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय संस्थाओं को धन मुहैया कराए जाने संबंधी रिपोर्टों से भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप की चिंता उपजती है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग और एजेंसियां मामले पर गौर कर रही हैं। इस संबंध में अभी कोई सार्वजनिक टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। आने वाले दिनों में इस संबंध में और जानकारी उपलब्ध करायी जाएगी। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एलन मस्क और दक्षता विभाग की विदेशों में की गई फंडिंग कार्रवाई की प्रशंसा की थी। उन्होंने कहा था कि भारत के मतदान में लोगों की भागीदारी बढ़ाने से अमेरिका का क्या लेना-देना है। उन्होंने संभावना व्यक्त की थी कि तत्कालीन प्रशासन भारत में किसी और (नरेन्द्र मोदी के अलावा) का चुनाव चाहता था। ट्रम्प के इस बयान के बाद से ही भाजपा और कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। भाजपा का आरोप है कि वर्ष 2024 के आम चुनाव में विपक्ष और तात्कालीन अमेरिकी सरकार और जॉर्ज सोरोस के बीच सांठगांठ थी। दूसरी ओर कांग्रेस ने ट्रम्प के बयान को वाहियात बताते हुए सरकार से इस मुद्दे पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है। इस बीच कुछ मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यूएसएड की ओर से भारत के लिए कोई धन आवंटित नहीं किया गया था। धन आवंटन असल में बांग्लादेश के लिए था। उधर राष्ट्रपति ट्रम्प ने पूरे प्रकरण में अपने पुराने कथन को दोहराते हुए कहा कि यह वास्तव में रिश्वतखोरी या दलाली दोनों का मामला था।

# पाक से दोस्तीः मॉस्को से कराची तक ट्रेन चलाएगा रूस

एजेंसी। नई दिल्ली



भारत और रूस की दोस्ती काफी पुरानी है, कई मौकों पर दोनो ही देश दोस्ती का फर्ज निभाते दिखे हैं। लेकिन अब यही रूस भारत के कट्टर दुश्मन देश पाकिस्तान से गहरी दोस्ती दिखा रहा है। ये दोस्ती भारत के लिए एक मैसेज भी हो सकती है। पाकिस्तान और रूस अगले महीने से डायरेक्ट ट्रेन सर्विस शुरू करने जा रहे हैं। पाकिस्तान रेलवे फ्रेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुफियान सरफराज डोगर ने इसकी घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि इस साल 15 मार्च तक रूस के लिए एक अंतरराष्ट्रीय मालगाड़ी सेवा शुरू होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा है कि मालगाड़ी सर्विस शुरू करने का मकसद ईरान, तुर्कमेनिस्तान, कजाकिस्तान और रूस के साथ क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा देना है। सुफियान सरफराज डोगर ने पाकिस्तान के व्यापारिक समुदाय, खास तौर पर ऑल पाकिस्तान टेक्सटाइल मिल्स एसोसिएशन के सदस्यों से नई सेवा के लिए कंटेनरीकृत कार्गो की मांग की है। सुफियान सरफराज डोगर ने कारोबारियों से बात करते हुए कहा है कि मालगाड़ी सर्विस कासिम इंटरनेशनल कंटेनर टर्मिनल और पाकिस्तान इंटरनेशनल कंटेनर टर्मिनल से ऑपरेट होगी। इस मालगाड़ी में 22 टन और 44 टन के कंटेनर जोड़े जाएंगे। पाकिस्तान का कहना है कि यह रेल संपर्क, क्षेत्रीय व्यापार बुनियादी ढांचे में एक महत्वपूर्ण कदम है। पाकिस्तान में ताफ्तान स्टेशन इंटरनेशनल कॉरिडोर के साथ माल ले जाने के लिए मुख्य प्रवेश बिंदु के रूप में काम करेगा। पाकिस्तानी अधिकारी ने पुष्टि की है, कि ताफ्तान एंट्री प्वाइंट पर सीमा शुल्क अधिकारियों की तैनाती से संबंधित मुद्दों को लगभग हल कर लिया गया है। एप्टमा के अध्यक्ष कामरान अरशद ने पाकिस्तान के कपड़ा उद्योग से इस रेल नेटवर्क का फायदा उठाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान का लक्ष्य अगले पांच सालों में कपड़ा उद्योग से निर्यात को 50 अरब डॉलर तक पहुंचाना है। इसके अलावा पाकिस्तान ने रूस के साथ कारोबार बढ़ाने के लिए कई और प्रोजेक्ट को लाने का आह्वान किया है। जिसमें ऊरान की तरफ कारोबार समझौता करने और दोनों देशों के बीच बैंकिंग सर्विस को मजबूत करने की बात कही है।

### भीड़ के चलते अब रेलवे जनरल टिकट के नियमों में करने जा रहा बदलाव

**नई दिल्ली** । ट्रेन से करोड़ों लोग रोज सफर करते हैं। इनमें से कुछ लोग आरक्षित कोचों में सफर करते हैं। तो वहीं कुछ लोग जनरल कोचों में। आरक्षित कोचों में सफर के लिए बुकिंग करनी होती है। इनमें थर्ड एसी, सेकेंड एसी, फर्स्ट एसी, एसी चेयर कार, स्लीपर और सेकेंड सिटिंग जैसे कोच होते हैं। वहीं जनरल कोच होता है जिसमें तुरंत टिकट लेकर सफर किया जाता है। लेकिन अब रेलवे ने जनरल टिकट पर सफर करने वाले यात्रियों के लिए नियम बदलने जा रहा है। कुछ दिनों पहले यात्रियों की बहुत भीड़ होने के चलते नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई थी। इस हादसे में 18 लोगों ने जान चली गई थी। अब इस हादसे की जांच चल रही है, लेकिन इसी बीच खबर आ रही है कि अब जनरल टिकट लेकर सफर करने वालों के लिए रेलवे नियमों में बदलाव करने जा रहा है। कहा जा रहा है कि रेल मंत्रालय अब जनरल टिकट बुकिंग के क्राइटेरिया को बदलने पर विचार कर रहा है। अब जनरल टिकट में ट्रेनों के भी नाम दर्ज किए जा सकते हैं। बता दें फिलहाल ऐसा नहीं है।

### आंध्र प्रदेश के लाल मिर्च उत्पादकों को राहत देने के लिए आईसीएआर भेजेगा विशेषज्ञों का दल

**नई दिल्ली**। आंध्र प्रदेश के लाल मिर्च उत्पादक किसानों के हित में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू से वीडियो कांफ्रेंसिंग के बाद शुक्रवार को कृषि भवन में एक समीक्षा बैठक बुलाई। इस बैठक में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण की बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस) के कार्यान्वयन के लिए आंध्र प्रदेश सरकार के प्रस्ताव पर चर्चा हुई और विस्तृत विचार-विमर्श के बाद किसानों को राहत देने के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने वरिष्ठ अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में यह भी तय किया गया कि आईसीएआर आंध्र प्रदेश में मिर्च के खेतों का दौरा करने के लिए एक विशेषज्ञ दल भेजेगा, जो कीट संक्रमण के कारण फसल को हुए नुकसान का अध्ययन करेगा तथा प्रभावी आईपीएम उपाय सुझाएगा। बैठक में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू तथा केंद्रीय कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी सहित केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारी शामिल हुए।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शनिवार, 22 फरवरी, 2025



## संक्षिप्त समाचार

### सूर्यकांत त्रिपाठी की जयंती पर बाबूलाल ने किया नमन



**एजेंसी :रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कवि और उपन्यासकार सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की जयंती पर उन्हें नमन किया है। मरांडी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि हिंदी कविता के छायावादी युग के प्रमुख स्तंभ, सुप्रसिद्ध कवि और उपन्यासकार सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की जयंती पर उन्हें सादर नमन किया है।

### दक्षिणी , मध्यवर्ती जिलों में 22 को बारिश और ओलावृष्टि

**एजेंसी :रांची।** राज्य के कई जिलों में शनिवार को भी मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। राज्य के जिन इलाकों में शनिवार को हल्की बारिश और ओलावृष्टि की सम्भावना है उनमें राज्य के दक्षिणी जिले पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां शामिल है। साथ इन जिलों से सटे मध्यवर्ती जिलों रांची, खूंटी और गुमला में भी हल्की बारिश और वज्रपात होने की सम्भावना है। वहीं शुक्रवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और तेज धूप खिली रही। इससे दोपहर में थोड़ी गर्मी का भी एहसाह हुआ। हालांकि गुरुवार हुई हल्की बारिश से वातावरण में नमी देखा गया। इससे सुबह में ठंड महसूस हुई। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि शनिवार को मौसम गुरुवार की तुलना में कुछ ठीक रहेगा। लेकिन हल्की बारिश और वज्रपात की सम्भावना है। वहीं रांची में शुक्रवार को अधिकम तापमान 26.6, जमशेदपुर में 27, डालटेनगंज में 32.4 डिग्री और बोकारो में अधिकतम तापमान 30.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

### उग्रवाद उन्मूलन की दिशा में झारखंड जगुआर ने बनाई अलग पहचान : डीजीपी

**एजेंसी : रांची ।** रांची के टेंडर ग्राम स्थित कैंप में झारखंड जगुआर का 17वां स्थापना दिवस शुक्रवार को मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर डीजीपी अनुराग गुप्ता शामिल हुए। इस मौके पर डीजीपी गुप्ता ने कहा कि एसटीएफ ने राज्य में उग्रवाद उन्मूलन की दिशा में सफलतापूर्वक कार्रवाई करते हुए पिछले 17 साल में एक नई बुलंदी हासिल की है। इन 17 वर्षों के सफर में कई वीर जवानों को खोया है। उन्होंने राज्य में शांति और उन्नति के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर बलिदानी जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में आईजी अनुप बिरथरे ने कहा कि झारखंड जगुआर के विगत 17 सालों में उग्रवाद उन्मूलन की दिशा में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। चाहे पारसनाथ की ऊंची पहाड़ियां हो या सारंडा के घने जंगल, चाहे बूढ़ा पहाड़ का दुरूह इलाका हो अथवा पारसनाथ पहाड़ का दुर्गम क्षेत्र, झारखंड जगुआर ने अपनी शौर्यपूर्ण उपस्थिति सभी जगह दर्ज कराई है। पिछले 17 वर्षों में इस बल ने अनेक अभियानों में सफलता हासिल की है। इसमें झारखंड जगुआर के विभिन्न वर्गों द्वारा 297 नक्सलियों की गिरफ्तारी की गई है और विभिन्न अभियानों के दौरान 34 दुर्दान्त उग्रवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया है। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस के इस अवसर पर झारखंड जगुआर के 23 शहीद पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों के शहादत को नमन करते हुए उनके गृह जिला जाकर उनके परिवारों को सम्मानित किया गया। अवसर पर झारखंड जगुआर मुख्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। उल्लेखनीय है कि झारखंड में वामपंथी उग्रवाद के उन्मूलन के लिए विशेष बल झारखंड जगुआर (एसटीएफ) का गठन साल 2008 में किया गया था।



### पलामू महिला शक्ति से उठी आवाज़ कानून बनेगा : भानु प्रताप शाही



**एजेंसी : पलामू ।** डालटनगंज के होटल ज्योतिलोक के सभागार में पलामू चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज लेडीज विंग की ओर से शुक्रवार को 'वन नेशन वन इलेक्शन' पर डिबेट रखा गया, जिसमें काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भवनाथपुर के पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही, मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर, भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, भाजपा युवा मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कृष्लय तिवारी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चेंबर विंग की अध्यक्ष प्रियंका सिंघानिया ने कहा हमारे देश में कई बार चुनाव होते हैं, जिसमें देश का समय, पैसा और श्रम बर्बाद होता जिसे बचाने की जरूरत है ताकि इन सब चीजों का देश के विकास में काम आ सके। मुख्य अतिथि भानु प्रताप शाही ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि पलामू महिला शक्ति से उठी आवाज़ कानून बनेगा। शाही ने चेंबर महिला विंग की सराहना की और कहा महिला विंग ने एक ज्वलंत समस्या पर डिबेट किया और संभवतः भारत में वन नेशन वन इलेक्शन पर यह किसी सामाजिक संस्था द्वारा उठाया गया पहली पहल होगी जिसके लिए चेंबर महिला विंग एवं यहां की प्रथम महापौर अरुणा शंकर बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि देश में इस कानून की आवश्यकता है जिससे श्रम, समय और पैसा अनायास बर्बाद होने से बचाई जा सके और देश का विकास में उस पैसे को लगाया जा सके। शंकर ने कहा भारत सरकार को जल्द इसे कानून का रूप देना चाहिए और मुझे खुशी है कि इस कानून के लिए महिलाओं ने आवाज बुलंद की है, जो एक मिसाल बनेगा। महिला विंग की अध्यक्ष प्रियंका सिंघानिया ने सैकड़ो महिलाओं से हस्ताक्षर करा कर वन नेशन वन इलेक्शन के प्रस्ताव को महिलाओं के हस्ताक्षर के साथ पारित करते हुए भानु प्रताप शाही को सौंपा, ताकि महिलाओं की आवाज ऊपर तक भेजी जा सके। चेंबर सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने अपनी बातों को रखते हुए कहा कि हम सबों को सोशल मीडिया के माध्यम से भी अपनी आवाज को बुलंद करनी चाहिए, ताकि वन नेशन वन इलेक्शन का कानून जल्द स्वरूप ले सके। भाजपा अध्यक्ष अमित तिवारी एवं कृष्लय तिवारी ने इस कानून को बनाने में पूरे झारखंड से आवाज बुलंद करने की बात कही। कार्यक्रम में चेंबर महिला विंग की सचिव शिखा अग्रवाल, आरती आनंद, कोमल अग्रवाल, अंजू वर्मा एवं भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी। कार्यक्रम की शुरुआत रेखा गुप्ता को देश की राजधानी दिल्ली के मुख्यमंत्री बनाए जाने पर महिलाओं ने केक काटकर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर प्रथम महापौर ने कहा कि हम महिलाओं को फक्र है कि देश की राजधानी का नेतृत्व एक महिला के हाथों सौंपा गया। आने वाले समय में देश के कोने कोने में महिलाओं का नेतृत्व नजर आएगा।

# अमन श्रीवास्तव की जमानत याचिका हाईकोर्ट ने खारिज की

एजेंसी:रांची




**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में हजारीबाग के गिद्दी थाने में दर्ज आर्म्स एक्ट मामले में आरोपित अमन श्रीवास्तव की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट के आदेश के तहत हजारीबाग एसपी सशरीर उपस्थित हुए। अदालत को बताया गया कि मामले में अनुसंधानकर्ता (इन्वेस्टिगेटिंग ऑफिसर) की गवाही पूरी कर ली गई है। गवाही के दौरान कई तारीखों पर उनकी अनुपस्थिति को लेकर स्पष्टीकरण मांगा गया था। याचिकाकर्ता की ओर से जमानत याचिका वापस लेने का अनुरोध किया गया, जिसे हाईकोर्ट ने स्वीकार करते हुए याचिका खारिज कर दी।इस मामले में कोर्ट के निर्देश पर हजारीबाग के सब डिविजनल पुलिस ऑफिसर (एसडीपीओ) ने जवाब दाखिल किया था, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज करते हुए नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा कि कि हजारीबाग एसपी को मामले मे शपथ पत्र दाखिल कर बताना था कि गवाही में अनुपस्थित रहने वाले अनुसंधानकर्ता के खिलाफ क्या एक्शन लिया गया है। गौरतलब है कि मामले में सिर्फ अनुसंधानकर्ता की ही गवाही बची थी। नवंबर 2024 से उनकी गवाही नहीं हो पा रही है, जिससे ट्रायल पूरा नहीं हो सका है। पूर्व की सुनवाई में हाईकोर्ट ने हजारीबाग एसपी से स्पष्टीकरण मांगा था कि दो माह से अधिक समय बीतने के बाद भी अनुसंधानकर्ता गवाही के लिए उपस्थित क्यों नहीं हो रहे हैं। ऐसे में अनुसंधानकर्ता पर क्या कार्रवाई की गई है। इस पर हजारीबाग एसपी ने जवाब दिया कि अनुसन्धानकर्ता की तबीयत खराब थी, जिसके कारण अनुसंधानकर्ता गवाही देने नहीं जा सके थे। हालांकि, अगली तिथि में वे गवाही देने जाएंगे। इस मामले में अमन श्रीवास्तव सहित आठ आरोपितों के खिलाफ आर्म्स एक्ट में गिद्दी थाना में कांड संख्या 9/ 2021 दर्ज की गई थी। मामले में अमन श्रीवास्तव को छोड़कर अन्य आरोपित को जमानत मिल चुकी है। मामले में संजय नामक एक व्यक्ति के पास से पुलिस ने ऑटोमेटिक पिस्टल बरामद किया था। उसने अमन श्रीवास्तव गैंग के लिए इस ऑटोमेटिक पिस्टल को रखने की बात कही थी।

## आईएएस पूजा सिंघल को बड़ी राहत, विभाग नहीं देने की मांग वाली ईडी की याचिका खारिज

एजेंसी:रांची

**रांची ।** रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने ईडी की ओर से दाखिल उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें ईडी ने कोर्ट से यह आग्रह किया था कि पूजा सिंघल को कोई विभाग ना दिया जाये। इस आदेश से पूजा सिंघल को बड़ी राहत मिली है। ईडी और पूजा सिंघल की ओर से बहस पूरी करने के बाद कोर्ट ने शुक्रवार को अपना फैसला सुनाया है। ईडी ने कोर्ट में याचिका दाखिल कर यह कहा कि अगर पूजा सिंघल को राज्य सरकार किसी विभाग की जिम्मेदारी देती है तो वह अपने पद का दुरुपयोग कर केस को प्रभावित कर सकती हैं, लेकिन कोर्ट ने यह माना है कि पूजा सिंघल को पोस्टिंग देने का अधिकार राज्य सरकार को है और कोर्ट इसमें हस्तक्षेप नहीं करेगा। कोर्ट ने जो शर्तें लगाई थीं, वे पहले ही काफी हैं और कोर्ट को और शर्तें जोड़ने की जरूरत महसूस नहीं होती। उल्लेखनीय है कि मनरेगा घोटाला की आरोपित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने 11 मई 2022 को गिरफ्तार किया था। इससे पहले पांच मई 2022 को ईडी ने पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस छापेमारी में ईडी को बेहिसाब पैसे और अन्य जगहों पर इन्वेस्टमेंट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी। ईडी की छापेमारी के दौरान



पूजा सिंघल के सीए सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ रुपये नकद बरामद हुई थी। पूजा सिंघल को दिसंबर महीने की 7 तारीख को बीएनएस कानून के तहत जेल से रिहा किया गया है। हालांकि वह अब भी मनी लॉन्ड्रिंग केस में अभियुक्त हैं, लेकिन कानूनी प्रावधानों के अनुसार, जेल से बाहर रहने के दौरान उनका सस्पेंशन खत्म किया जा चुका है। फिलहाल सरकार ने पूजा सिंघल को सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग की सचिव बनाया है।

## डीजीपी ने की सहारा ग्रुप से संबंधित दर्ज कांडों की समीक्षा




एजेंसी:रांची

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में सहारा ग्रुप से संबंधित दर्ज कांडो की समीक्षा की। डीजीपी ने एडीजी सुमन गुप्ता, आईजी असीम विक्रांत मिंज समेत अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में अपराध अनुसंधान विभाग के जरिये सहारा ग्रुप से संबंधित कांडों का किये जा रहे अनुसंधान के मद्देनजर व्यापक रूप से समीक्षा बैठक की। समीक्षा के क्रम में डीजीपी द्वारा सहारा ग्रुप से संबंधित लंबित कांडों में त्वरित गति से अनुसंधान करते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाने का सार्थक प्रयास करने, अनुसंधान के क्रम में अनुसंधानकर्ता को आधुनिक तकनीक और डेटा विश्लेषण उपकरणों का प्रयोग करने, काण्डों के पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये साक्ष्य का गहराई से विश्लेषण कर दोषियों पर यथाशीघ्र कार्रवाई करने और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास सुनिश्चित करने का निर्देश दिया ।

## मुख्य सचिव ने राज्य में पोस्ते की फसल को पूर्णत : नष्ट करने के दिए निर्देश

एजेंसी:रांची



राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने प्रदेश में पोस्ते की फसल की सौ फीसदी विनष्टीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पोस्ते की खेती के खिलाफ इस अभियान को 15 मार्च तक जारी रखने का निर्देश देते हुए अभियान से जुड़े अधिकारियों को आपसी समन्वय को और मजबूत करने को कहा है। मुख्य सचिव अलका तिवारी यहां शुक्रवार को पोस्ते की खेती के खिलाफ दो माह पहले अपनी अध्यक्षता में हुई बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा कर रही थीं। समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि पोस्ते की खेती के खिलाफ अभियान के दौरान कुल 19,086 एकड़ में लगी फसल को नष्ट किया गया है, जो पिछले कुछ वर्षों से चार गुणा अधिक है। सबसे अधिक खूंटी में 10,520 एकड़ में लगी पोस्ते की फसल को नष्ट किया गया है। दूसरे स्थान पर रांची जिला है, जहां 4624 एकड़ में लगी पोस्ते की फसल नष्ट की गई है। सबसे कम पलामू में 396 एकड़ में लगे पोस्ते के पौधे को नष्ट किया गया है। बैठक में बताया गया कि कुछ जगहों पर अभी भी पोस्ते की फसल को नष्ट करना बाकी है, जहां स्पेशल ड्राइव चलाकर कार्रवाई चल रही है। गौरतलब है कि पोस्ते की खेती से झारखंड के कुल आठ जिले चतरा, खूंटी, लातेहार, रांची, पलामू,चाईबासा, सरायकेला और हजारीबाग प्रभावित हैं। पोस्ते की फसल के विनष्टीकरण के दौरान कुल 283 कांड और 958 सनहा दर्ज किये गये है। इस संदर्भ में कुल 190 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि जितने कांड दर्ज हुए हैं, सभी में ज्यादा से ज्यादा गिरफ्तारी और उन्हें सजा दिलाने पर फोकस करें। उन्होंने विनष्टीकरण की प्रक्रिया में जरूरी संसाधनों का वास्तविक आकलन करने पर बल देते हुए कहा कि जरूरी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान मुख्य सचिव ने एक बार फिर पोस्ते की खेती के खिलाफ जनजागरूकता पर बल दिया। उन्होंने पोस्ते की खेती को हतोत्साहित करने के लिए लोगों को फसल के अन्य विकल्पों से जोड़ने को जरूरी बताया। बैठक में डीजीपी अनुराग गुप्ता ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे वन विभाग के पोस्ते की खेती को लेकर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट को आधार बना कर संबंधित लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज करें। समीक्षा बैठक में गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना डाडेल, कृषि सचिव अबु बक्कर सिद्धीक, पंचायती राज विभाग के सचिव विनय कुमार चौबे समेत संबंधित प्रमंडलों के आइजी, संबंधित जिलों के एसपी और डीसी समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# झारखंड विधानसभा बजट सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक, भाजपा-आजसू रहे अनुपस्थित

एजेंसी:रांची



झारखंड विधानसभा के बजट सत्र को लेकर विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में भाजपा और आजसू ने हिस्सा नहीं लिया। बैठक में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, विधायक प्रदीप यादव, लोजपा विधायक जनार्दन पासवान, राजद विधायक सुरेश पासवान और जदयू विधायक सरयू राय शामिल हुए। बैठक के बाद विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने कहा कि सदन के सुचारू संचालन के लिए विपक्ष का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष की गैर-मौजूदगी पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे सदन के संचालन में कठिनाई होती है। उन्होंने कहा, "गाड़ी के दो पहियों में से एक न हो तो तकलीफ होगी ही।"विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि भाजपा को बैठक में शामिल होने के लिए पत्र भेजा गया था, लेकिन पार्टी के किसी भी प्रतिनिधि ने इसमें भाग नहीं लिया। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि मूल बजट पर दो दिनों तक चर्चा होगी और तीन मार्च को बजट पेश किया जाएगा।बैठक के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भाजपा विधायक दल के नेता को लेकर सवाल किया गया, जिस पर उन्होंने कहा, "भाजपा वाले विधायी प्रक्रिया अच्छे से जानते हैं। इसपर मुझसे क्या सुनना चाहते हैं? यह सत्र चलेगा और उम्मीद है कि सभी सदस्य अपने क्षेत्र और राज्य के मुद्दों को सदन में रखेंगे।"

## बाइकसवारों ने महिला से छीने डेढ़ लाख रुपये



एजेंसी:रांची

धुर्वा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक महिला से डेढ़ लाख रुपये की छीन लेने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई।पुलिस बदमाशों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है। जानकारी के अनुसार महिला बिन्दु देवी अपने देवर के साथ धुर्वा स्थित एसबीआई बैंक गयी थी। उसे अपनी बेटी का नर्सिंग में एडमिशन करवाने के लिए पैसे निकालने थे। बैंक से डेढ़ लाख रुपये निकालने के बाद वह घर जा रही थी, इसी दौरान पहले से घात लगाये पल्सर बाइकसवार अपराधियों ने बिंदु देवी के पैसे झपट्टा मारकर छीन लिये और फरार हो गये। थाना प्रभारी ने बताया कि अपराधियों की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## माता-पिता का प्यार पाने नानी घर से पैदल निकल पड़े भाई-बहन, पुलिस ने पहुंचाया घर

एजेंसी : रामगढ़

धरती पर मां का दर्जा ईश्वर से भी ऊपर है। ऐसा इसलिए कहा जाता है कि किसी भी बच्चे को उसकी मां से ज्यादा कोई प्यार नहीं कर सकता। रामगढ़ में भी शुक्रवार को एक ऐसा वाकया हुआ। यहां मां से मिलने दो अबोध बच्चे अपने नानी घर से पैदल निकल पड़े। यह दोनों और कोई नहीं सगे भाई बहन थे। सात वर्षीया होलिका कुमारी और चार वर्षीय आलोक कुमार बूढ़ाखुकरा गांव में अपने नानी के घर में रहकर पढ़ाई कर रहे थे। शुक्रवार की दोपहर नानी घर से होलिका और आलोक का मन उचट गया। वे अपने माता-पिता से मिलने के लिए अपने गांव दोहाकातू पैदल ही निकल पड़े। कुछ दूर चलने के बाद रामगढ़-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर चुट्टूपालू घाटी के गड़के मोड पर वे रास्ता भटक गए और रोने लगे। सड़क किनारे गन्ने का जूस बेच रहे व्यक्ति ने उन्हें रोका और उन्हें चुप कराया। उसी व्यक्ति ने पुलिस को दोनों बच्चों की खबर दी। पेट्रोलिंग में मौजूद सब इंस्पेक्टर जॉनी ने दोनों बच्चों को गाड़ी में बिठाया और उनकी पहचान कराने में जुट गए।धीरे-धीरे उन्हें होलिका और आलोक के घर का पता मिल गया। दोनों बच्चों को लेकर जब वह दोहाकातू गांव पहुंचे तो पता चला कि उनके माता-पिता मजदूरी करने किसी दूसरे स्थान पर निकले हैं। पुलिस ने दोनों बच्चों के चाचा गुलपा मुंडा और चाची केसिया देवी को सौंप दिया।



# आदिवासी युवाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठा रही सरकार: मुख्यमंत्री

एजेंसी:रांची



मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से शुक्रवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में अंतरराष्ट्रीय संस्था वर्ल्डबीइंग के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी स्टीव लेवेन्थल (यूएसए) ने मुलाकात की। इस दौरान स्टीव ने वर्ल्डबीइंग इंडिया फाउंडेशन की ओर से आदिवासी युवाओं को सशक्त करने और उनके कल्याण की दिशा में किए जा रहे कार्यों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। इस मुलाकात के दौरान वर्ल्डबीइंग इंडिया फाउंडेशन के स्टीव ने आरोहन कार्यक्रम के जरिए आश्रम आवासीय विद्यालयों में शिक्षकों और विद्यार्थियों में आए सकारात्मक बदलावों को भी मुख्यमंत्री के साथ साझा किया। मुख्यमंत्री ने इस अंतरराष्ट्रीय संस्था के इस राज्य के आदिवासी समाज के उत्थान और विकास के लिए किए जा रहे कार्यों को विस्तार से जाना और उसकी सराहना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि झारखंड एक आदिवासी बाहुल्य राज्य है। इस राज्य की आदिवासी युवा पीढ़ी को आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक सहित अन्य सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ाने की दिशा में हमारी सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि इसमें विभिन्न संस्थाओं का सहयोग काफी कारगर साबित हो सकता है। सरकार सभी के सकारात्मक सहयोग से इस राज्य को मजबूत और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी युवा मानसिक रूप से कैसे मजबूत हों, इसमें सरकार आपके द्वारा किए गए कार्यों का गहराई से आकलन कर आगे बढ़ेगी। वर्ल्डबीइंग इंडिया फाउंडेशन की झारखंड प्रभारी सुनीता मुंडा ने कहा कि यहां के आदिवासी युवाओं में सामर्थ्य की कोई कमी नहीं है। विपरीत परिस्थितियों से भी वे लड़ने की पूरी क्षमता रखते हैं। मानसिक रूप से उन्हें थोड़ा मजबूत बनाने की जरूरत है। ऐसे में यह संस्था अपने आरोहन कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी युवाओं को मानसिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में काम कर रही है। वर्ल्डबीइंग इंडिया फाउंडेशन ने मुख्यमंत्री को बताया कि यह संस्था आरोहण के जरिए बिहार की शिक्षा व्यवस्था के साथ जुड़कर काम कर रही है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में भी आरोहण को शिक्षा के मुख्य प्रणाली मैं कैसे शामिल किया जाए, इसके लिए सरकार गंभीरता से विचार करेगी। इस दिशा में झारखंड के शिक्षकों एवं अधिकारियों की टीम को बिहार में आपके द्वारा किए गए कार्यों को देखने के लिए भेजा जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी मौजूद थे।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शनिवार, 22 फरवरी, 2025



## संक्षिप्त समाचार

## हिन्दी भाषा में कार्यालयीन कामकाज को दें बढ़ावा : शालिग्राम

**बीएसएल के सीईडी विभाग में हिंदी कार्यशाला का आयोजन**

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो :** राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार को नई दिशा देने तथा भारत सरकार द्वारा निर्धारित राजभाषा कार्यान्वयन लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु शुक्रवार को सी.ई.डी. विभाग के सभागार में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभाग के मुख्य महाप्रबंधक शालिग्राम सिंह, महाप्रबंधक मो. तस्निम सलाम, महाप्रबंधक (एसआईजीएस) वीके सिंह के साथ विभाग के अधिशासी तथा कर्मचारी उपस्थित थे। बीएसएल के राजभाषा विभाग के प्रतिनिधि के रूप में विभा रानी, वरीय प्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) के साथ कार्यशाला में राजभाषा विभाग की तरफ से डॉ. एनके राय, प्रधानाचार्य (शिक्षा विभाग) उपस्थित थे।

सर्वप्रथम मंचासीन अतिथियों और कार्यशाला में उपस्थित सभी अधिकारियों कर्मचारियों का स्वागत करते हुए सहायक महाप्रबंधक सह विभागीय हिंदी अधिकारी सुश्री ज्योति ने विभाग में राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में प्रगति से संबंधित संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। राजभाषा विभाग के प्रतिनिधि श्री एन के राय ने राजभाषा नियमों और सांविधिक प्रावधानों से जुड़े भारत सरकार की नीति, वार्षिक कार्यक्रमों, निर्धारित वार्षिक लक्ष्यों, विश्वपटल पर हिंदी के बढ़ते चरण आदि विषयों पर विस्तृत रूप से एक प्रस्तुतीकरण दिया और राजभाषा हिंदी का शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना आवश्यक बताया।

मुख्य महाप्रबंधक (सी.ई.डी.) शालिग्राम सिंह ने अपने उद्बोधन में बीएसएल के सिविल अभियंत्रण विभाग की भारत सरकार के राजभाषा नीति के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई और दैनिक कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रभावी प्रयोग को सुनिश्चित करने हेतु सी.ई.डी. कर्मियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने हिंदी के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को रेखांकित करते हुए हिंदी भाषा में कामकाज को बढ़ावा देने की दिशा में सेल राजभाषा विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता, कविता प्रतियोगिता, व्याख्यान प्रतियोगिता एवं पोस्टर/स्केच प्रतियोगिता रखी गई थी। प्रतियोगिता में चयनित श्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

## देशव्यापी हड़ताल की सफलता को ले बोकारो में बैंककर्मियों का प्रदर्शन

**सभी संवर्गों में समुचित बहाली से ही सुधरेगी ग्राहक-सेवा : राघव**

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो :** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के बैनर तले शुक्रवार को चास-बोकारो के सभी बैंक कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने सेक्टर - 4 स्थित बैंक ऑफ इंडिया के समक्ष विशाल प्रदर्शन किया। आगामी 24-25 मार्च को घोषित दोदिवसीय अखिल भारतीय बैंक हड़ताल की सफलता को लेकर आयोजित इस प्रदर्शन में बैंककर्मियों ने अपनी आवाज बुलंद की। यूएफयू के बोकारो जिला उपसंयोजक राघव कुमार सिंह ने कहा कि बैंक में ग्राहक सेवा में निरंतर हो रहे ह्रास एवं ग्राहकों को हो रही अत्यधिक परेशानी से बचने के लिए अविलंब सभी बैंकों में सभी संवर्गों में समुचित बहाली की जाए। इंडियन बैंक एसोसिएशन से यह भी मांग की गई की यूएफबीयू के साथ हुई वार्ताओं में लंबित मुद्दों को अभिलंब सुलझाने की जो बात कही गई थी उन सभी लंबित मुद्दों का सकारात्मक पहल की जाए। पांच दिवसीय बैंकिंग को भी अविलंब बैंकों में लागू किया जाए। प्रदर्शन में महिला बैंक कर्मियों की उपस्थिति भी सराहनीय रही।

श्री सिंह ने कहा कि यदि हमारी मांगों पर जल्द से जल्द ध्यान नहीं दिया गया तथा साथ ही डीएफएस के द्वारा बैंकों में अनावश्य हस्तक्षेप को बंद नहीं किया गया एवं द्विपक्षीय समझौता का उल्लंघन करना बंद नहीं किया गया तो 24 एवं 25 मार्च 2025 को दो दिवसीय हड़ताल तो होगी ही। इसके बावजूद भी यदि सरकार नहीं चेतती है तो हम अपने बैंकों एवं अपने अस्तित्व की रक्षा हेतु संघर्ष को और भी तीव्रतर करेंगे एवं लक्ष्य प्राप्ति के लिए अंतिम दम तक संघर्ष करेंगे।

## शराब का कारोबार दिलाने के नाम पर स्वर्ण व्यवसायी से 27.20 लाख की ठगी

**लुधियाना से महिला ने बोकारो थर्मल के व्यवसायी को जालसाजी में फंसाया**

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी सेंट्रल मार्केट के स्वर्ण व्यवसायी अरविंद कुमार ठाकुर के पुत्र अमित कुमार से शराब का कारोबार दिलाने के नाम पर 27 लाख 20 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। ठगी का शिकार होने के बाद अमित कुमार ने स्थानीय थाना में लिखित आवेदन दिया है और दिए गए आवेदन पर थाना में कांड संख्या 18/2025, बीएनएसएस की धारा 406, 419, 420, 120बी एवं 34 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कांड का अनुसंधानक अनि अजीत कुमार को बनाया गया है। अमित कुमार ने थाना में दिए आवेदन में लिखा है कि उनके मोबाइल पर मोबाइल नंबर- 7717300344 से किसी मानसी शर्मा ने फोन करके कहा कि वह लुधियाना पंजाब से 13 बैरल शराब कंपनी की एमडी बोल रही है और वह अपनी कंपनी के शराब का कारोबार झारखंड में करना चाहती है जिसके लिए वह उनसे लुधियाना आकर संपर्क करें।

मोबाइल पर कई बार की बातचीत के बाद अमित कुमार लुधियाना जाकर भी बात किए। बाद में उनसे मानसी शर्मा एवं उसके सहयोगियों ने उनसे शराब कारोबार के एवज में 27 लाख 20 हजार रुपये उनके गोमिया स्थित एचडीएफसी बैंक की शाखा से ट्रांसफर करवाए। रुपया ट्रांसफर करने के बाद उन्हें जानकारी मिली कि उक्त कंपनी और कंपनी के अन्य लोगों ने इसी प्रकार की ठगी कई अन्य राज्यों में भी की है तो उन्हें भी ठगी कर लिए जाने की बात पता चली। मामले को लेकर इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह का कहना था कि मामले का अनुसंधान के लिए कांड के अनुसंधानक को पंजाब भेजा जाएगा। जांच के बाद पुलिस के द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

# झारखंड में संताली भाषा को प्रथम राजभाषा बनाने की मांग पर आदिवासी सेंगेल अभियान की बाईक रैली








राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारोः** अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर आदिवासी सेंगेल अभियान द्वारा झारखंड में संताली भाषा को प्रथम राजभाषा का दर्जा देने की मांग को लेकर एक भव्य बाईक रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुरुआत बोकारो के जैना मोड़ स्थित तिलका मुर्मू चौक से हुई, जो नयामोड़ होते हुए बिरसा मुंडा चौक से होकर उपायुक्त कार्यालय तक पहुंची। इस रैली का नेतृत्व सेंगेल बोकारो जिला अध्यक्ष सह जोनल हेड सुखदेव मुर्मू ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में शहीद तिलका मुर्मू के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात रैली बिरसा मुंडा चौक पहुंची, जहां शहीद बिरसा मुंडा के चित्र पर भी श्रद्धांजलि दी गई। अंततः रैली उपायुक्त कार्यालय पहुंची, जहां सेंगेल के सात प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम उपायुक्त श्रीमती जाधव विजया नारायण राव के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।

अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में, 21 फरवरी 1952 को बांग्ला भाषा की मान्यता के लिए आंदोलनरत छात्रों की शहादत को याद किया गया। यूनेस्को ने 1999 में इस दिन को मातृभाषा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। वर्तमान में दुनिया की लगभग 40% भाषाएं विलुप्ति के कगार पर हैं, जिनमें आदिवासी भाषाएं सबसे अधिक संकटग्रस्त हैं।

सेंगेल अभियान की मांग है कि झारखंड में सर्वाधिक बोली जाने वाली और संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल संताली भाषा को अनुच्छेद 345 के तहत प्रथम राजभाषा का दर्जा दिया जाए। साथ ही अन्य आदिवासी भाषाओं जैसे — हो, मुंडा, खड़िया और कुड़ुख के संरक्षण और संवर्धन के लिए भी कदम उठाए जाएं।

रैली में बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय संयोजक हराधन मार्डी, प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण मुर्मू, प्रदेश संयोजक करमचंद हांसदा, जयराम सोरेन, सुगदा किस्कू और महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ललिता सोरेन प्रमुख रूप से शामिल थे।

सेंगेल अभियान ने सरकार से अनुरोध किया है कि इस मांग को केवल वोट बैंक की राजनीति के रूप में न देखा जाए, बल्कि आदिवासी समाज की सांस्कृतिक अस्मिता और अधिकारों के संरक्षण की दृष्टि से उचित कदम उठाए जाएं। तभी वीर शहीद सिदो मुर्मू और बिरसा मुंडा के "आबुआ दिशोम, आबुआ राज" के सपने को साकार किया जा सकेगा।

**ज्ञापन पत्र सौंपने वाले सात प्रतिनिधि मंडलः** केन्द्रीय संयोजक हराधन मार्डी, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण मुर्मू, झारखंड प्रदेश संयोजक करमचंद हांसदा, जयराम सोरेन, सुगदा किस्कू, सेंगेल महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ललिता सोरेन आदि।

**बाईक रैली में शामिल प्रमुख लोगः** बोकारो जिला संयोजक गोपीनाथ मुर्मू, पेटरवार सेंगेल विडियो विजय मरांडी, कालीचरण किस्कू, संजय टुडू, राजेश मुर्मू, भुटेल टुडू, करमचंद मुर्मू, उपेंद्र हेम्बरम, विजय मार्डी, बुटान बेसरा, कृष्णा किस्कू, नमिता टुडू, सोनी मुर्मू, जगदीश हांसदा, जागेश्वर मुर्मू, विशेश्वर मुर्मू, हरीशचंद्र मुर्मू, लालचंद टुडू, मोहन सोरेन, हरिनारायण मुर्मू, सूरजमनी सोरेन, पद्मा सोरेन, संजय बास्के, पानमती बास्के आदि महिला और पुरुष शामिल थे।

## बीएसएल में संवाद से प्रगति कार्यक्रम आयोजित

**श्रमिकहित व एचआर संबंधी योजनाओं से अवगत हुए इस्पातकर्मी**



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** बीएसएल के शॉप कार्मिक के द्वारा कार्यस्थल पर मानव संसाधन संबंधित संवाद से प्रगति नामक कार्यक्रम की एक श्रृंखला शुरू की गई है। इसी कड़ी में शुक्रवार को आरएमपी, सिंटर प्लांट, एस एम एस - 2 एवं सीसीएस, सीआरएम - 1 एवं 2, सीआरएम - 3 विभाग में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एमआईबी (मेडिकल इनवेलिडेशन बोर्ड), सामूहिक बीमा योजना, शिकायत पोर्टल, बायोमेट्रिक प्रणाली, एचसीएम-प्रखर तथा नए एचआरएमएस मॉड्यूल, संविदा कर्मियों का मेडिकल चेकअप, श्रम उत्पादकता, सेल/बीएसएल की विस्तार योजना, कर्मचारी सहायता (ईएपी), सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता जैसे मुख्य विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

विभिन्न विभागों में आयोजित कार्यस्थल पर मानव संसाधन सम्बंधता - "संवाद से प्रगति" कार्यक्रम में प्रत्येक विभाग से लगभग 35 कर्मचारियों ने भाग लिया और सभी ने अपने प्रश्नों को स्पष्ट करने और उस पर मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए सक्रिय रूप से भाग लिया। शॉप कार्मिक में कार्यरत अधिशासियों के द्वारा कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया। इस प्रकार का संवाद कार्यक्रम मानव संसाधन के प्रगति के बारे में बोकारो इस्पात संयंत्र की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## युवाओं को उनका अधिकार दिलाने को कटिबद्ध है युवा लायंस फोर्स : शर्मा

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**चिटाहीटांड़ गांव के युवाओं व बच्चों में खेल सामग्री वितरित**



**बोकारो :** युवा लायंस फ़ोर्स के सदस्यता अभियान के दौरान इलेक्ट्रोस्टील (वेदांता) फोरलेन पर स्थित मुंधनीय पंचायत के चिटाहीटांड़ गांव में फ़ोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष सह युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष देव शर्मा ने गांव के बच्चों एवं युवाओं के लिए खेल सामग्री वितरित की। उन्होंने कहा कि हमारे चास चंदनकियारी के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। कमी है तो सिर्फ़ इन्हें तराशने की जो हम सभी नेताओं, समाजसेवियों तथा वेदांता प्रबंधन का भी काम हैं। आज कहीं न कहीं हमारे हजारों युवा, जो केवल सही मार्गदर्शन न मिलने के कारण मजबूरन अपने हुनर को छोड़ अपने परिवार के भरण पोषण के लिए या तो कोई छोटी-मोटी नौकरी या तो दूसरे राज्य में पलायन कर जाते हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा राज्य में कांग्रेस और जेएमएम की गांव की सरकार है। उन्होंने युवाओं से अपने क्षेत्र में बेहतर करने की प्रेरणा दी। साथ ही कहा कि युवा लायंस फोर्स युवाओं को उनका अधिकार दिलाने की दिशा में कटिबद्ध है। उन्होंने

सकारात्मक विश्वास दिलाते हुए अपने स्तर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने वेदांता प्रबंधन से भी तालगड़िया रोड और अपने अगल-बगल के गांवों के युवाओं को ज़्यादा से ज़्यादा नियोजन और ध्यान देने की मांग की, जिससे लोगो का प्रबंधन के प्रति सकारात्मक रवैया बना रहेगा। इस क्रम में दर्जनों युवाओं ने युवा लायंस फोर्स का दामन थामा।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**धनबादः** महानपुर स्थित भूली डी ब्लॉक सेक्टर 11 के बाबा दुःख हरेश्वर मंदिर में सोमवार से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। 21 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित होने वाली इस 9 दिवसीय श्री भागवत कथा रस धारा में श्रद्धालु वाराणसी से आए श्री उपेंद्र कृष्ण परासर जी महाराज के मुखारविंद से कथा का श्रवण कर सकेंगे।

शुक्रवार को कलश यात्रा की शुरुआत मंदिर प्रांगण से गाजे-बाजे और भक्ति गीतों के साथ हुई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंडित गणेश झा ने डी ब्लॉक छठ घाट तालाब में जल भराई की विधि संपन्न कराई। कलश और धर्म ध्वजा के साथ शोभायात्रा नगर भ्रमण पर निकली, जो झारखंड मोड़, काली मंदिर, अंबेडकर चौक और शक्ति मार्केट होते हुए सोमवारी हटिया मैदान से वापस मंदिर परिसर में संपन्न हुई। डीजे पर राधा-श्याम के भजन गूंजते रहे और श्रद्धालु "जय श्री सीता राम", "जय श्री राधे श्याम" और "जय श्रीराम" के जयकारों के साथ भक्ति में लीन दिखे।

कलश यात्रा के दौरान समिति के सदस्य व्यवस्था बनाए रखने में सतर्क रहे। मंदिर परिसर में वैदिक रीति से कलश की स्थापना कर भक्ति कार्यक्रमों का आगाज किया गया। कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शुरू होगा।

कथावाचक उपेंद्र कृष्ण परासर जी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा की महिमा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह सभी कथाओं में सर्वश्रेष्ठ मानी गई है। जहां इसका आयोजन होता है, वह स्थान तीर्थ स्थल का दर्जा प्राप्त करता है। इस कथा को सुनने से व्यक्ति के पाप नष्ट होते हैं और उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति पूरे सात दिन कथा नहीं सुन सकता, तो वह अपने समय के अनुसार कुछ दिन भी इसमें शामिल होकर पुण्य प्राप्त कर सकता है।

श्री परासर जी ने भागवत कथा के ऐतिहासिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि सबसे पहले राजा परीक्षित ने इसे श्रवण किया था, जिससे उन्हें मृत्यु के भय से मुक्ति मिली और मोक्ष की प्राप्ति हुई।

आयोजन समिति के अध्यक्ष राकेश सिन्हा, उपाध्यक्ष राजेंद्र सेठ, सचिव पंडित गणेश झा, कोषाध्यक्ष जूही शर्मा समेत अन्य सदस्यों ने आयोजन की व्यवस्था संभाली। भक्ति भावना से ओतप्रोत इस कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और भक्ति रस में सराबोर हो गए।

## दुर्गापुर पंचायत में ग्राम सभा में कई योजनाओं का हुआ चयन

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** कसमार प्रखंड के दुर्गापुर पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को सब की योजना सबका विकास जीपीडीपी कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत विकास कार्य योजना की योजनाओं के चयन हेतु ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता ग्राम पंचायत के मुखिया अमरेश कुमार महतो ने की। ग्राम सभा में पंचायत सचिव गीता कुमारी, रोजगार सेवक रजनीकांत राकेश, उप मुखिया पंचानन महतो, वार्ड सदस्य पविता देवी, रामकुमार, राजस्व कर्मचारी जमील अहमद अंसारी, पंचायत सुरक्षा प्रभारी विनोद कुमार, सनातन महतो, सिद्धेश्वर महतो, सृष्टिधर महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस बैठक में ग्रामीणों के द्वारा 15वें वित्त योजना से पेवर ब्लॉक, सोलर चलित जल मीनार, पीसीसी पथ निर्माण, श्मशान घाट में शेड, स्नान घाट, मनरेगा के तहत सिंचाई कूप, बीरसा आम बागवानी, पीसीबी, डोभा तालाब, मिट्टी मोरम पथ निर्माण, पशुपालन विभाग से मुर्गी पालन, बतख पालन, सूअर पालन, बकरी पालन, मुर्गी शेड, कृषि विभाग से सिंचाई हेतु डीप बोरिंग पेयजल से नए चापाकल निर्माण, माइनर इरिगेशन सिंचाई विभाग से चेक डैम तालाब, आहर, डीएमएफटी योजना के तहत पीसीसी सड़क, गार्डवाल, विवाह मंडप, मांझी हाउस, सोहराई भवन, जेहरा स्थल घेराबंदी, भूमि संरक्षण आदि से तालाब गहरीकरण योजना का चयन किया गया। इस दौरान जेएसएलपीएस से महिलाओं के लिए दीदी बाड़ी योजना का भी चयन किया गया।

# झामुमो की बैठक में मुरहुलसुदी एवं पोंडा पंचायत समिति का हुआ गठन

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो :** कसमार प्रखंड अंतर्गत मुरहुलसूदी पंचायत के चौड़ा मांझडीह स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में शुक्रवार को झामुमो पंचायत संयोजक मंडली के सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक दशरथ टूडु की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रखंड संयोजक मंडली के प्रमुख व बीस सूत्री समिति के प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार हेंब्रम व पंचायत पर्यवेक्षक सह पूर्व जिप सदस्य विमल कुमार जायसवाल मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा हुई तथा पंचायत मुरहुलसूदी पंचायत स्तरीय कमेटी का गठन किया गया। इसके तहत दशरथ टुडु अध्यक्ष, महेश कुमार महतो व लखीराम मुंडा उपाध्यक्ष, मदन गंझू सचिव, देवकी मुंडा संगठन सचिव, मनेसराम मुंडा कोषाध्यक्ष व लगनु किस्कू मीडिया प्रभारी चुने गये। इसके अलावा फुलेश्वर मुर्मू, जगन टुडु, विनिया देवी, निमा देवी, विजय मुंडा, महावीर मुंडा, सुखेश्वर मुर्मू, मनेस राम मांझी, सुखेश्वर टुडु, वसंत कुमार मुंडा व वासदेव महतो कार्यकारिणी सदस्य बनाये गये हैं। इधर इसके अलावा पोंडा बहुउद्देशीय भवन में झामुमो की ओर से पोंडा संयोजक प्रमुख इरफान अहमद एवं जितेंद्र टुडू के द्वारा पोंडा पंचायत समिति का गठन किया गया, जिसमें अब्दुल मन्नान को अध्यक्ष, मो नशरुल्लाह को उपाध्यक्ष, भारतेंदु प्रसाद हांसदा को सचिव, रामदेव हेंब्रम को उप सचिव, रमेश सिंह को कोषाध्यक्ष एवं विश्वनाथ मरांडी को मीडिया प्रभारी बनाया गया। इसके अलावा पंचायत कार्यकारिणी समिति का भी गठन किया गया जिसमें लालचंद मांझी, सुरेश बास्के, असित कुमार हंसदा, सब्बीर राय, जितेंद्र हंसदा, श्याम सुन्दर हंसदा, रघुनाथ मांझी, अंतु हंसदा, सदानंद मुर्मू, बेनीलाल कपरदार, दिलीप सिंह, इस्लाम राय, गोपाल महतो, शकील अहमद एवं वकील अंसारी को सदस्य बनाया गया।

## प्रथम अंडर-23 राज्यस्तरीय बास्केटबॉल चैंपियनशिपः क्वार्टर फाइनल की ओर बढ़े रोमांचक मुकाबले

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो :** बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ के तत्वावधान में और झारखंड बास्केटबॉल संघ के मार्गदर्शन में आयोजित प्रथम अंडर-23 झारखंड बास्केटबॉल प्रतियोगिता अपने क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल मुकाबलों की ओर तेजी से बढ़ रही है। जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ रहा है, मुकाबले और भी रोमांचक होते जा रहे हैं।

तीसरे दिन खेले गए पुरुष वर्ग के मैचों में जेबीए ने बीएआर को 58-20 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। वहीं, दुमका ने जामताड़ा को 30-19 से मात दी और टाटा स्टील ने रामगढ़ को 27-15 से पराजित कर अगले दौर में अपनी जगह सुनिश्चित की। इन मुकाबलों में खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

महिला वर्ग में भी मुकाबले काफी दिलचस्प रहे। जेबीए ने पूर्वी सिंहभूम को 32-12 से हराया, जबकि पश्चिम सिंहभूम ने बोकारो को 22-8 से पराजित किया। बीएआर ने धनबाद को 28-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। टाटा स्टील ने पूर्वी सिंहभूम को 16-7 से हराया और चाईबासा ने जेबीए को 34-19 से पराजित कर शानदार प्रदर्शन किया।

क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में पुरुष वर्ग में पूर्वी सिंहभूम का सामना रांची से और जैप 1 का मुकाबला टाटा स्टील से होगा। वहीं, महिला वर्ग में जेबीए और पश्चिम सिंहभूम के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा, जबकि दुमका और बोकारो के बीच भी रोमांचक मैच खेला जाएगा। इन मुकाबलों में जीतने वाली टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी।

आयोजकों ने खिलाड़ियों के जोश और प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि सेमीफाइनल मुकाबले और भी रोमांचक होने वाले हैं। दर्शकों से अपील की गई है कि वे बड़ी संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाएं। सभी की नजरें अब सेमीफाइनल मुकाबलों पर टिकी हैं, जहां असली चुनौती देखने को मिलेगी।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शनिवार, 22 फरवरी, 2025



# झारखंड जगुआर का 17वां स्थापना दिवस: उग्रवाद उन्मूलन में अद्वितीय योगदान देने वाली बल की गौरवशाली यात्रा

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**रांची:** झारखंड राज्य में वामपंथी उग्रवाद के उन्मूलन के उद्देश्य से वर्ष 2008 में गठित विशिष्ट बल झारखंड जगुआर (एसटीएफ) ने 21 फरवरी 2025 को अपने 17वें स्थापना दिवस का भव्य आयोजन किया। यह समारोह झारखंड जगुआर प्रांगण, टेन्डरग्राम में पूरे हर्षोल्लास और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर झारखंड पुलिस के महानिदेशक एवं महानिरीक्षक श्री अनुराग गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने भव्य परेड की सलामी ली और बल की वीरता और उपलब्धियों की सराहना की।

झारखंड जगुआर ने बीते 17 वर्षों में राज्य में उग्रवाद उन्मूलन के क्षेत्र में शानदार सफलता हासिल की है। इस बल ने नक्सलियों के खिलाफ सटीक और साहसिक कार्रवाई करते हुए राज्य में शांति और स्थिरता की नींव रखी है। इस अभियान में कई वीर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी, जिनकी शहादत को समारोह के दौरान श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डीजीपी श्री अनुराग गुप्ता ने अपने संबोधन में झारखंड जगुआर की वीरता और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि यह बल राज्य को नक्सल मुक्त बनाने की दिशा में लगातार महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

झारखंड जगुआर की उपलब्धियां इसके अथक प्रयासों और कठिन परिश्रम का परिणाम हैं। पिछले 17 वर्षों में बल ने



297 नक्सलियों को गिरफ्तार किया और 34 दुर्दांत उग्रवादियों को मुठभेड़ों में मार गिराया। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों जैसे बूढ़ा पहाड़, सारंडा जंगल और पारसनाथ पहाड़ियों में बल ने कई सफल अभियानों को अंजाम दिया। इन अभियानों ने न केवल नक्सलियों के हौसले पस्त किए बल्कि आम जनता में सुरक्षा का विश्वास भी मजबूत किया।

बल की वीरता और कर्तव्यनिष्ठा को समय-समय पर विभिन्न पुरस्कारों और सम्मानों से नवाजा गया है। झारखंड जगुआर के जवानों को अब तक 2 अति उत्कृष्ट सेवा पदक, 7 उत्कृष्ट सेवा पदक, 17 राष्ट्रपति वीरता पदक, 56 पुलिस पदक (सराहनीय सेवा हेतु), 76 झारखंड मुख्यमंत्री वीरता पदक, 63 झारखंड पुलिस पदक (सराहनीय सेवा हेतु), 3 झारखंड राज्यपाल विशिष्ट सेवा पदक और 4 केंद्रीय गृहमंत्री विशिष्ट ऑपरेशन पदक से सम्मानित किया गया है। ये पुरस्कार बल की उत्कृष्टता और निष्ठा का प्रमाण हैं।

स्थापना दिवस के अवसर पर झारखंड जगुआर के 23 शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। बल के अधिकारियों ने शहीदों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सम्मान पत्र भेंट किए और उनके बलिदान को याद किया। इसके साथ ही मुख्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह पहल समाज सेवा के प्रति बल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

झारखंड जगुआर का आदर्श वाक्य "जीत ही लक्ष्य" बल के साहस और अडिग निष्ठा को दर्शाता है। उग्रवाद उन्मूलन के लिए बल की प्रतिबद्धता ने राज्य में नक्सली घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई है। यह बल निरंतर अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए झारखंड को उग्रवाद मुक्त बनाने के लक्ष्य की ओर अग्रसर है।

समारोह में झारखंड पुलिस के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें पुलिस महानिदेशक श्री एम.एस. भाटिया, अपर पुलिस महानिदेशक (अभियान) डॉ. संजय आनंदराव लाठकर, अपर पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण) श्रीमती सुमन गुप्ता और अपर पुलिस महानिदेशक (झारखंड सशस्त्र पुलिस) श्रीमती प्रिया दुबे शामिल थे। इन सभी अधिकारियों ने बल की उपलब्धियों की सराहना की और भविष्य में भी इसी समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

झारखंड जगुआर की यह यात्रा राज्य में सुरक्षा और स्थिरता कायम करने की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण है। स्थापना दिवस पर बल की वीरता और कर्तव्यपरायणता को देखकर यह कहा जा सकता है कि झारखंड जगुआर राज्य को उग्रवाद मुक्त बनाने की दिशा में अपने लक्ष्य की ओर पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अग्रसर है।

## संक्षिप्त समाचार

### कौशल विकास और रोजगार को लेकर कार्यशाला का आयोजन



**राष्ट्रीय मुख्यधारा: साहिबगंज:** बरहेट प्रखंड परिसर सभागार में शुक्रवार को दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना (डी.डी.यू-जी. के.वाई) के तहत कौशल विकास और रोजगार से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ झामुमो अध्यक्ष सह प्रमुख बर्नार्ड मरांडी, जेएसएलपीएस डीपीएम मार्टिन तारिक, मुखिया सेलिना हसदा और उप प्रमुख रूपक साह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पूर्व अतिथियों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यशाला में कौशल विकास और रोजगार के अवसरों पर विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि अग्रणी संस्थान विजन इंडिया सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत योग्य युवाओं का प्लेसमेंट भी सुनिश्चित किया जाएगा। युवाओं को कंप्यूटर, ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग और सिलाई मशीन संचालन जैसे कोर्स में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण करने पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।

इस योजना का लाभ 8वीं कक्षा उत्तीर्ण 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवक-युवतियां ले सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख बर्नार्ड मरांडी ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य युवाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है, जिससे वे स्वरोजगार या किसी प्रतिष्ठान में नौकरी प्राप्त कर सकें।

इस अवसर पर जिला प्रबंधक (जॉब एंड स्किल) राजेंद्र कुमार, जिला एफआईएच एन मिश्रा, प्रखंड विकास पदाधिकारी अंशु कुमार पांडे, बीएपी रविंद्र कुमार, प्रिया देवी, पुष्पा देवी, संतोष कुमार मुर्मू, विनोद गुप्ता समेत कई अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यशाला में बड़ी संख्या में युवक-युवतियों ने भाग लेकर कौशल विकास के महत्व को समझा और इस योजना से जुड़ने की रुचि दिखाई।

### महाशिवरात्रि को लेकर ग्राम प्रधानों की बैठक आयोजित



**राष्ट्रीय मुख्यधारा: साहिबगंज:** बरहेट प्रखंड क्षेत्र के खेरवा मोजा में महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान अनिल मुर्मू ने की, जिसमें प्रखंड क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधानों ने भाग लिया।

बैठक में महाशिवरात्रि पर्व के दौरान होने वाली व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। बताया गया कि हर साल महाशिवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में सफा होड़ समाज के श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए आते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पानी, लाइट और पार्किंग जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

इस दौरान पर्व की व्यवस्थाओं को संभालने के लिए एक कमेटी का गठन भी किया गया। अनूप मुर्मू को कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया, जबकि मिस्त्री सोरेन उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त हुए। एतवारी सोरेन को सचिव, राजा हसदा, होपना बास्कि और बेट का मुर्मू को सदस्य के रूप में शामिल किया गया।

बैठक में सीबू सोरेन, प्रगन मारंडी, नयन किस्कू, संजय सोरेन सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे। सभी ने पर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## धनबाद उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई: डेढ़ करोड़ की अवैध शराब जब्त, तीन गिरफ्तार



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**धनबाद:** धनबाद उत्पाद विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से संचालित मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। गलफरबाड़ी ओपी क्षेत्र अंतर्गत एनएच-19 से सटे तिलकडीह ग्राम में गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए इस अभियान में विभाग की टीम ने न केवल भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की, बल्कि तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

उत्पाद विभाग की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई में 9 पिकअप वैन में लदे विभिन्न ब्रांडों की करीब 2000 पेटी अवैध शराब बरामद की गई, जिसकी बाजार कीमत डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है। इसके अतिरिक्त छापेमारी के दौरान 50-60 गैलन अवैध शराब, विभिन्न कंपनियों के नकली टैग, बड़ी संख्या में खाली बोतलें और कैप भी जब्त किए गए।

इस सफलता का श्रेय धनबाद उत्पाद विभाग की सजगता और तत्परता को जाता है। अवकारी (उत्पाद निरीक्षक) कुमार सतेंद्र ने बताया कि यह कार्रवाई सहायक आयुक्त, धनबाद उत्पाद विभाग के सख्त दिशा-निर्देशों के तहत की गई। उन्होंने जानकारी दी कि यह अवैध मिनी फैक्ट्री कोई सिंह द्वारा संचालित की जा रही थी। फिलहाल पूरे मामले की गहन जांच-पड़ताल जारी है और इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

उत्पाद निरीक्षक कुमार सतेंद्र ने स्पष्ट संदेश दिया कि अवैध शराब कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे गैरकानूनी कार्यों के खिलाफ विभाग की कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

इस महत्वपूर्ण अभियान में एक्साइज इंस्पेक्टर झम्मन कुजूर, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी गौतम कुमार महतो, अवर निरीक्षक जितेंद्र कुमार, अमित कुमार, जॉय हेम्ब्रम समेत शस्त्र बल के जवानों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी सजगता और साहसिक कार्रवाई के कारण यह बड़ा अवैध नेटवर्क उजागर हुआ और समाज में फैल रही जहरीली शराब के खतरे को समय रहते रोका जा सका।

धनबाद उत्पाद विभाग की इस कड़ी कार्रवाई ने यह साबित कर दिया है कि अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ विभाग पूरी मुस्तैदी से सक्रिय है और भविष्य में भी ऐसे अभियान चलाकर समाज को सुरक्षित और स्वस्थ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह कार्रवाई अन्य अवैध कारोबारियों के लिए भी एक सख्त चेतावनी है कि कानून के शिकंजे से बच पाना अब नामुमकिन है।

## सहकारिता के माध्यम से स्वरोजगार के नये अवसर उत्पन्न होंगे : मंत्री

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**खूंटी ।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के नये अवसर उत्पन्न किए जा सकते हैं। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए सहकारी समितियों को मजबूत करने पर जोर दिया। मंत्री ने वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट का ज़िक्र करते हुए खूंटी जिले में लाह की खेती को बड़े पैमाने पर उपजाने और इसे देश-विदेश तक पहुंचाने की बात कही। मंत्री शुक्रवार को सहकारिता प्रशिक्षण केंद्र, फूदी (खूंटी) में सिद्धो कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड (सिद्धकोफेड), रांची द्वारा कृषि एवं वनोपज आधारित ग्रामीण स्वरोजगार सृजन विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी। इसकें पूर्व उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर वृक्षारोपण किया और सहकारिता प्रशिक्षण केंद्र में बने प्रशिक्षण कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण किया। इसके सुचारू रूप से संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान मंत्री ने तोरपा एवं मुरहू प्रखंड में 500 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।



इसके पूर्व मंत्री ने दी प्रज्वलित कर कार्यशाला का उद्घाटन किया। मौके पर खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा और तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद थे। कार्यशाला में कृषि एवं वनपोज के तहत खूंटी जिले में मुख्य रूप से लाह की खेती, मधुमक्खी पालन समेत अन्य कृषि कार्य के विषय पर किसानों को विशेषज्ञ द्वारा कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में आजीविका बढ़ाने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की। वहीं किसानों ने भी अपने अपने प्रश्न विशेषज्ञों के समक्ष रखे। मंत्री ने किसानों से अपील की कि वे प्रशिक्षण प्राप्त करें, जिसका फायदा उन्हें लाह की खेती में मिले और इसे बेच अच्छा मुनाफा कमा सकें। इस दौरान कुछ किसानों को टूल किट भी प्रदान किये गये। उन्होंने आने वाले समय में किसानों के लिए ट्रेड मार्केट जैसे कार्यक्रम के आयोजन की बात कही, जहां किसान अपने उत्पादों की बिक्री सीधे तौर पर कर पाएंगे। कार्यक्रम को विधायक राम सूर्या मुंडा और सुदीप गुड़िया ने भी संबोधित किया। कार्यशाला में सिद्धकोफेड के निदेशक, सीइओ, सचिव, कंसल्टेंट सहित अन्य पदाधिकारी, कर्मी और किसान उपस्थित थे।

## तुपकाडीह में शिवरात्रि की तैयारी जोर-शोर से शुरू



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** तुपकाडीह के सबसे पुराने शिव मंदिर बाबा महादेववर नाथ मंदिर के प्रांगण आगामी 26 फरवरी को महाशिवरात्रि उत्सव मनाने के लिए अभी से ही तैयारी शुरू हो गई है। आस्था के इस मंदिर में स्वयं प्रकट शिवलिंग होने के कारण यहां श्रद्धालुओं की काफी भीड़ होती है। मंदिर के सामने मां पार्वती का भव्य मंदिर है जो एक अलग आभा बिखेरती है। यहां दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं और मन्नत पूरी होने पर मुंडन संस्कार व रुद्राभिषेक करते हैं। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष आरबी मिश्रा ने बताया कि यह मंदिर उनके पर बाबा स्व बुटू नायक ने गुलाम भारत में बनवाया था, जिनकी देखरेख आज भी हम सभी लोग करते आ रहे हैं। बताते चलें कि इस बार भी पेंथर क्लब न्यू कुंडौरी के द्वारा शिव की बारात निकाली जाएगी, जिसमें आमजन को शामिल होने के लिए डिजिटल संदेश भेजे जा रहे हैं।

## विभाग की लापरवाही से पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण, जल मीनार 10 दिनों से बंद

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बरहरवा:** कोटालपोखर पंचायत में स्थित 5 लाख लीटर क्षमता वाली जल-मीनार, जो कि पेयजल विभाग की एक महत्वाकांक्षी योजना है, पिछले 10 दिनों से पूरी तरह से बंद पड़ी है। इससे पहले भी यह जल मीनार कई महीनों तक बंद रही थी, लेकिन विधायक निसात आलम, S.D.O. साहब और पेयजल विभाग के J.E. साहब के प्रयास से इसे पुनः शुरू किया गया था।

ग्रामीणों की सुविधा के लिए पंचायत मुखिया, पंचायत समिति और वार्ड सदस्यों के सहयोग से ग्राम सभा का आयोजन कर एक कमेटी का गठन किया गया। इस कमेटी का अध्यक्ष पंचायत की मुखिया सेराफिना हेंब्रम को बनाया गया, जिन पर जल मीनार के रखरखाव और नियमित जल आपूर्ति की जिम्मेदारी सौंपी गई। कमेटी ने जल मीनार के संचालन के लिए पांच कर्मचारियों की टीम नियुक्त की और उनके लिए प्रति कर्मचारी 10,000 मासिक मानदेय का प्रावधान किया गया। जल कनेक्शनधारियों से 65 प्रति माह शुल्क वसूलने की व्यवस्था भी की गई ताकि कर्मचारियों का मानदेय सुनिश्चित किया जा सके।

हालांकि, ग्रामीणों से वसूली गई राशि इतनी कम रही कि कर्मचारियों का मानदेय पूरा नहीं हो सका। इसके अतिरिक्त, विभाग द्वारा भी पूर्व निर्धारित मानदेय का भुगतान समय पर नहीं किया गया। इससे नाराज होकर कर्मचारी कार्य करने से पीछे हट गए। ऑपरेटिंग टीम में V.T. प्लांट से सलीम खान और लड्डु शेख, वहीं W.T.P. प्लांट से अरविंद कुमार और



अजय रॉकी मुर्मू (मोटर चालक) शामिल हैं। रात्रि प्रहरी जगदीश रजक भी मानदेय न मिलने के कारण ड्यूटी पर नहीं आ रहे हैं।

पंचायत मुखिया सेराफिना हेंब्रम ने स्पष्ट किया कि उनके पास मानदेय भुगतान के लिए कोई अतिरिक्त फंड नहीं है। इस वजह से जल मीनार का संचालन पूरी तरह ठप हो गया है और ग्रामीण पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रहे हैं।

अब सवाल यह उठता है कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का भविष्य क्या होगा और ग्रामीणों की समस्या का समाधान कैसे होगा? पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को इस मामले में तत्काल संज्ञान लेकर उचित कदम उठाने की आवश्यकता है ताकि ग्रामीणों की पेयजल संकट से राहत मिल सके।

## पांच दिन बाद भी डीवीसी के ऐश पौंड से छाई की ट्रांसपोर्टिंग नहीं हो सकी शुरू

### बिना सूचना काम बंद करने से परेशानी, समझौते का अनुपालन न करने का आरोप

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल के नूरी नगर स्थित डीवीसी के ऐश पौंड में छाई ढुलाई के कार्य में लगे 54 मजदूरों द्वारा न्यूनतम मजदूरी सहित अन्य मांगों को लेकर विगत 17 फरवरी से ठप ऐश पौंड की ट्रांसपोर्टिंग का कार्य शुक्रवार को भी आरंभ नहीं किया जा सका है। छाई ट्रांसपोर्टिंग का कार्य बंद होने से ऐश पौंड पर हाईवा सहित सभी भारी मशीनरी खड़ी हैं। ऐश पौंड में कार्यरत मजदूरों का कहना है कि छाई ट्रांसपोर्टिंग के कार्य में लगे वर्तमान के तीनों कंपनियों लॉर्डस, रिफेक्स एवं जेपी डब्ल्यू इंफ्रा टेक द्वारा उन्हें न्यूनतम मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। मजदूरी बढ़ाने की मांग को लेकर ही मजदूरों ने कार्य बंद किया है। ऐश पौंड के आंदोलनकारी मजदूरों ने मांगों को लेकर बिना कोई लिखित सूचना के ही 17 फरवरी से छाई ढुलाई के कार्य को ठप कर दिया है। बावजूद पुलिस- प्रशासन मामले को लेकर गंभीर नहीं है।



मजदूरों का कहना है कि विगत 5 अक्टूबर 2024 को बेरमो सीओ संजीत कुमार की अध्यक्षता में डीवीसी के डीजीएम कार्यालय में आयोजित वार्ता में मांगों को लेकर जो समझौता कंपनी के द्वारा किया गया था, उसका अनुपालन नहीं किया जा रहा है। उक्त वार्ता में बेरमो सीओ के अलावा तत्कालीन जीएम ओएंडएम एस भट्टाचार्य, सिविल के वरीय प्रबंधक सरफराज शेख, एचआर के प्रबंधक सुनील कुमार, प्रबंधक सिविल राहुल उरांव थे। जबकि यूनियन प्रतिनिधियों की ओर से जिप सदस्य शहजादी बानो, मंजूर आलम, अमरेश कुमार, दशरथ महतो सहित छाई ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों से श्रवण सिंह, श्रीराम यादव, संजीत कुमार सिंह, स्वपन यादव शामिल थे।

वार्ता में कंपनी प्रतिनिधियों ने लिखित में स्वीकार किया था कि सभी 54 मजदूरों को भारत सरकार के न्यूनतम मजदूरी का भुगतान किया जाएगा, कंपनी के वार्षिक लाभ-हानि पर बोनस भुगतान पर विचार किया जाएगा, सभी मजदूरों को पहचान पत्र कंपनी के द्वारा निर्गत करना, समय से सभी मजदूरों का वेतन भुगतान करना, मासिक अवकाश को लेकर श्रम कानून का पालन करने की भी बात मानी गई। उक्त समझौता वार्ता के ही तहत सभी मजदूर कंपनी से न्यूनतम मजदूरी भुगतान की मांग कर रहे हैं और कार्य को बंद कर रखा है।

इस बारे में लॉर्डस कंपनी के सुपरवाइजर श्रीराम यादव ने पूछे जाने पर कहा कि ऐश पौंड में कार्य करने वाले सभी 54 मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी का भुगतान से अधिक की राशि का भुगतान किया जा रहा है, बावजूद सभी मजदूर मौखिक तौर पर कंपनी से 50 रुपया बढ़ोतरी की मांग कर रहे हैं जो कि गलत है। कहा कि कंपनी ने कार्य कम रेट पर लिया है बावजूद बार-बार मजदूरों द्वारा दबाव बनाकर राजनीति की जा रही है जिसे स्वीकार करना संभव नहीं है।

विदित हो कि डीवीसी के नूरीनगर स्थित ऐश पौंड को प्रत्येक माह किसी ना किसी बहाने से बंद करने का प्रयास विगत वर्षों से किया जा रहा है, नतीजतन डीवीसी को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डीवीसी के सामने समस्या यह है कि वह पावर प्लांट को चलाए या बार-बार की ऐश पौंड की समस्या के कारण पावर प्लांट को बंद कर दे। डीवीसी मुख्यालय प्रबंधन ऐसी ही समस्याओं को लेकर बोकारो थर्मल में नए पावर प्लांट निर्माण के निर्माण पर अपनी स्थिति स्पष्ट नहीं कर पा रहा है। बार-बार की समस्या के निराकरण की दिशा में डीवीसी को प्रशासन का भी अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पा रहा है। दो माह से भी ज्यादा समय हो गए परंतु ऐश पौंड को जानेवाली फटे पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य नहीं हो पा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### हजारीबाग में करीब 1 करोड़ रुपए की शराब बरामद

**हजारीबाग, एजेंसी।** उत्पाद विभाग ने दारू प्रखंड के जौनिया गांव में लगभग 1 करोड़ रुपए की शराब जब्त की है. 1500 पेटी शराब घर में छिपा कर रखी गई थी. इसकी सूचना उत्पाद विभाग को मिली. जिसके बाद उत्पाद विभाग में ऑपरेशन चलाकर शराब को जब्त किया. गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग ने दारू थाना क्षेत्र के जैनिया गांव में छापेमारी की. छापेमारी करने के दौरान एक घर से करीब 1 करोड़ रुपए के अवैध शराब को जब्त किया. सूचना मिली थी कि छोटे



पैमाने पर शराब की तस्करी की जा रही है. जब ऑपरेशन चलाया गया तो उत्पाद विभाग के होश उड़ गए. एक घर से 1500 पेटी शराब की बरामद की गई. अब यह पता लगाया जा रहा है कि शराब असली है या नकली. शराब कहां से लायी गयी और कहां खपाने की तैयारी थी.

सहायक उत्पाद आयुक्त शिव कुमार साहू में बताया कि यह घर उमेश साव का है, राहुल साव किराए पर लेकर यह गोरखधंधा चल रहा था. इस पूरे प्रकरण में राहुल साव और अर्जुन साव को मुख्य आरोपी बनाया गया है. पहले से ही इन लोगों के ऊपर अवैध शराब को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है. उन्होंने कहा कि किसी गिरफ्तारी नहीं हुई है. लेकिन बहुत जल्द गिरफ्तारी भी हो जाएगी.

सहायक उत्पाद आयुक्त में यह भी कहा पिछले एक सप्ताह से विभिन्न स्रोत से जानकारी इकट्ठा की जा रही थी. प्रारंभिक जानकारी मिली थी कि 500 पेटी शराब रखी गई है. तीन अवर निरीक्षक उत्पाद सुमितेश कुमार, कृष्णा प्रजापति और भुवनेश्वर नायक और सशस्त्र बल के साथ ये ऑपरेशन किया गया. जिसमें 18000 शराब की बोतल बरामद की गई जिसकी अनुमानित कीमत 1 करोड़ रुपए है. बरामद शराब को कर्नाटक से हजारीबाग लाया गया था. माना जा रहा है कि होली के दौरान शराब बिहार भेजने की तैयारी चल रही थी. सूचना समय से मिलने के कारण यह सफलता विभाग को मिली है.

### केंद्रीय बजट के खिलाफ रांची में वाम दलों का राजभवन मार्च

**रांची, एजेंसी।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के आम बजट को जनविरोधी बताते हुए संयुक्त रूप से वामदलों के नेताओं ने गुरुवार को राजभवन मार्च किया. इस दौरान वाम दलों ने संकल्प लिया कि जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए इस संघर्ष को और अधिक व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाया जाएगा और मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा. केंद्रीय बजट के खिलाफ वाम दलों द्वारा 14 फरवरी से 20 फरवरी तक एक सप्ताह के लिए जन अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा था. गुरुवार को इस अभियान का समापन हुआ.

**जिला स्कूल से प्रारंभ हुआ मार्च–** वामदलों का संयुक्त राजभवन मार्च रांची के जिला स्कूल से निकाला गया था. जो परमवीर अमर शहीद अल्बर्ट एक्का चौक होते हुए राजभवन तक गया. राजभवन के पास यह मार्च एक जनसभा में तब्दील हो गयी. इस दौरान वामपंथी नेताओं ने कहा कि वित्त मंत्री द्वारा पेश की गई बजट पूरी तरह जनविरोधी है. जनविरोधी केंद्रीय बजट को वापस लेना होगा. वामपंथी नेताओं ने कहा कि कॉरपोरेट के पक्षपाती बजट को राज्य में नहीं चलने दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि मनरेगा में बजट बढ़ाने, शिक्षा पर जीडीपी का 6त्न खर्च करने, स्वास्थ्य क्षेत्र में बजट वृद्धि करने, रोजगार का निजीकरण बंद करने सहित कई मांगें की गई.

**केंद्रीय बजट को जनविरोधी बताया–** वाम दलों के नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट मजदूरों, किसानों, छात्रों और युवाओं के विरोध में है. यह बजट पूर्ण रूप से कॉरपोरेट घरानों के हितों की रक्षा करने वाला है. बजट में श्रमिकों और किसानों के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया है. सरकार की नई शिक्षा नीति 2020 में शिक्षा पर जीडीपी का 6त्न खर्च करने का वादा किया गया था, लेकिन इस बजट में शिक्षा के लिए आवंटन को और कम कर दिया गया है. उसी तरह मनरेगा जिससे करोड़ों मजदूरों का जीवन-यापन होता है, उसमें भी बजट में कटौती कर दी गई है. स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भी अत्यंत दयनीय बनी हुई है.

# मां को घर में किया बंद, सास-ससुर और पत्नी को लेकर पहुंचा महाकुंभ, सरकारी कर्मचारी को एसडीओ ने दिया नोटिस

**रामगढ़, एजेंसी।** प्रयागराज में महाकुंभ का स्नान अपने अंतिम पड़ाव में है। अभी भी भारी मात्रा में लोग महाकुंभ में स्नान करने के लिए प्रयागराज जा रहे हैं।

वहीं, रामगढ़ के अरगड्डा में एक सीसीएल कर्मी अपनी बीमार और वृद्ध मां को अकेले घर में बंद कर सास-ससुर व पत्नी के साथ कुंभ स्नान करने प्रयागराज चला गया। इस बीच भूख से तड़पती वृद्धा की चीख-पुकार सुन पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़कर उसे घर से बाहर निकाला।

तीन-चार दिनों से कमरे में बंद मां की हालत खराब थी। वह भूख से बुरी तरह बेहाल थी। पड़ोसियों ने भोजन देने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। जब हंगामा बढ़ा तो बेटा प्रयागराज से वापस लौटा।

इस बीच मामले पर संज्ञान लेते हुए रामगढ़ जिला प्रशासन ने सीसीएल कर्मी अखिलेश तिवारी को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। वहीं, पुलिस ने भी उससे इस संबंध में पूछताछ की है।

रामगढ़ एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने वृद्धा के पुत्र अखिलेश के खिलाफ भरण पोषण अधिनियम के तहत नोटिस भेजा है और उसे 27 फरवरी को उनके न्यायालय में प्रस्तुत होने का आदेश दिया है।

एसडीओ ने सीसीएल कर्मी को लिखित रूप से कारण



बताने को कहा है और कहा कि क्यों ना आपके विरुद्ध भरण पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के अंतर्गत कार्रवाई शुरू की जाय।

सीसीएल कर्मी अखिलेश कुमार कुंभ स्नान करने के बाद गुरुवार दोपहर को सीधे सीसीएल केंद्रीय अस्पताल नईसराय पहुंचा। इसके बाद वह रामगढ़ के नई सराय में स्थित सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल से अपनी मां को डिस्चार्ज कराकर बेहतर इलाज के लिए रांची ले गया।

इसी बीच घटना को लेकर रामगढ़ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार ने वृद्ध महिला के सीसीएल कर्मी पुत्र और उसकी पत्नी से पूछताछ की। अखिलेश ने बताया कि मां बीमार रहती है, इसलिए भीड़ में मां को कुंभ नहाने के लिए अपने साथ नहीं ले गया। उसने बताया कि वह पर्याप्त खाना-पीना घर में रखकर गया था। बेटे ने बताया कि दरवाजा-गेट को बंद कर एक चाबी भी मां के पास छोड़ गया था। घटना के संबंध में अखिलेश की बड़ी बहन राजो देवी ने बताया कि पिता बालेश्वर कुम्हार के निधन के बाद सीसीएल ने बालिग होने पर इकलौते पुत्र अखिलेश को अनुकंपा के आधार पर नौकरी दी। मां संजू देवी की देखभाल की जिम्मेदारी अखिलेश पर ही है।

संजू देवी 65 वर्ष की हो चुकी हैं और कई बीमारियों से पीड़ित हैं। बहन का आरोप है कि शादी के बाद अखिलेश पत्नी के साथ मिलकर मां को प्रताड़ित करता है और मां की ठीक से देखभाल नहीं करता है।

घटना मानवता को शर्मशार करने वाली है। घटना की जानकारी मिली है। थाना प्रभारी को जांच कर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। इस संबंध में किसी तरह की लिखित शिकायत मिलती है, तो प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

अरगडा सिरका सुभाष नगर में सीसीएल कर्मी द्वारा मां को घर में छोड़कर कुंभ नहाने जाने की घटना की चारों तरफ चर्चा है। पीओ ने कहा कि सीसीएल में कार्यरत सभी कर्मी को अपने माता-पिता का ख्याल हमेशा रखना चाहिए। फिलहाल इस संबंध में कोई शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि अगर शिकायत मिलती है तो किस परिस्थिति में मां को घर में छोड़कर जाना पड़ा, इसकी जांच की जाएगी।

वहीं, दूसरी ओर रामगढ़ में इनमोसा अरगडा एरिया की बैठक गुरुवार को गिद्दी दुर्गा मंडप में हुई। इसमें सीसीएल अध्यक्ष राम राज सिंह उपस्थित थे। सर्वप्रथम इनमोसा अरगडा पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

इस मौके पर रामराज सिंह ने बताया कि 24 फरवरी से सीसीएल के सभी प्रक्षेत्रों इनमोसा अपने मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन करेगी।

## वेदांता ESL की बड़ी घोषणाः रवीश शर्मा बने उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी और पूर्णकालिक निदेशक

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**रांचीः** वेदांता ईएसएल ने रवीश शर्मा को उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी और पूर्णकालिक निदेशक के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की है। मेटल उद्योग में दो दशकों से अधिक का अनुभव रखने वाले रवीश शर्मा धातुकर्म संचालन, इंजीनियरिंग, एचएसई, व्यावसायिक उत्कृष्टता, हितधारक प्रबंधन और सीएसआर में विशेषज्ञता रखते हैं।

वेदांता में अपने करियर के दौरान, उन्होंने विभिन्न प्रमुख नेतृत्व भूमिकाओं में काम किया है, जिनमें भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (वेदांता), हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (वेदांता) और ईएसएल स्टील लिमिटेड (वेदांता) शामिल हैं। उनके योगदान ने व्यावसायिक विकास और संचालन उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साथ ही, कार्यस्थल की सुरक्षा और संचालन दक्षता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने में उनकी सुरक्षा उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता प्रमुख रही है।



रवीश शर्मा ने अपनी नियुक्ति के बाद कहा, "मैं बोकारो में इस एकीकृत स्टील प्लांट का नेतृत्व करने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूं। वेदांता परिवार के भीतर अपने करियर को विकसित करते हुए, मेरा इस संगठन और इसके मिशन से गहरा संबंध है। मैं अपनी समर्पित टीम के साथ मिलकर हमारे संचालन के प्रदर्शन को बढ़ाने, सतत विकास रणनीतियों का पालन करने और हमारे हितधारकों के लिए स्थायी मूल्य बनाने के लिए उत्साहित हूं। सबसे ऊपर, हम सुरक्षा, दक्षता और जिम्मेदार संचालन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में अडिग रहेंगे

रवीश शर्मा ने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त की है और उन्होंने आईएसबी हैदराबाद (2024) में सीनियर लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम के माध्यम से अपने नेतृत्व कौशल को और निखारा है। वेदांता में अपने 20 वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने सफलतापूर्वक संचालन के प्रदर्शन को बढ़ाया है और चांदी, जस्ता, सीसा और एल्यूमीनियम धातुकर्म के साथ-साथ एकीकृत स्टील प्लांट संचालन में नए मानक स्थापित किए हैं। उनकी नेतृत्व उत्कृष्टता को 2018 में ET NOW और पीपल बिजनेस द्वारा ग्रेट मैनेजर अवार्ड प्राप्त करने पर मान्यता मिली।

## ईसीएल में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का भव्य आयोजन

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**सांकतोड़ीयाः** ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) ने अपने स्थापना काल से ही बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक समाज को अपनाया है, जहाँ लोग अपनी मातृभाषाओं के माध्यम से अपने पारंपरिक ज्ञान और संस्कृतियों को संरक्षित करते हैं। सामाजिक और सांस्कृतिक सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए ईसीएल हमेशा तत्पर और समर्पित रही है। इस परंपरा को कायम रखते हुए ईसीएल ने 21 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया, जो हर साल श्रद्धा और सम्मान के साथ आयोजित किया जाता है।

इस वर्ष के आयोजन में ईसीएल के मुख्यालय स्थित डिसेरगढ़ क्लब, झालबगान में सौहार्द सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि थे पद्मश्री से सम्मानित पर्यावरणविद् श्री दुखु माझी, जिन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और लोकगीतों का गायन भी किया। उनकी उपस्थिति ईसीएल के लिए प्रेरणा का स्रोत रही, क्योंकि ईसीएल पर्यावरण संरक्षण के लिए हमेशा समर्पित रही है।

इस सम्मेलन में पश्चिम बंगाल के पुरूलिया जिले के पंचकोट महाविद्यालय और ईसीएल मुख्यालय के संयुक्त प्रयासों से कार्यक्रम आयोजित किया गया। सम्मेलन में संथाली नृत्य और पुरूलिया की प्रसिद्ध छउ नृत्य की शानदार प्रस्तुति भी हुई। इस आयोजन में 400 से अधिक लोग सक्रिय रूप से शामिल हुए।

इसके अतिरिक्त, 17 और 18 फरवरी को पंचकोट महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें रचनात्मक लेखन (बांग्ला और




हिंदी), संगीत, नृत्य, पोस्टर और भाषण प्रतियोगिताएं शामिल थीं। इन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सफल प्रतिभागियों को सम्मेलन में पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

सम्मेलन में प्रमुख व्यक्तियों के रूप में प्रो. (डॉ.) चन्द्रकला पाण्डेय, श्री सुभाष रॉय, श्री सव्यसाची चट्टराज, श्री संजय मिश्रा और श्रीमती ममता रंजन त्रिवेदी भी उपस्थित रहे। सम्मेलन को सफल बनाने में पंचकोट महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सप्तर्षि चक्रवर्ती और उनकी टीम का योगदान महत्वपूर्ण रहा। ईसीएल ने इस आयोजन में सहयोग करने वाले सभी लोगों, विशेष रूप से एनसीसी कैडर के बच्चों का आभार व्यक्त किया।

## एसएसबी जवानों की बस और बाइक में टक्कर, युवक-युवती की दर्दनाक मौत

**खूंटी, एजेंसी।** जिले के खूंटी-तमाड़ मुख्य मार्ग पर एसएसबी जवानों की बस और बाइक में टक्कर हो गई. इस दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. यह घटना अड़की थाना क्षेत्र के जरंगा सरना के पास हुई. मृतकों में जरंगा गांव निवासी सोमवारी कुमारी और श्रीकांत लोहरा शामिल हैं. सड़क दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद डीएसपी वरुण कुमार, इंस्पेक्टर किशुन दास और अड़की प्रभारी प्रवीण कुमार तिवारी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर थाना ले गए. शुक्रवार को दोनों मृतकों के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा.

जानकारी के अनुसार खूंटी तमाड़ मार्ग स्थित जरंगा सरना के पास सशस्त्र सीमा बल की बस और बाइक के बीच आमने-सामने की टक्कर की घटना सामने आई है. इसमें बाइक सवार युवक और युवती की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. दुर्घटना में सोमवारी कुमारी पिता गुरुवा मुंडा उम्र 20 वर्ष अड़की और श्रीकांत लोहरा पिता सागु लोहरा उम्र 22 वर्ष जरंगा की मौत हो गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवारी कुमारी पीपीके कॉलेज बुंडू की छात्रा थी, जो एनसीसी की क्लास करने के बाद बुंडू से अपने घर अड़की लौट रही थी. तमाड़ से अड़की जाने के लिए उसे कोई सवारी गाड़ी नहीं मिलने पर वह सवारी ऑटो से सिदरी बाजार पहुंची, उसी समय एक युवक श्रीकांत लोहारा अपनी बाइक से सिंदरी बाजार से अपने गांव जरंगा आ रहा था. उससे लिफ्ट लेकर सोमवारी कुमारी बाइक पर बैठ गयी. उक्त युवक उसे छोड़ने अड़की जा रहा था, उस समय हल्की बूंदाबांदी हो रही थी. बाइक सवार दोनों युवक-युवती जैसे ही जरंगा पार कर आगे बढ़े, जरंगा सरना के पास विपरीत दिशा से आ रही सशस्त्र सीमा बल की बस ने दोनों को टक्कर मार दी. बस बाइक सवार को रौंदते हुए खाई में जा गिरी, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी. बताया जाता है कि उक्त बस जवानों को रिसीव करने तमाड़ की ओर जा रही थी.

## बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की अवमानना याचिका

**रांची, एजेंसी।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दायर की है. उन्होंने झारखंड सरकार द्वारा अनुराग गुप्ता को नियमित डीजीपी बनाए जाने पर सवाल उठाया है. 24 फरवरी को याचिका की लिस्टिंग की संभावना जताई जा रही है. उन्होंने इस केस में राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी, गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, सेवानिवृत्त सह नॉमिनेशन कमेटी के चेयरमैन जस्टिस रत्नाकर भेंगरा और पूर्व डीजीपी नीरज सिन्हा को प्रतिवादी बनाया है.

बाबूलाल मरांडी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता कुमार मिहिर ने 13 फरवरी को अवमानना याचिका दायर की है. इसकी सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता कुमार मिहिर ने इसकी पुष्टि की है. बाबूलाल मरांडी के अधिवक्ता कुमार मिहिर ने अनुराग गुप्ता की नियमित डीजीपी के रुप में नियुक्ति को अवैध बताते हुए कई कारण बताए हैं. मसलन, 25 जुलाई 2024 को अनुराग गुप्ता को एक्टिंग



डीजीपी बनाना रिट सिविल नंबर 310/1996 मामले में 3 जुलाई 2018 को आए सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है. साथ ही विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद 28 नवंबर 2024 को अजय कुमार सिंह को डीजीपी के पद से हटाकर अनुराग गुप्ता को एक्टिंग डीजीपी बनाया गया. ऐसा करना रिट सिविल नंबर 310/1996 में 3 जुलाई 2018 को आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लंघन है. अवमानना याचिका में कहा गया है कि 22 सितंबर 2006 को डब्ल्यू पी (सी) संख्या 310/1996 मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक राज्य के पुलिस महानिदेशक का चयन राज्य सरकार द्वारा विभाग के तीन वरिष्ठतम अधिकारियों में से किया जाएगा. यूपीएससी द्वारा उनकी सेवा अवधि, बहुत अच्छे रिकॉर्ड और पुलिस बल का नेतृत्व करने के अनुभव के आधार पर उस पद पर पदोन्नति के लिए पैनल में शामिल किया जाएगा. एक बार जब वह नौकरी के लिए चयनित हो जाता है, तो उसकी सेवानिवृत्ति की तिथि पर ध्यान दिए बिना उसका न्यूनतम कार्यकाल कम से कम दो वर्ष का होना चाहिए. 22 सितंबर 2006 को डब्ल्यू पी (सिविल) संख्या 310/1996 मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक, यूपीएससी द्वारा पदोन्नति के लिए पैनलबद्ध विभाग के तीन वरिष्ठतम अधिकारियों में से एक डीजीपी (एचओपीएफ) का चयन कर सकते हैं, जो उनकी सेवा अवधि, बहुत अच्छे रिकॉर्ड और बल का नेतृत्व करने के लिए अनुभव की सीमा के आधार पर होगा.

# बीजेपी के पूर्व विधायक अनंत ओझा को जान का खतरा

## बांग्लादेशी घुसपैठ विषय उठाने पर मिल रही धमकी

**रांची, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता और दो बार विधायक रहे अनंत कुमार ओझा को जान से मारने की धमकी दी जा रही है. पूर्व विधायक ने झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता को पत्र लिखकर अपनी सुरक्षा की मांग की है. साथ-साथ साहिबगंज के नगर थाने में शिकायत भी दर्ज करवायी है.

**क्या है पूरा मामला–** भाजपा नेता और राजमहल से पूर्व विधायक रहे अनंत कुमार ओझा को बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा उठाने को लेकर जान से मारने की धमकी दी जा रही है. झारखंड के राजमहल विधानसभा सीट से दो बार विधायक रहे अनंत ओझा ने इस संबंध में लिखित शिकायत साहिबगंज के नगर थाने में भी की है. इसके अलावा उन्होंने झारखंड के डीजीपी को पत्र लिखकर पूरे मामले की



जानकारी दी है. डीजीपी को लिखे पत्र में अनन्त ओझा ने अपने हाउस गार्ड हटाने और सुरक्षा कम किए जाने पर चिंता जताई है. इसके साथ ही उन्होंने डीजीपी से मांग की है कि उन्हें वाई प्लस सुरक्षा श्रेणी दी जाए. आईजी विशेष शाखा प्रभात कुमार को भी उन्होंने इस संबंध में पत्राचार किया है.

**फोन पर कहा बांग्लादेशी मुद्दा उठाते हो, सुधर जाओ–** पूर्व विधायक अनंत ओझा ने साहिबगंज के नगर थाने में पूरे मामले में शिकायत की है. जिसमे उन्होंने बताया है कि 16 फरवरी को वह अपने साहिबगंज स्थित कार्यालय में थे. तभी उनके मोबाइल पर 8645327148 नंबर से फोन आया. मिस्ड कॉल होने के बाद उन्होंने कॉलर को फोन किया. तब दूसरी तरफ से उन्हें गाली गलौज की जाने लगी. फोन पर उन्हें धमकी दी गई कि बार बार बांग्लादेशी-बांग्लादेशी आवाज उठाते हो सुधर जाओ, वरना जान से मार देंगे. अनंत ओझा ने इस मामले में साहिबगंज एसपी से भी शिकायत की है.

### डीजीपी को पत्र में लिखी गंभीर बातें

पूर्व विधायक अनंत ओझा ने डीजीपी को पत्र लिखकर बताया है कि संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर वह लगातार आवाज उठाते रहे हैं. अवैध बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ आवाज उठाने के कारण देश विरोधी ताकतों के द्वारा पूर्व में भी धमकी मिल चुकी है. कई संदिग्ध समय समय पर उनका पीछा भी करते हैं.

अनंत ओझा ने लिखा है कि साल 2018 में धमकी मिलने के बाद तत्कालीन मुख्य सचेतक और वर्तमान में झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने उनकी सुरक्षा को लेकर सरकार को पत्र भी लिखा था. उसी के बाद उन्हें 1-4 की सुरक्षा उन्हें मिली थी, साथ ही चेन्नई और कोलकाता जाकर पुलिस ने संदिग्धों पर कार्रवाई भी की थी. अनंत ओझा के अनुसार 2024 में विधानसभा में विपरीत जनादेश मिलने के बाद उनके आवास से गार्ड हटा दिया गया है. अब स्थानीय पुलिस प्रशासन से प्रतिनियुक्त अंगरक्षकों को भी हटाने का आदेश दिया गया है.

# लोहरदगा में 250 किलो गांजा बरामद, पुलिस हिरासत में 5, छानबीन जारी

**लोहरदगा, एजेंसी।** पुलिस और एनसीबी की टीम को गांजा तस्करी के मामले में बड़ी कामयाबी मिली है. संयुक्त ऑपरेशन में लोहरदगा जिले के कुडू मस्जिद मोड़ से प्लाइवुड लदे ट्रक से 250 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है. एनसीबी की टीम मामले में जांच कर रही है.

**ट्रक में प्लाइवुड के बीच में छिपा कर रखा गया था गांजा–** गांजा तस्कर बड़ी ही चालाकी से प्लाईवुड लदे हुए एक ट्रक में गांजा को छुपा कर ओडिशा से बिहार ले जा रहे थे. एनसीबी को गुप्त सूचना मिली और कुडू थाना पुलिस के साथ मिलकर एनसीबी ने ट्रक को पकड़ लिया. साथ ही गांजा भी बरामद किया है. मामले की पुष्टि लोहरदगा एसपी हारिस बिन जमां ने की है. नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की सूचना पर एसपी हारिस बिन जमां के निर्देश पर गठित कुडू थाना प्रभारी



मनोज कुमार और एनसीबी की टीम ने लोहरदगा-रांची-लातेहार पथ में कुडू थाना क्षेत्र के मस्जिद मोड़ के समीप एक ट्रक में लोड 13 बोरों में बंद कुल 250 किलोग्राम गांजा बरामद किया है.

**बोरे प्लाइवुड के अंदर छिपाए गए थे–** इस ट्रक में प्लाइवुड लदा हुआ था. जिसके बीच में कुल 13 बोरी में गांजा छिपा कर रखा गया था. इस मामले में सबसे पहले कुडू मस्जिद मोड़ में ट्रक चालक अर्जुन कुंवर जो औरंगाबाद, बिहार का निवासी है उसको और खलासी भोजपुर निवासी रमेश महतो को हिरासत में लिया गया है. इसके बाद ट्रक के चालक और खलासी से पूछताछ में मिली जानकारी और तकनीकी टीम की सहायता से एनसीबी की टीम ने कार में सवार हो कर भाग रहे तीन आरोपितों को चंदवा रोड से हिरासत में ले लिया है.

# कांग्रेस संगठन में बदलाव

देश की सबसे पुरानी पार्टी में ताजा बदलाव हवा के ताजा झोंके की तरह है। कांग्रेस ने अपने संगठनात्मक बदलाव शुरू कर दिए हैं। 3 दिन पहले पार्टी ने 2 राज्यों के महासचिव और 9 के लिए प्रभारियों नियुक्त की है। खास बात है कि इस फैसले पर राहुल गांधी की छाप खास नजर आ रही है। बानगी के तौर पर युवाओं को मौका देने के साथ ही ओबीसी और अल्पसंख्यक समाज के नेताओं को भी तरजीह दी गई है। दरअसल, कांग्रेस फिलवक्त अपने सबसे चुनौतीपूर्ण और मुश्किल दौर में है। जब से पार्टी ने केंद्र की सत्ता गंवाई है उसके बाद से ही उसे खुद को साबित करने के लिए जूझना पड़ रहा है। कई अजीज और पार्टी की वर्षो से खिदमत करने वाले निष्ठुरता के साथ 'हाथÓ को झटकते हुए धुर विरोधी सोच वाली पार्टी के खेवनहार बन गए। गौर करने वाली यह है कि किसी भी पार्टी के लिए सत्ता गंवाना उतना कष्टप्रद नहीं रहता जितना वफादार कार्यकर्ताओं का साथ छोड़ जाना। बहरहाल, कांग्रेस ने अनुभवी और परखे हुए नेताओं को जिम्मेदारी देने के साथ-साथ युवा चेहरों को खास तवज्जो दी है। साथ ही राहुल गांधी ने सामाजिक न्याय के एजेंडे को धार देने के लिए कांग्रेस के संगठन में भी सामाजिक न्याय की कवायद शुरू कर दी है। राहुल 2024 में संपन्न लोक सभा चुनाव के समय से ही सामाजिक न्याय की वकालत और इसे धार देने की कोशिश में जी-जान से जुड़े दिखते हैं। खासकर जाति जनगणना की मांग और पिछड़ों व दलितों की हिस्सेदारी को लेकर वो काफी मुखर रहे हैं। संगठन में बदलाव भी उनकी इसी सोच को परिलक्षित करता दिखता है। पार्टी संगठन में जिन 11 लोगों की नियुक्त हुई है, उसमें चार ओबीसी, दो दलित, एक आदिवासी और एक अल्पसंख्यक समाज से हैं, तीन सवर्ण वर्ग से हैं, जिनमें रजनी पाटिल, मीनाक्षी नटराजन और कृष्ण अल्लावरु हैं। साफ है कि राहुल अपनी सामाजिक न्याय की लड़ाई को विस्तार देने की जुगत में संजीदगी से लगे हैं। यह सब इस मायने में सही माना जाएगा कि नेता जो कहता है, उसे करता भी है। अभी तक कांग्रेस की राजनीति सवर्ण, दलित और अल्पसंख्यक समाज पर केंद्रित थी, जिसे भाजपा ने बेहद सफाई से अपने पाले में कर दिया।

# मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता की चुनौतियां

**ललित गर्ग**

भारतीय जनता पार्टी ने फिर एक बार दिल्ली मुख्यमंत्री के रूप में श्रीमती रेखा गुप्ता के नाम को लेकर न केवल चौंकाया बल्कि एक तीर से अनेक निशाने साधे हैं। रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने एक साथ कई समीकरणों को साधने का प्रयास किया है। इस चौंकाने वाले फैसले के पीछे भाजपा की कई रणनीतियां हैं, एक तरफ जहां जातिगत समीकरणों को साधने की कोशिश है वहीं दूसरी तरफ नेताओं के बीच प्रतिस्पर्धा को भी खत्म किया गया है। रेखा गुप्ता के रूप में भाजपा ने एक ऐसे चेहरे को आगे बढ़ाया है जो महिला सशक्तिकरण का प्रतीक भी है। रेखा गुप्ता भले ही पुरानी संघ के जुड़ी नेता रही हो, लेकिन उनका राजनीतिक अनुभव कोई बहुत ज्यादा नहीं रहा है। लेकिन भाजपा की इस नई तरह की राजनीति एवं सोच ने राजनीतिक दिग्गजों एवं कद्दावर नेताओं के स्थान पर नये चेहरों को आगे करके राजनीति की नई परिभाषा गढ़ती रही है, जो सफल भी रही है और राजनीति में परिवार एवं परम्परा को नकारा है। निश्चित ही अन्यराज्यों की भांति दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता भी नया इतिहास का सृजन करते हुए विकास की नई गाथा लिखेंगी। दिल्ली से पहले भाजपा की 13 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में सरकार थी लेकिन कोई भी महिला मुख्यमंत्री नहीं थी। दिल्ली में चौथी मुख्यमंत्री के रूप में भले ही रेखा गुप्ता का नाम राजनीति गलियारों में व्यापक चर्चा का विषय बन रहा हो, लेकिन राजनीति में महिलाओं के वर्चस्व को बढ़ाने की यह कोशिश अभिनन्दनीय एवं सराहनीय है। राजस्थान, छत्तीसगढ़, उड़ीसा और मध्यप्रदेश में भाजपा ने मुख्यमंत्री के नामों को लेकर चौंकाया था। लेकिन यह संदेश भी दिया था कि पार्टी में बड़ा चेहरा होना सब कुछ नहीं है। कर्मठ कार्यकर्ता होना बहुत कुछ है, जो बिना अभिमान पार्टी नेतृत्व के सोच को आसमानी ऊंचाई दे सकता है। रेखा गुप्ता शालीमार बाग सीट से जीतकर पहली बार विधायक बनी हैं। शुक्रवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में रेखा गुप्ता ने नौवें मुख्यमंत्री के रूप में पद की शपथ ली, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के साथ अनेक राज्यों के मुख्यमंत्री उपस्थित रहे। रेखा गुप्ता पेशे से एक वकील हैं। भाजपा में उनकी गिनती अग्रणी नेताओं में होती है, वे दिल्ली भाजपा की महासचिव और भाजपा के महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। रेखा गुप्ता का जन्म हरियाणा के जींद में हुआ था, लेकिन उनकी शिक्षा-दीक्षा दिल्ली में हुई है। रेखा गुप्ता से पहले सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी इस पद पर रह चुकी हैं। रेखा गुप्ता पुरानी संघ से जुड़ी नेता रही हैं, दिल्ली यूनिवर्सिटी की छात्र संघ अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से अपना राजनीतिक सफर शुरु करने वाली रेखा गुप्ता कोमल स्वभाव, खुशमिजाज, संवेदनशील लेकिन बेबाकी, बेखौफ एवं बुलन्द आवाज में अपनी बात रखने का उनका माद्दा उनको एक खास पहचान देता है। निश्चित ही दिल्ली का नया मंत्रिमण्डल सशक्त एवं कार्यक्षम है। वैसे एक बड़ी सच्चाई तो यही है कि दिल्ली की जीत अगर किसी एक चेहरे पर हुई थी, तो वह नरेंद्र मोदी थे। दिल्ली की जनता से मोदी ने जो वायदे किये हैं, उनको पूरा करने के लिये वे स्वयं दिल्ली पर निगरानी रखेंगे। उनका मार्गदर्शन एवं नेतृत्व ही दिल्ली के विकास की नई गाथा लिखेगा। प्रवेश वर्मा सहित छह लोगों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। इस सूची में पंकज सिंह, आशीष सूद, रवींद्र इंद्रराज, कपिल मिश्रा और मनजिंदर सिंह सिरसा का नाम शामिल है। पंकज सिंह बिहार के रहने वाले हैं और राजपूत चेहरा हैं, इसके अलावा रविंद्र इंद्राज दलित चेहरा हैं, कपिल



मिश्रा ब्राह्मण तो सिरसा सिख। भाजपा ने सभी वर्गों को मंत्रिमण्डल में जगह दी है। मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता का सफर चुनौतीपूर्ण रहने वाला है, क्योंकि उनका उन सारी घोषणाओं और वादों को पूरा करना है, जो चुनाव के दौरान तीन किश्तों में जारी चुनाव घोषणा पत्र में किए थे और जिसे सभाओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बार-बार दोहराया था। इनमें यमुना की सफाई, स्वच्छ पेयजल, साफ प्रदूषण रहित हवा दिल्ली को देना, प्रति वर्ष 50 हजार नई नौकरियों का सृजन, महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपये देना, वृद्धों को पेंशन, मुफ्त बस यात्रा, नालों गलियों सीवर की सफाई, सड़कों की मरम्मत, ट्रैफिक जाम से निजात समेत आप सरकार की मुफ्त बिजली पानी जैसी लोकलुभावन योजनाओं को जारी रखना शामिल होगा। खासकर 15 साल तक मुख्यमंत्री रहीं और दिल्ली की सूरत बदलने वाली शीला दीक्षित के कामकाज से रेखा सरकार के कामकाज की तुलना होगी। इसके साथ ही रेखा गुप्ता को उपराज्यपाल और केंद्र सरकार के साथ तालमेल बिठाते हुए भी ये संदेश भी देना होगा कि वे कठपुतली मुख्यमंत्री नहीं हैं। इसके लिए उन्हें शीला और सुषमा का उदाहरण सामने रखकर नयी रेखाएं खिंचनी होगी। भले ही मुख्यमंत्री की घोषणा के साथ रेखा गुप्ता दिल्ली के दिलों पर छा गईं हो, एकाएक उनके फॉलोअर्स की रफ्तार देख हर कोई हैरान हो, उन्होंने दिग्गजों को पछाड़ा हो, लेकिन असली परीक्षा अब होगी और वह परीक्षा है उनका काम करने का तरीका एवं दिल्ली को दुनिया की अव्वल राजधानियों में शुमार कराने का। रेखा गुप्ता के सामने विपक्ष आम आदमी पार्टी के आक्रामक विरोध से निपटने की भी चुनौती होगी। 22 विधायक और 43 फीसदी मत प्रतिशत वाली आप विधानसभा के भीतर बाहर सरकार के विरोध में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इन बाहरी चुनौतियों के साथ ही पार्टी के भीतर वो नेता जिनकी नजर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर थी, उनके भीतरघात से भी सजग रहने व निपटने की चुनौती होगी। हालांकि, मौजूदा भाजपा नेतृत्व के दौर में भीतरघात बहुत असरदार नहीं बचा है, लेकिन इसके बावजूद भाजपा नेताओं की ही एक जमात उन्हें विफल होते भी देखना चाहेगी। मुख्यमंत्री को उन पर भी नजर रखनी होगी। आखिरी सबसे बड़ी चुनौती नौकरशाही पर सार्थक नियंत्रण और उसे जनोन्मुखी बनाने की होगी। साथ ही दिल्ली के सभी वर्गों समूहों और क्षेत्रों में संतुलन साधते हुए विकास करने की होगी। दिल्ली देश की राजधानी और केंद्र के सीधे नियंत्रण में है, इसलिए उनके हर काम पर देश एवं दुनिया के मीडिया के साथ-साथ केन्द्र की नजर रहेगी, इसलिए उन्हें फूंक फूंक कर कदम रखने होंगे। दिल्ली का विकास केजरीवाल सरकार के दौर में अवरुद्ध रहा है। जीत के बाद विजयी भाषण में प्रधनमंत्री मोदी ने यमुना को लेकर कई बड़े वादे किए हैं, जिनपर रेखा गुप्ता सरकार को खरा उतरना होगा। तय डेडलाइन पर यमुना का जीर्णोद्धार हो पाए इसका इंतजार दिल्ली की जनता कर रही है। दिल्ली की जनता यमुना नदी को अहमदाबाद की साबरमती नदी की तर्ज पर सौन्दर्यकरण के साथ विकसित होते हुए देखने को उतावली है। दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में इस वक्त सड़क कॉरिडोर प्रस्तावित है। इसके अलावा दिल्ली में कई स्थानों पर सड़कों का बुरा हाल है। इन सड़कों को दुरुस्त कराना भी एक बड़ी जिम्मेदारी होगी। दिल्ली में पूर्ववर्ती आप सरकार ने चार अस्पताल बनाने का लक्ष्य रखा था, लेकिन इसे पूरा नहीं किया जा सकता है। वहीं, आयुष्मान आरोग्य मंदिर से जुड़ी योजना भी लागू करना होगा। दिल्ली में जिस प्रकार सार्वजनिक परिवहन की जरूरत बढ़ती जा रही है, उस अनुरूप बसों की संख्या बढ़ानी होगी। दिल्ली में कूड़े के पहाड़ और वायु प्रदूषण बड़ी समस्या रही है। भाजपा इन मुद्दों पर आप पर हमलावर रही है लेकिन अब जब खुद भाजपा सत्ता में आ गई है तो इसके लिए कोई बहाना दिल्ली की जनता को रास नहीं आएगा। वायु प्रदूषण के कारण ना केवल लोगों के स्वास्थ्य प्रभावित हो रहे हैं बल्कि बच्चों के स्कूल बीच सेशन बंद भी कराने पड़ते हैं। भाजपा ने चुनाव के वक्त अपनी पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। रेखा गुप्ता अपनी टीम की छवि कितनी साफ, अहंकारमुक्त एवं पारदर्शी रख पाती हैं, यह भी उनके लिए बड़ी चुनौती होगी। वहीं, आप सरकार में हुए कथित भ्रष्टाचार की जांच कराना भी इसकी जिम्मेदारी होगी।

## सूडोकु नवताल- 7349

✶✶✶✶✫ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | | 1 | | 8 | | 2 |
| | 5 | | 8 | | 7 | | | |
| 9 | | | | 6 | | | | |
| | 6 | | 7 | 9 | | 5 | | 3 |
| 5 | | | | 4 | | | | 1 |
| 3 | | 1 | | 8 | 2 | | 7 | |
| | | | | 5 | | | | 6 |
| | | | 4 | | 3 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | 2 | | 1 | 5 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7348 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 |
| 4 | 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 |
| 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 |

# तीन प्रकार के सनातनी



**डॉ. प्रशांत करण**

कहा जा रहा है कि इस वर्ष का महाकुंभ इस शताब्दी का सनातनियों का सबसे बड़ा पर्व है। हम सब जानते हैं कि कुंभ द्वादश भाव से चलता है। हर बारह वर्ष पर कुंभ, छः वर्ष पर अर्धकुंभ और बारहवां कुंभ महाकुंभ होता है। इस वर्ष तीर्थराज प्रयाग में महाकुंभ का आयोजन चल रहा है। श्रद्धालुओं के पवित्र स्नान का विश्व कीर्तिमान प्रतिदिन नया बनता है। यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि कहीं यह कीर्तिमान पचहत्तर करोड़ श्रद्धालुओं तक न पहुँच जाए।

रवि बाबू चुनौती देकर कहने लगे हैं कि फरवरी के अंत तक देश में तीन ही तरह के सनातनी लोग बचेंगे—एक वे, जिन्होंने कुंभ में स्नान कर लिया; दूसरे वे, जिन्होंने कतिपय आकस्मिक कारणों से कुंभ में स्नान नहीं कर पाए; और तीसरे वे, जो स्वयं छिपकर कुंभ में स्नान तो कर आए, पर इसे सार्वजनिक नहीं होने दिया और अब लोगों को कुंभ स्नान के विरुद्ध भड़का रहे हैं, अफवाहें फैलाकर लोगों को डरा रहे हैं और कुंभ स्नान करने से रोकने पर तुले हैं। यह विभाजन जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र से ऊपर उठकर नई पहचान गढ़ रहा है—"स्नानी", "अस्नानी" और "स्नान विरोधी"।

प्रथम श्रेणी के कुंभ में स्नान कर चुके लोग स्वयं को शुद्धता का प्रमाणपत्र देते हैं। उनका मानना है कि कई जन्मों का एक सौ चौवालीस वर्षों का पाप अब जाकर कटा। उनके मुखमंडल की चमक-दमक किसी ब्यूटी पार्लर की फेशियल प्रक्रिया अथवा सौंदर्य चमकाऊ क्रीम से नहीं, बल्कि पवित्र गंगा-यमुना-सरस्वती माताओं के संगम के जल की बूंदों से निखरी होगी। वे किसी भी तर्क-वितर्क में यह कहकर जीत जाएंगे—"पहले स्नान कर आओ, फिर बात करना।" धर्म, आध्यात्म और आस्था की भावना से ओतप्रोत होकर वे स्वयं को मोक्ष के एकदम निकट खड़ा पाकर इतराएंगे और दूसरों को अनेक जन्मों के नाना प्रकार के पापों का बोझ उठाने वाला समझेंगे।

इससे प्रेरित होकर दूसरी श्रेणी के अस्नानी लोग भी झख मारकर कुंभ स्नान के लिए प्रथम यज्ञ की पुनीत धरा प्रयागराज चले ही जाएंगे और कुंभ स्नान कर अस्नानी कहलाने का कलंक मिटा ही डालेंगे। अस्नानी, जो अब तक महाकुंभ में स्नान करने प्रयागराज नहीं जा पाए, वे अपने-अपने कार्यालयों से अवकाश लेने की तरह-तरह की जुगत भिड़ाएंगे। ट्रेन की टिकट नहीं मिली या बस आलस कर गए—ऐसे लोग पुनर्विचार कर नए विकल्प खोजेंगे। नहीं तो इन्हें जीवनभर इस ग्लानि से जूझना पड़ेगा कि वे इस ऐतिहासिक महाकुंभ स्नान युग का हिस्सा नहीं बन पाए। स्नानी मित्र उनसे मिलते ही ताने मारेंगे—"अरे, तुम तो अभी तक अपवित्र ही घूम रहे हो!" वे कचोट कर, तिलमिलाकर जाने का निश्चय कर लेंगे। अधिकतर अपने-अपने अन्तःपुर के दबाव में किसी भी प्रकार से स्नान करने निकल पड़ेंगे। कुल मिलाकर अस्नानी, स्नानी बनने का हर प्रकार से जी तोड़ प्रयास करेंगे। अगर किसी प्रकार असफल भी हुए तो उन्हें यह मलाल नहीं होगा कि प्रयास नहीं किया। अन्तःकरण की इस भावना से ही वे संगम का जल अपने अधम शरीर पर छींटकर पवित्र लोगों की श्रेणी में खड़े हो जाएंगे।

तीसरी प्रजाति के स्नान विरोधी गला फाड़ चीख-चीखकर जितना स्नान विरोधी एजेंडा चलाएंगे, उतना ही वे सनातनी समाज की दृष्टि में नीचे उतरते चले जाएंगे। यह तीसरी प्रजाति राजनीति का डंका बजाएगी, लेकिन उनके डंके से फटे ढोल का कोलाहल ही उत्पन्न होगा। ऐसे लोग झूठे दुष्प्रचार में लगेंगे और अपनी पोल स्वयं ही खुलवा लेंगे। आर्यावर्त की धरा धर्मप्रधान है। हमें आस्था में कोई पछाड़ नहीं सकता। भारतीय स्त्रियां युगों-युगों से धर्मपरायण रही हैं, पुरुषों में यह मात्रा कम है। जब विश्व के अन्य धर्मावलंबी भी सनातन ज्ञान से आकर्षित हैं, तो वे स्नान विरोधियों को किस दृष्टि से देखेंगे? फिर वे चुपके से उन्हें बताएंगे कि हम तो असल में स्नानी हैं, स्नान विरोधी होने के हमें पैसे मिलते हैं। धन के भार से धर्म दब गया है।




**मेष राशि** : आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। दोपहर तक आपको कोई अच्छी खबर मिल सकती है। विरोधी आज आपके बारे मे अफवाहें फ़ैलाने के लिए तैयार बैठे हैं ऐसा कोई मौका ही न दें। आपकी प्रतिभा मान-सम्मान बढ़ाने में कारगर साबित हो सकती है। आपको कुछ ऐसे काम दिए जायेंगे, जिन्हें आप आसानी से पूरा कर लेंगे।

**वृष राशि** : आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज पूरा दिन माता-पिता के साथ बितेगा। जिन सीमित विचारों की वजह से आप विचार के दायरे से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं, आज उन्हें तोड़कर जीवन में बदलाव लाने में सफल होंगे। आज सरकारी काम या कोर्ट संबंधित कामों को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा, एग्जाम से रिलेटेड शुभ समाचार मिल सकता हैं।

**मिथुन राशि** : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। राजनीति से जुडे लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ होगी। आज कार्यस्थल पर लोगों के साथ जुड़े रहने की और मिलने-जुलने की कोशिश करेंगे, लेकिन अपने विचारों में किसी भी प्रकार का बदलाव सोच-समझकर करें। पिछली बातों से मिली सीख को आज ध्यान में रखेंगे। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा।

**कर्क राशि** : आज आपके दिन की शुरुआत खुशियों से भरी होगी। आज अन्य लोगों की समस्याओं को सुलझाने पर आपका ध्यान रहेगा, इस कारण व्यक्तिगत जीवन की कुछ बातों को नजरअंदाज न करें। आज का दिन दोस्तों के साथ मौज-मस्ती में बितेगा, आप उसके साथ बाहर जा सकते है जहां किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात होगी। परिवार के साथ रात का डिनर बाहर करने का मन बनायेंगे।

**सिंह राशि** : आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप नए विचारों से परिपूर्ण रहेंगे। आप जिन कामों को करने के लिए सोचेंगे, वे आपको उम्मीद से ज़्यादा फायदा दे सकते हैं। आज के दिन की शुरुआत शुभ संकल्पों से होगी। जो लोग मिट्टी के व्यवसाय से जुड़े है, उनके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर अमल करने के लिए आज का दिन अच्छा है।

**कन्या राशि**: आज भाग्य का आपको पूरा-पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में अपनी प्रगति के बारे में विचार करेंगे। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे तो बिना गड़बड़ के काम समय से पूरा हो जायेगा। आज आप पुरानी देनदारी निपटा सकते हैं। आज आपको दूसरों का मूड समझने में बहुत हद तक सफलता मिलेगी। आगे बढ़ने के लिए आप कुछ नया सीखेंगे। इस राशि के जो लोग सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, उन्हें तरक्की के नये अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला राशि** : आज आपका दिन शानदार रहेगा। ऑफिस के किसी काम को लेकर बॉस आपको सलाह देंगे, जो आपके लिए कारगर साबित होगा। आज किसी से भी बेवजह मजाक करने से आपको बचना चाहिए। आज महत्वपूर्ण काम पूरा होने से मन खुश रहेगा। आज कुछ नये मौके और नये विचार सामने आयेंगे, जिन्हें आप खुले मन से स्वीकार करेंगे। आज आप ज्यादातर मामलों में खुद को भाग्यशाली महसूस करेंगे।

**वृश्चिक राशि** : आज आपका दिन लकी रहेगा। आज आप जो भी करें, अच्छे से समझकर करें, फायदा होगा । सरकारी कामों में किसी अनुभवी से सलाह मिल सकती है, जो आपके बहुत काम आ सकती है । इस राशि के जो लोग कोचिंग संचालक हैं, उनके लिये अपने काम में कुछ बदलाव करने का आज अच्छा दिन है। स्वास्थ्य को लेकर आज आप सतर्क रहेंगे।

**धनु राशि** : आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है। इस राशि के कांट्रेक्टर के लिए आज का दिन धनलाभ देने वाला है।

**मकर राशि** :आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज थोड़ी मेहनत से किसी बड़े फायदे का योग बन रहा है। जीवनसाथी की मदद से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आज किसी समारोह में जाने का प्लान बनायेंगे, जहां किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है।

**कुंभ राशि** : आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज किसी ऐसे मित्र से कॉल पर बात होगी, जिससे पुरानी यादें ताजा हो जाएगी। आज पिछली बातों की वजह से मन उलझन में रहेगा, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जायेगा। प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है, इससे आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

**मीन राशि** : आज आपका दिन नई सौगात लेकर आया है। आज करियर संबंधी शुभ समाचार मिलेगा, जिससे घर का वातावरण खुशनुमा हो जायेगा। सेहत आज फिट रहेगी। मन में पैसों को लेकर कई तरह के विचार आ सकते हैं।

# बेहतर स्थिति में भारतीय अर्थव्यवस्था

**सतीश सिंह**

खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कमी के कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दर जनवरी महीने में कम होकर 4.31 प्रतिशत के स्तर पर आ गई, जो पिछले 5 महीनों में सबसे कम है। यह दिसम्बर महीने में 5.22 प्रतिशत के स्तर पर थी, जबकि जनवरी 2024 में यह 5.1 प्रतिशत के स्तर पर थी। इससे पहले नवम्बर महीने में महंगाई दर 5.48 प्रतिशत के स्तर पर थी। महंगाई के बास्केट में लगभग 50 प्रतिशत योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इनकी महंगाई महीने दर महीने आधार पर जनवरी महीने में घटकर 6.02 प्रतिशत के स्तर पर आ गई। दिसम्बर महीने में यह 9.04 प्रतिशत से घटकर यह 8.39 प्रतिशत के स्तर पर आ गई थी, जो जनवरी 2024 में 8.30 प्रतिशत के स्तर पर थी। वहीं, ग्रामीण महंगाई दिसम्बर महीने में 5.95 प्रतिशत से घटकर 5.76 प्रतिशत और शहरी महंगाई 4.89 प्रतिशत से घटकर 4.58 प्रतिशत के स्तर पर आ गई थी। मौजूदा गिरावट की सबसे बड़ी वजह सब्जियों की कीमतों में भारी कमी का आना है। आंकड़ों के मुताबिक खाद्य और पेय पदाथरे की महंगाई जनवरी महीने में 5.68 प्रतिशत के स्तर पर रही, जबकि दिसम्बर महीने में यह 7.7 प्रतिशत के स्तर पर थी। खास तौर पर सब्जियों की कीमतें 25.6 प्रतिशत से कम होकर 11.35 प्रतिशत के स्तर पर आ गई, जिससे आमजन को भारी राहत मिली है। इसी क्रम में अनाज की महंगाई जनवरी महीने में 6.24 प्रतिशत के स्तर पर रही, जो दिसम्बर महीने में 6.5 प्रतिशत के स्तर पर रही थी। मांस और मछली की महंगाई जनवरी महीने में 5.25 प्रतिशत के स्तर पर आ गई, जो दिसम्बर महीने में 5.3 प्रतिशत के स्तर पर थी। गौरतलब है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने दिसम्बर महीने में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए महंगाई के अनुमान को 4.8 प्रतिशत कर दिया था, जबकि इसके पहले केंद्रीय बैंक ने इसे 4.5 प्रतिशत के स्तर पर रहने का अनुमान जताया था। वहीं, वित्त वर्ष 2025 और वित्त वर्ष 2026 में महंगाई के भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित सहनशीलता सीमा के अंदर रहने के आसार हैं। किसी की क्रय शक्ति को निर्धारित करने में मुद्रास्फीति महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुद्रास्फीति बढऩे पर वस्तु एवं सेवा दोनों की कीमतों में इजाफा होता है, जिससे व्यक्ति की खरीदारी क्षमता कम हो जाती है और वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग कम हो जाती है। फिर, उनकी बिक्री कम होती है, उनके उत्पादन में कमी आती है, कंपनी को घाटा होता है, कामगारों की छंटनी होती है, रोजगार सृजन में कमी आती है आदि। फलतः आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ जाती हैं एवं विकास की गति बाधित होती है। ऐसे में यह कहना समीचीन होगा कि महंगाई को कम करने से ही विकास की रफ्तार तेज हो सकती है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जीडीपी के वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपने पहले अग्रिम अनुमान में जीडीपी वृद्धि दर के 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है, जो पिछले 3 वित्त वर्षो से कम है। गत वित्त वर्ष के दौरान जीडीपी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही थी। वहीं, भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान जीडीपी के 6.6 प्रतिशत की दर से आगे बढऩे का अनुमान




जताया है। वैसे,भारत की जीडीपी वृद्धि दर के कम होने के बावजूद दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका से भारतीय अर्थव्यवस्था बेहतर स्थिति में है और आगामी वर्षो में भी इसके मजबूत बने रहने के आसार हैं। वित्त वर्ष 2024 के दौरान अमेरिका में विकास दर के 2.7 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2025 में 2.0 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इधर, खनन और विनिर्माण क्षेत्र के कमजोर प्रदर्शन के कारण दिसम्बर 2024 में भारत औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) वृद्धि दर कम होकर 3.2 प्रतिशत के स्तर पर आ गई। साथ ही, सरकार ने नवम्बर 2024 के आईआईपी आंकड़ों 5.2 प्रतिशत से संशोधित करके 5.00 प्रतिशत कर दिया है। खनन व विनिर्माण क्षेत्र की धीमी रफ्तार और विगत दो तिमाहियों में जीडीपी की धीमी गति को देखते हुए, सरकार विकास की गति को बढ़ाना चाहती है। इसलिए, बजट में भी निवेश, बचत और खपत को बढ़ाने पर जोर दिया गया है, क्योंकि इनमें तेजी लाकर ही आर्थिक गतिविधियों में तेजी लाकर विकास को गति दी जा सकती है। आर्थिक गतिविधियों में तेजी लाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने 7 फरवरी को की गई मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की, जिससे यह 6.50 प्रतिशत से घटकर 6.25 प्रतिशत के स्तर पर आ गया। गौरतलब है कि करीब 5 सालों के बाद रेपो दर में कटौती की गई है। मुख्य तौर पर महंगाई के कारण केंद्रीय बैंक अभी तक रेपो दर में कटौती करने से परहेज कर रहा था। पिछले दो सालों में 14 प्रतिशत से 16 प्रतिशत के बीच की ऋण वृद्धि रहने के बाद समग्र क्रेडिट ग्रोथ बीते कुछ महीनों से धीमी हो रही है और दिसम्बर 2024 में यह घटकर 11.2 प्रतिशत के स्तर पर आ गई है। इसका एक बड़ा कारण उधारी दर का महंगा होना है। दरअसल, बैंकों के पास सस्ती पूंजी नहीं है।

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित।पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
संपादक : **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'**❀; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।**
**रांची –** 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड।
फोन– 9142412511/9102251947; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com
❀समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ० यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

संक्षिप्त समाचार

## सहरसा वैश्य समाज और सांसद समर्थकों ने निकाला आक्रोश मार्च

● पुतला फूंका



**सहरसा, एजेंसी।** खगड़िया जिले के परबत्ता विधानसभा से जदयू विधायक डॉ संजीव कुमार के खिलाफ वैश्य समाज और खगड़िया के लोजपा सांसद राजेश वर्मा के समर्थकों ने सहरसा जिले के सिमरी बख्तियारपुर बाजार में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध एक वायरल ऑडियो को लेकर किया गया। इसमें विधायक को सांसद और वैश्य समाज के लिए अपशब्द कहते सुना गया। सांसद प्रतिनिधि रितेश रंजन के नेतृत्व में सहरसा के सिमरी बख्तियारपुर में आक्रोश मार्च निकाला गया। मार्च स्टेशन चौक से शुरू होकर मुख्य बाजार होते हुए शर्मा चौक तक पहुंचा। प्रदर्शनकारियों ने विधायक का पुतला दहन किया और उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि विधायक के बयान से समाज की भावनाएं आहत हुई है। उन्होंने विधायक से सार्वजनिक माफी की मांग की है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और जदयू नेतृत्व से कार्रवाई की मांग की है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक विधायक माफी नहीं मांगते, उनका विरोध जारी रहेगा।

## बैंक मैनेजर पर महिला कर्मी ने लगाया छेड़खानी का आरोप

● किशनगंज में मैनेजर ने दिखाया अश्लील वीडियो, लॉकर रूम में की छेड़छाड़

**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज में एसबीआई पश्चिम पाली शाखा के मैनेजर पर एक महिला बैंक कर्मी ने छेड़खानी का आरोप लगाया है। मामले को लेकर महिला कर्मी ने महिला थाना में आवेदन देकर बैंक मैनेजर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार युवती स्टेट बैंक ऑफ इंडिया पश्चिम पाली शाखा में ब्रांच रिलेशनशिप एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत थी। करीब चार महीने पहले पूर्व ब्रांच मैनेजर कौशल कुमार ठाकुर ने अपने चैंबर में महिला कर्मी को बुलाकर अपने मोबाइल पर अश्लील विडियो चला देता था। इसके अलावा 19 सितंबर 2024 को बैंक के लॉकर रूम में पीड़िता खाना खा रही थी उस वक्त मैनेजर कौशल लॉकर रूम में पहुंच गए और पीड़िता के साथ छेड़ छाड़ करते हुए शरीर पर हाथ डालने लगा। मैनेजर से तंग आकर महिला कर्मी 3 महीने से बैंक नहीं जा रही थी। इसके बाद भी मैनेजर मोबाइल से अश्लील बातें करता था।

## 2 छात्रों को बदमाशों ने मारी गोली, हालत गंभीर

● सासाराम में मैट्रिक परीक्षा के दौरान चीटिंग को लेकर विवाद, आरोपियों की खोज जारी

**सासाराम (रोहतास), एजेंसी।** सासाराम के राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर गुरुवार की मैट्रिक परीक्षा के दौरान चीटिंग को लेकर हुए विवाद के बाद दो परीक्षार्थियों को गोली मार दी गई। यह घटना बुढ़न मोड़ स्थित संत अन्ना स्कूल के पास की है। घायल छात्र डेहरी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शंभू बीघा गांव का रहने वाला है। एक छात्र की पहचान अमित कुमार के रूप में हुई है। वह मंजू यादव का बेटा है। दूसरे की पहचान 16 साल के संजीत कुमार के रूप में की गई है। वह कमलेश सिंह का बेटा है। घटना मां ताराचंडी धाम के पास हुई। स्थानीय लोगों की मदद से एक छात्र को नारायण मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। दूसरे को सदर अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर लाया गया। ट्रॉमा सेंटर में तैनात डॉक्टर राजेश कुमार ने बताया कि एक छात्र की पीठ में गोली लगी है। गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। धौडांड थाने की पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नालंदा को 820 करोड़ की सौगात, मुख्यमंत्री नीतीश ने किया 250 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

**पटना, एजेंसी।** दिल्ली में आज बीजेपी की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का शपथ ग्रहण समारोह है लेकिन बिहार के सीएम नीतीश कुमार उसमें शामिल नहीं हुए. वह प्रगति यात्रा के तहत आज अपने गृह क्षेत्र नालंदा में हैं. जहां उन्होंने जिले वासियों को 820 करोड़ की लागत से चल रही 250 से अधिक योजनाओं की सौगात दी.

### नालंदा को दी बड़ी सौगात

मुख्यमंत्री ने आज 820 करोड़ रुपये की 250 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. उनका यह दौरा खासतौर पर नानंद गांव और आसपास के क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है. जहां तालाब, फिटनेस पार्क, जिम, सामुदायिक भवन और पुस्तकालय सहित करोड़ों की योजनाओं का शुभारंभ हुआ है.

### क्या बोले राजगीर विधायक?

जेडीयू विधायक कौशल किशोर ने बताया कि आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजगीर विधानसभा क्षेत्र में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे. इन योजनाओं के शुरू होने से ग्रामीणों को कई लाभ मिलेंगे. इसके अलावा सीएम मोहनपुर स्थित मत्स्य हैचरी का भी दौरा करेंगे, जहां वे मछली बीज उत्पादन का निरीक्षण करेंगे. साथ ही ये जानने की भी कोशिश करेंगे किस तरह मछली पालन के माध्यम से लोगों



को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं. इसके लिए वे मत्स्य पालन से जुड़े किसानों और अधिकारियों से बातचीत भी कर सकते हैं. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के दौरान तालाब, फिटनेस पार्क, जिम, सामुदायिक भवन, पुस्तकालय सहित 820 करोड़ की लागत से चल रही 250 से अधिक योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे. राजगीर

### जेडीयू कार्यकर्ता से लेकर आम लोग भी उत्साहित

नीतीश कुमार के दौरे को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है. सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं. संबंधित विभागों को समय से पहले सभी तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया गया था. सीएम के इस दौरे को लेकर स्थानीय लोग भी बेहद उत्साहित हैं और उन्हें उम्मीद है कि इससे क्षेत्र में विकास को और गति मिलेगी. इसके साथ ही स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत मुख्यालय बिहारशरीफ पूरी तरह से सजधज कर तैयार है और पूरा शहर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पोस्टर से पटा पड़ा है.

विधानसभा क्षेत्र में भी कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ होगा. मोहनपुर स्थित मत्स्य हैचरी का भी वह दौरा करेंगे, जहां वे मछली बीज उत्पादन का निरीक्षण करेंगे.- कौशल किशोर, जेडीयू विधायक, राजगीर

### रोजगार पर सीएम का फोकस

मुख्यमंत्री के इस दौरे में मुख्य फोकस स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ाने और ग्रामीण विकास को गति देने पर होगा. बिहार सरकार मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए मत्स्य हैचरी जैसी परियोजनाओं को आगे बढ़ा रही है, ताकि किसानों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा सके. सीएम अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे, जिसमें वह योजनाओं की प्रगति पर चर्चा करेंगे.

# बिहार में भीषण हादसा, महाकुंभ से लौट रही कार ट्रक में घुसी, 5 मिनट में 6 लोगों की मौत



**भोजपुर, एजेंसी।** बिहार के भोजपुर में भीषण सड़क हादसा हुआ है. हादसे में छह श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत हो गई. भोजपुर के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दुल्हीनगंज पेट्रोल पंप के समीप सुबह यह हादसा हुआ. सभी महाकुंभ स्नान कर लौट रहे थे. कार अनियंत्रित होकर ट्रक के अंदर घुस गयी.

### भोजपुर में दर्दनाक हादसा

बताया जाता है कि मोहनियां-आरा मार्ग पर कार और ट्रक की टक्कर हुई, जिसमें सभी लोगों की जान चली गई. जिस कारण से घटना हुई है, वह पटना नंबर की है. मृतक भी पटना निवासी ही बताए जा रहे हैं. मरने वालों में 4 महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं.

### इनकी हुई मौत

मरने वालों की पहचान पटना जक्कनपुर सुदामा कॉलोनी निवासी स्व. विशुनदेव प्रसाद के पुत्र संजय कुमार(62), पत्नी करुणा देवी(58), बेटा लाल बाबू सिंह(25), बेटी प्रिया कुमार (20) और पटना के कुम्हरार निवासी आनंद सिंह की बेटी आशा किरण(28) और चंद्रभूषण प्रसाद की बेटी जूही रानी(25) के रूप में हुई है.

### महाकुंभ से लौट रहे 6 लोगों की मौत

स्थानीय लोगों के मुताबिक तेज रफ्तार के कारण हादसा हुआ. आरा मोहनिया (फोरलेन) ट्रक खड़ी थी, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही कार ट्रक में घुस गई. कार में सवार सभी 6 लोगों की मौत हो गई.

### 5 मिनट में सभी की मौत

घटना अहले सुबह 3 बज कर 17 मिनट पर हुई है. पास में मौजूद पेट्रोल पंप के चश्मदीद स्टाफ ने बताया कि हादसा इतना जोरदार था कि आवाज सुनकर डर गए और दौड़ कर गाड़ी के पास पहुंचे. महज 5 मिनट लगा होगा पहुचने में तब तक कोई जिंदा नहीं बचा.

### कैसे हुआ हादसा?

स्थानीय लोगों ने बताया, हादसे को देखकर ऐसा लग रहा था कि कार के ड्राइवर को नींद आ गई हो, जिस कारण यह हादसा हुआ. घटना के बाद से ट्रक ड्राइवर फरार हो गया. कार ने काफी जोर से टक्कर मारते हुए ट्रक में जा घुसी. टक्कर लगते ही कार के परखच्चे उड़ गए. एक पहिया 20 फीटर दूर जाकर पड़ा मिला. कार के कई पार्टस इधर-उधर बिखड़ा पड़ा मिला. स्थानीय लोगों ने मशक्कत से कार में फंसे लोगों को निकाला लेकिन सभी की मौत हो चुकि थी.



## नालंदा में सैकड़ों की संख्या में जिराइन नदी में उतरे लोग, ट्रैक्टर पर बालू भरकर ले गए

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में पुलिस से बेखौफ बालू माफियाओं का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि आधा दर्जन से अधिक ट्रैक्टर लेकर सैकड़ों लोग नदी से बालू का अवैध रूप से खनन कर रहे हैं। पूरा मामला मानपुर थाना क्षेत्र के देकुली पुल के समीप जिराइन नदी का है। वायरल हो रहा वीडियो शुक्रवार सुबह का है। वीडियो में दिख रहा है कि मानपुर थाना क्षेत्र से होकर बहने वाली जिराइन नदी में लगभग आधा दर्जन से अधिक ट्रैक्टर मौजूद हैं। सैकड़ो लोग बालू का अवैध रूप से उत्खनन कर उसे ट्रॉली में भरने में जुटे हुए हैं। बालू माफियाओं की इस हरकत से नदी और पर्यावरण ही नहीं बल्कि जिराइन नदी पर बने देकुली पुल को भी नुकसान हो सकता है। पुल के इतने नजदीक अवैध रूप से खनन करने से पुल का नींव कमजोर हो सकता है।

**पहचान कर कार्रवाई में जुटी पुलिस :** इस मामले में मानपुर थाना अध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि क्षेत्र में एक व्यक्ति की संदिग्ध हालत में मौत हो गई है। इसी सिलसिले में पुलिस सदर अस्पताल में है। इसी का फायदा उठाकर बालू माफियाओं के द्वारा अवैध रूप से बालू का खनन किया गया है। वायरल वीडियो के आधार पर पहचान कर बालू माफिया के खिलाफ पुलिस कार्रवाई में जुट गई है। पिछले सप्ताह ही 10 लाख रुपए का फाइन बालू माफिया के खिलाफ किया गया है।

## दहलाने की साजिश नाकाम, जमुई में रेलवे ट्रैक के पास मिला 45 किलो बारूद



**जमुई, एजेंसी।** बिहार के जमुई में रेलवे ट्रैक के पास 45 किलो बारूद मिला है. मामला सिमुलतला थाना क्षेत्र अंतर्गत धोडपारन का है. जहां सुरक्षाबलों को ये बड़ी कामयाबी हाथ लगी है. जंगल से बरामद किये गए 45 किलो सफेद बारूद को सुरक्षित तरीके से डिफ्यूज कर दिया गया है. स्वान दस्ता की टीम ने खोज निकाला बारूदः सशस्त्र सुरक्षा बल के स्वान दस्ता की टीम ने सिमुलतला थानाक्षेत्र के घोरपारन जंगल से 45 किलोग्राम सफेद रंग का बारूद बरामद किया है. घटना के बाद बम निरोधक दस्ता की टीम ने जंगल में ही बारूद को नष्ट कर दिया. जानकारी के अनुसार बीते दो दिन पहले एसएसबी को गुप्त सूचना मिली थी कि जंगल में कहीं बारूद छुपाया गया है.

**रेलवे ट्रैक से 500 मीटर की दूरी पर मिला बारूदः** कंपनी कमांडर जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम बीते दो दिनों से लगातार बारूद बरामदगी के लिए खाक छान रही थी. जंगल में रेलवे ट्रैक से 500 मीटर की दूरी पर एक बोरे में बारूद बरामद हुआ है. बारूद पर पहली नजर स्वान की उसके गंध के कारण गई. जिसके बाद घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई.

**बम निरोधक दल बारूद को जलायाः** सर्किल निरीक्षक संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में सिमुलतला थानाध्यक्ष धनंजय कुमार घटना स्थल पर पहुंच गए. बाद में बम निरोधक दल और एसटीएफ की टीम भी घटना स्थल पर पहुंच गई. बम निरोधक दल ने एसएसबी और स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में बारूद को जला दिया. बारूद जब तक जलकर नष्ट नहीं हो गया तबतक मीडिया कर्मियों को पूरी घटना क्रम से दूर रखा गया.

वहीं थानाध्यक्ष ने बताया कि बारूद का सैंपल रखा गया है. ये सफेद रंग का है अमोनियम नाइट्रेट लग रहा है. सिमुलतला के थानाध्यक्ष धनंजय कुमार का कहना है कि कौन सा बारूद है इसकी सही जानकारी जांच के बाद ही स्पष्ट होगी. जितनी मात्रा में बारूद बरामद हुआ है, अगर विस्फोट के लिए उपयोग होता तो बड़ी घटना का शक्ल अख्तियार कर सकता था.

## दरभंगा में सरकारी जमीन पर कब्जा !

### बांस और फीता लेकर जमीन घेरने पहुंच गये लोग



**दरभंगा, एजेंसी।** बिहार में लूट, चोरी और छिनतई की घटनाएं समय-समय पर सुनी जाती रही हैं. वहीं दरभंगा में सरकारी जमीन की लूट का मामला चौंका देने वाला है.

यहां पशुपालन विभाग के 19 एकड़ जमीन को जमीन कारोबारी के इशारे पर स्थानीय लोगों ने लूट (कब्जा) लिया. लोग फीता और बांस आदि लेकर मौके पर पहुंचकर सरकारी जमीन को घेरकर अपना बताने लगे. जिसके बाद यह चर्चा का विषय बना हुआ है।

### दरभंगा में सरकारी जमीन की लूट

दरअसल, दरभंगा जिला के लक्ष्मीसागर मुहल्ले में 1973 ई से 19 एकड़ जमीन में पशुपालन विभाग का कार्यालय चल रहा है. वर्तमान में पशुपालन विभाग की तीन एकड़ जमीन में सुधा दूध का डेयरी फार्म चलता है. सात एकड़ जमीन पशुपालन विभाग का तालाब है. दो एकड़ जमीन पर बिजली विभाग सब स्टेशन व पम्प हाउस संचालित हो रहा है और शेष जमीन पर पशुपालन विभाग का कार्यालय और खाली जमीन है.

### शिकायत पर मौके पर पहुंची पुलिस

वहीं पशुपालन पदाधिकारी इंतखाब आलम ने बताया कि यहां के चिकित्सक अरुण कुमार द्वारा सूचना मिली कि पशुपालन विभाग के चारों तरफ खाली जमीन को असामाजिक तत्वों के लोग के द्वारा कब्जा किया जा रहा है. तुरंत डायल 112 व वरीय अधिकारी को शिकायत की. जिसके बाद संज्ञान लेते हुए एसडीओ, सीओ डीसीएलआर ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया. इसकी लिखित शिकायत विश्वविद्यालय थाना मे दर्ज करवाया है.

### बांस, फीता से घेरने लगे जमीन

वहीं स्थानीय अमित कुमार साह ने बताया की यह जमीन पशुपालन विभाग की जमीन है. बचपन में हमलोग इस जमीन पर क्रिकेट खेलते आए हैं. पता चला कि पशुपालन विभाग की जमीन की लूट हो रही है. यही देखने यहां आये तो, देखा कि लोग बांस, फीता ओर डोरी लेकर जमीन को घेर रहे है. दरभंगा के जिलाधिकारी राजीव रोशन का कहना है कि यह मामला पूरी तरह से गलत है. अगर कोई सरकारी जमीन कब्जा पर करेंगे तो कानून अपने हिसाब से कार्रवाई करेगी. इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है. जो लोग दोषी पाएंगे उन पर उचित कार्रवाई की जाएगी.

# बिहार में एक लाख का इनामी नक्सली लोहा सिंह गिरफ्तार, एसएसबी ने दबोचा




**गया , एजेंसी।** बिहार के गया में एसएसबी 29 वीं वाहिनी और धनगाई पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में कुख्यात नक्सली सुरेश सिंह भोक्ता उर्फ लोहा सिंह को गिरफ्तार किया गया है. यह लंबे अरसे से फरार चल रहा था. सुरक्षा बल इसे लगातार तलाश रहे थे. इसी बीच नक्सली सुरेश सिंह भोक्ता उर्फ लोहा सिंह के संबंध में एसएसबी को इनपुट मिला था.

### एसएसबी कमांडेंट को मिली थी सूचना

जानकारी के अनुसार, 29वीं वाहिनी एसएसबी गया के कमांडेंट हरे कृष्णा गुप्ता को कुख्यात नक्सली सुरेश सिंह भोक्ता उर्फ लोहा सिंह के संबंध में सूचना मिली थी. इसके बाद एसएसबी धनवाई समवाय और धनगाई पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की. इस क्रम में धनगाई थाना अंतर्गत तिलेटांड़ में छापेमारी की गई.

### नक्सली लोहा सिंह के खिलाफ कई मामले दर्ज

सुरक्षा बलों ने मौके पर घेराबंदी की और फरार चल रहे एक लाख के कुख्यात इनामी नक्सली लोहा सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया. इसकी गिरफ्तारी सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताई जा रही है. इसके खिलाफ मगध के जिलों में कई कांड अंकित बताए जाते हैं. एसएसबी 29वीं वाहिनी गया के कमांडेंट हरे कृष्णा गुप्ता ने बताया कि एक लाख के इनामी नक्सली की गिरफ्तारी की गई है. यह काफी कुख्यात नक्सली बताया जाता है. बताया कि गुप्त सूचना मिलने के बाद एसएसबी धनगाई समवाय और धनगाई पुलिस ने संयुक्त छापेमारी की और फिर इस कुख्यात इनामी माओवादी को गिरफ्तार कर लिया गया. गिरफ्तार नक्सली को धनगाई थाना की पुलिस को सौंप दिया गया है.

### पहले भी हो चुकी है कार्रवाई

बता दें कि बिहार के गया जिले में नक्सलियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है. इससे पहले भी कई नक्सलियों को दबोचा गया है. सीआरपीएफ, कोबरा, एसएसबी के जवान उन्हें घुटने पर लाने की कोशिश में लगे रहते हैं. गया पुलिस भी लगातार एक्शन में दिखाई देती है.

## मांगों को लेकर बैंक कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ यूनियनस के आह्वान पर मिठनपुरा स्थित मुजफ्फरपुर आंचलिक कार्यालय पर बैंक कर्मियों ने गुरुवार को विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन आंचलिक प्रबंधक को सौंपा। बैंक ऑफ इंडिया इंप्लाइज यूनियन (बिहार स्टेट) के सचिव पंकज कुमार ठाकुर ने बताया कि 27 फरवरी 2021 को हुए समझौतो को लागू करने में बैंक प्रबंधन आनाकानी कर रहा है। बैंक शाखाओं में समुचित संख्या में लिपिक एवं चतुर्थ वर्गीय कर्मियों से बार-बार समझौता करने के बाद भी विलंब होने से कर्मियों में आक्रोश है।

## संक्षिप्त समाचार

### नहर में एक महीने तक पड़ी रही युवक की लाश...अब हुई ऐसी हालत, देखकर कांप गए लोग

**मैनपुरी , एजेंसी।** मैनपुरी के कुसमरा में एक माह पूर्व नहर में छलांग लगाकर आत्महत्या करने वाले युवक का शव लोअर गंगा नहर रामनगर पुल के पास नहर में बरामद हुआ। शव की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकालकर परिजनों को शिनाख्त कराई और पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया।

बीती 20 जनवरी को थाना किशनी के ग्राम जबापुर निवासी भूपेंद्र उर्फ डब्लू उम्र 32 वर्ष घर से बाजार की कहकर आया था। देर सांय तक वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने तलाश की। पता चला कि एक युवक नहर किनारे साइकिल खड़ी कर नहर में कूद गया। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर साइकिल की शिनाख्त कर पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने भी पांच दिन तक एसडीआरएफ की टीम की मदद से नहर में युवक की तलाश कराई लेकिन कुछ हाथ ना लगा था।

एक माह बीत जाने के बाद शुक्रवार को एक शव नहर में उतराता दिखाई दिया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकाल लिया। परिजनों शव की शिनाख्त भूपेंद्र के रूप में कर ली। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया दिया है।

### पंचायत उपचुनाव: हरनोट भोजपुर की ग्राम प्रधान बनीं रविता यादव, 116 मतों से जीता चुनाव

**अलीगढ़ , एजेंसी।** अलीगढ़ जनपद की ग्राम पंचायत हरनोट भोजपुर में ग्राम प्रधान के लिए पंचायत उपचुनाव हुए। रविता यादव 116 मतों से चुनाव जीतकर ग्राम प्रधान बन गई हैं। बिजौली ब्लॉक की ग्राम पंचायत हरनोट भोजपुर में ग्राम प्रधान के पद के लिए हुए उपचुनाव में रविता यादव पत्नी शिवम यादव ने पूर्व प्रधान की पुत्रवधू नीलम देवी को 116 मतों से हराकर चुनाव में जीत हासिल की है। खंड विकास अधिकारी अवधेश कुमार मिश्रा ने रविता यादव को जीत का प्रमाण पत्र दिया। मतगणना से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविता यादव को 626, नीलम देवी को 510, गुड्डो देवी पत्नी ब्रह्मदेव को 363, मीना पत्नी शरद कुमार को 270, सरिता पत्नी लखन यादव को 37, मधु पत्नी इंद्रपाल सिंह को 18 मत मिले।

## सोनी और अंकित के थे कानपुर के डुहरु में लटक मिले शव

**सुनील बाजपेई । कानपुर।** सजेती क्षेत्र के डुहरू गांव के खंडहरनुमा घर में लटके मिले युवक और युवती के शवों की शिनाख्त हो गई है। यह दोनों बीते बुधवार को एक ही फंदे पर लटकी मिली थी। 2 दिन तक चली पुलिस की छानबीन के बाद अब प्रेमी युगल के शव की शिनाख्त घाटमपुर निवासी सोनी और अंकित के रूप में परिजनों ने की है।

मौके पर पहुंची पुलिस को दी गई जानकारी के मुताबिक दोनों रिश्ते में चाचा-भतीजी लगते हैं। बताते चलें कि जिस थानाक्षेत्र सजेती में दोनों के शव लटके मिले वहां से दोनों के निवास क्षेत्र घाटमपुर आठ किमी दूर है।

मामले में पोस्टमार्टम हाउस में परिजनों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाकर हंगामा भी किया।

पुलिस ने दोनों परिवारों को समझाकर शांत कराया।

पुलिस को विवरण देते हुए घाटमपुर के जवाहरनगर द्वितीय कस्बा में रहने वाले पुत्तन उर्फ उत्तम संखवार ने बताया कि उनकी बेटी सोनी (21) की शादी 15 फरवरी को होनी थी। वह 14 फरवरी को दोपहर 12:30 बजे ब्यूटी पार्लर जाने के लिए निकली थी। इसके बाद घर लौटकर नहीं आई। घाटमपुर थाने में सोनी की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इसी के बाद दोनों की शव सजेती थाना क्षेत्र में लटके हुए पाए गये थे।

# रवि हत्याकांड: थप्पड़ मारने की खुन्नस में की थी हत्या, मामले को राजनैतिक रंग देने की कोशिश, चाचा ने कही ये बात

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में सजेती के दौलतपुर गांव में बुधवार को हुई रवि यादव की हत्या के मामले को राजनैतिक रंग देने की कोशिश की जा रही है। बताया गया कि पीडीए की बैठक में शुभम उर्फ छोटू ने सपा और रवि पर अभद्र टिप्पणी कर दी थी। इस पर रवि ने उसे थप्पड़ जड़ दिया था। इसी का बदला लेने के लिए शुभम ने भाइयों संग मिलकर रवि की हत्या कर दी। इधर, गुरुवार को पुलिस ने हत्यारोपी तीन भाइयों को जेल भेज दिया।

चाचा रामनरेश यादव ने बताया कि वह सपा के दौलतपुर गांव के सेक्टर प्रभारी हैं। 16 फरवरी को वह पार्टी के लोगों के साथ दौलतपुर बाजार में पीडीए की बैठक कर रहे थे। उनका भतीजा रवि यादव भी मौजूद था। बकौल रामनरेश, हत्यारोपी शुभम तिवारी सत्ताधारी दल का समर्थक है, उसने सपा और रवि को लेकर अभद्र टिप्पणी कर दी। इस पर रवि ने उसे थप्पड़ मार दिया था।

सपा नेताओं ने परिजनों को दी सांत्वना

इसी का बदला लेने के लिए शुभम ने भाइयों के साथ मिलकर रवि गोली मारकर हत्या कर दी। रवि के सपा से जुड़े होने के नाते गुरुवार को पोस्टमार्टम हाउस में पूर्व सांसद राजाराम पाल, पूर्व विधायक मुनींद्र शुक्ला, पूर्व पार्षद अंकित यादव, सपा नेता अनिल सोनकर वारसी समेत बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इन लोगों ने रवि के परिजनों को सांत्वना के साथ ही न्याय दिलाने का भरोसा दिया।



**यमुना नदी किनारे होगा अंतिम संस्कार:** पोस्टमार्टम के बाद शाम करीब पांच बजे पुलिस की निगरानी में रवि का शव वाहन से गांव ले जाया गया। इसके बाद परिजनों ने सूर्यास्त होने का हवाला देकर शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को शव का कानपुर देहात के मूसानगर में यमुना नदी के किनारे अंतिम संस्कार किया जाएगा। गुरुवार को घरों में चूल्हे नहीं जले।

**हत्यारोपियों के घर से बम व असलहे बरामद, तीन भाई भेजे गए जेल:** हत्यारोपी शुभम, मधुरम और मयंक तिवारी को पुलिस ने रात में गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस को देर रात इनके घर के तलाशी के दौरान देशी बम, देसी पिस्टल और दो तमंचे बरामद किए। तीनों हत्यारोपियों को सजेती के बजाय घाटमपुर थाने में रखा गया। उर्सला में तीनों का मेडिकल कराने के बाद गुरुवार को कोर्ट में पेश किया। वहां से तीनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

**हत्यारोपी और मृतक पहले थे दोस्त:** रवि यादव और मधुराम त्रिपाठी दोनों दोस्त थे। ग्रामीणों के मुताबिक, रवि पर गैंगस्टर लगने के बाद मधुराम ने उसका साथ छोड़ दिया। इसके बाद दोनों ने अलग अलग गांव की राजनीति शुरू कर दी। दोनों अपने अपने कुनबे की पंचायत में सक्रिय भूमिका अदा करने लगे और देखते ही देखते रंजिश की लकीर बढ़ती चली गई।

**गांव में पुलिस और पीएसी तैनात:** रवि की हत्या के बाद गांव में तनाव की स्थिति है। इसके चलते एडीसीपी साउथ महेश कुमार, एडीसीपी ट्रैफिक अर्चना सिंह, चार एसीपी 14 थानों का फोर्स, दो प्लाटून पीएसी तैनात रही। वहीं, पोस्टमार्टम हाउस में एसीपी शिखर यादव, नजीराबाद, स्वरूप नगर, काकादेव समेत कई थानेदार फोर्स के साथ मौजूद रहे। गुरुवार रात भी भारी पुलिस बल गांव में तैनात रहा।

**पुलिस ने बंद कर दिए थे घरों के दरवाजे:** रवि का शव हत्यारोपियों के घर से बरामद करने के लिए पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ी। वारदात की सूचना के बाद हत्यारोपियों के घर के बाहर भीड़ जमा हो गई थी। हत्यारोपियों को डर था कि भीड़ उनके घर पर हमला न कर दे। इसलिए हत्यारोपियों ने दहशत फैलाने के इरादे से अपने मकान की छत से कई राउंड गोलियां भी चलाई थीं। मौके पर पहुंचने के बाद डीसीपी साउथ आशीष श्रीवास्तव, एडीसीपी साउथ महेश कुमार ने भीड़ को हटाने का प्रयास किया। लोग नहीं मानें, तो एडीसीपी ने लोगों के बीच जाकर उन्हें आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस के फायरिंग किए जाने की बात कही। इसके बाद गांव के तमाम लोगों को उनके घर तक ले गए। फिर उनके घर का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। इसके बाद शव बरामद कर पाए।

## लखीमपुर खीरी में बड़ी वारदात: शादी में दूल्हे के भाई की गोली मारकर हत्या, दुल्हन के तीन रिश्तेदार नामजद

**लखीमपुर खीरी , एजेंसी।** लखीमपुर खीरी के सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मैरिज लॉन में बृहस्पतिवार रात जयमाल के दौरान हुए विवाद में दूल्हे के भाई को गोली मार दी गई। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना में दुल्हन के चचेरे भाई समेत तीन लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को दी गई है। पुलिस जांच कर रही है।

घटना शहर की बेहजम रोड पर स्थित हरिकरन मैरिज लॉन की है। यहां सीतापुर के थाना तंबौर अंतर्गत गांव चांदीभानपुर निवासी कृष्णकांत वर्मा के बेटे जितेंद्र वर्मा की बरात आई थी। लड़की पक्ष भी सीतापुर के बिसवां कस्बे का था। देर रात करीब एक बजे जब जयमाल का कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान दूल्हा जितेंद्र वर्मा के छोटे भाई आशीष वर्मा (24) से दुल्हन साधना के चचेरे भाई सुमित और दो अन्य रिश्तेदारों का विवाद होने लगा।

**दूल्हा-दुल्हन के नहीं हुए फेरे :**विवाद करने वाले तीनों युवक आशीष को जान से मार देने की धमकी देकर वहां से चले गए, लेकिन वह कुछ देर बाद ही वापस आए और तमंचे से आशीष को गोली मार दी। गोली चलते ही बरात में अफरातफरी और चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन गंभीर घायल आशीष को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, घटना के बाद तीनों आरोपी युवक फरार हो गए। वारदात के बाद दूल्हा-दुल्हन के फेरे भी नहीं पड़ पाए।

**आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस :** शहर कोतवाल अंबर सिंह ने बताया कि घटना में मृतक आशीष वर्मा के पिता कृष्णकांत ने दुल्हन के चचेरे भाई सुमित के अलावा दो रिश्तेदारों शिवम व अविनाश के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

## गर्भवती अभ्यर्थी ने तय समय से पहले ही पूरी की पुलिस भर्ती की दौड़, रश्मि ने पेश की नजीर

**बरेली , एजेंसी।** बरेली के पीएसी ग्राउंड में चल रही यूपी पुलिस सिपाही भर्ती की दौड़ में जहां रोज अभ्यर्थी मैदान पर ढेर हो रहे हैं, वहीं मथुरा की बहू रश्मि ने नजीर पेश की है। उसने दो माह की गर्भावस्था के बावजूद तय समय से पहले ही दौड़ पूरी कर ली।

रश्मि मूल रूप से अलीगढ़ के थाना गोंडा के गांव कुंवरपुर की निवासी हैं। उन्होंने बताया कि उनकी शादी मथुरा के बलदेव क्षेत्र निवासी करमवीर चौधरी से हुई है। पति ने तैयारी के लिहाज से उन्हें मथुरा में रखा है। शादी से पहले से ही तय कर रखा था कि पढ़ाई जारी रखेंगी और नौकरी भी करेंगी।

पति व ससुराल वालों ने इसमें उनकी पूरी मदद की। गर्भावस्था के बावजूद उन्हें दौड़ने की इजाजत दी। इसके लिए उन्होंने डॉक्टर से भी परामर्श लिया। कई जांचों के बाद डॉक्टर ने उन्हें दौड़ में शामिल होने की स्वीकृति दी। नतीजा, 14 मिनट की दौड़ उन्होंने 12 मिनट 52 सेकेंड में ही पूरी कर ली।



**बीटीसी कर रही हैं रश्मि:** रश्मि ने बताया कि वह मथुरा में रहकर बीटीसी कर रही हैं। अभी चौथे सेमेस्टर में हैं। उन्होंने लड़कियों को संदेश दिया कि स्वस्थ रहने का प्रयत्न करना चाहिए। जरूरी नहीं कि नौकरी ही करें। आप फिट होंगी तो एक मां के रूप में बच्चों का ज्यादा बेहतर तरीके से पालन कर सकेंगी। लड़कियों को नियमित व्यायाम करना चाहिए। गर्भावस्था के दौरान डॉक्टर के मना करने पर उन्होंने व्यायाम बंद कर दिया है, पर दौड़ लगाती रहीं।

**दौड़ में गिरे तीन युवक, पहुंचाया अस्पताल:** आठवीं वाहिनी पीएसी के मैदान पर पुलिस विभाग की आरक्षी भर्ती परीक्षा की दौड़ में बृहस्पतिवार को तीन युवक गिर पड़े। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके पैर में मोच आने की बात बताई गई है।

दौड़ 27 फरवरी तक लगातार होनी है। इसके लिए रोज 1,050 अभ्यर्थी बुलाए जाते हैं। बृहस्पतिवार को 19 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। दौड़ में 944 अभ्यर्थी सफल और 81 असफल रहे। नोडल अधिकारी एसपी यातायात अकमल खान के मुताबिक तीन अभ्यर्थी विशाल सिंह, रूपेश और बाबू दिवाकर दौड़ते वक्त गिर पड़े। उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया। वहां एक्सरे में पता लगा कि हड्डी ठीक है, मांसपेशियों में खिंचाव आने से वह गिरे थे।

## एसएन में औषधि-उपकरणों का बजट बढ़ा, मिनी एम्स की राह हुई आसान

**आगरा, एजेंसी।** आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज के मिनी एम्स बनाने की राह और आसान हो गई है। यूपी सरकार ने एसएन कॉलेज को 162 करोड़ रुपये की सौगात दी है। इस बार औषधि और मशीनों का बजट बढ़ा दिया है। इससे मरीजों को दवाओं की किल्लत कम होगी। सुविधाएं भी बेहतर होंगी।



प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने बताया कि बड़े निर्माण के लिए 125 करोड़ रुपये मिले हैं। इसमें पुरुष-महिला छात्रावास समेत अन्य निर्माण कार्य में उपयोग होगा। पिछले बजट में 75 करोड़ रुपये दिए थे। सर्जिकल सामान के लिए 4 करोड़ रुपये तय किए हैं, बीते साल 2 करोड़ रुपये का बजट था। औषधि और रसायन के लिए 27 करोड़ रुपये का बजट दिया है। इससे ओपीडी, इमरजेंसी और भर्ती मरीजों के लिए दवाओं की खरीद होगी। बीते बजट में 26 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। मशीन और उपकरणों की खरीद के लिए 5 करोड़ रुपये मिले हैं। नशा विमुक्ति केंद्र के लिए बीते साल की तरह 50 लाख रुपये मिले हैं।

**मानसिक स्वास्थ्य संस्थान को मिले 25 करोड़:** मानसिक स्वास्थ्य संस्थान के लिए 25 करोड़ रुपये का बजट तय हुआ है। बीते 11 साल के बाद यह करीब 25 फीसदी बढ़ गया है। संस्थान के निदेशक प्रो. दिनेश राठौर ने बताया कि 2013 से अब तक 19.65 करोड़ रुपये ही बजट मिल रहा था। सरकार से इसे बढ़ाने की मांग की, जिस पर 25 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इसको मरीजों की दवाएं, भोजन, स्टाफ के वेतन और मरम्मत समेत अन्य कार्य में खर्च किया जाएगा।

**लेडी लायल के नए भवन को नहीं मिला बजट:** लेडी लायल प्रशासन को निराशा हाथ लगी है। इसकी नई इमारत के लिए बजट नहीं मिला है। दरअसल, इंटीग्रेटेड प्लान के तहत लेडी लायल को एसएन कॉलेज क्षेत्र से स्थानांतरित किया जाना है। इसके भवन का निर्माण मानसिक स्वास्थ्य संस्थान के पास एसएन की 5 एकड़ जमीन पर होना।

## मायावती का राहुल पर पलटवार... दिल्ली में भाजपा की बी टीम बनकर लड़ी कांग्रेस, अपने गिरेबान में झांकें

**लखनऊ , एजेंसी।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए कांग्रेस को भाजपा की बी टीम करार दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस ने भाजपा की बी टीम बनकर चुनाव लड़ा इसीलिए भाजपा सत्ता में आई है। राहुल गांधी पहले अपने गिरेबान में झांकें फिर बसपा पर सवाल उठाए।

उन्होंने राहुल गांधी के रायबरेली में दिए गए बयान पर पलटवार किया है। राहुल गांधी दो दिवसीय दौरे पर रायबरेली में हैं। जहां उन्होंने एक कार्यक्रम में बयान दिया था कि लोकसभा चुनाव 2024 में अगर मायावती ने हमारे साथ मिलकर चुनाव लड़ाव होता तो भाजपा सत्ता में नहीं आती। आगे उन्होंने कहा कि समझ में नहीं आता कि कि उन्होंने हमारे साथ मिलकर चुनाव क्यों नहीं लड़ा।

इस पर मायावती ने एक्स पर कहा कि कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा आमचुनाव में इस बार बीजेपी की बी टीम बनकर चुनाव लड़ा, यह आम चर्चा है, जिसके कारण यहां बीजेपी सत्ता में आ गई है। वरना इस चुनाव में कांग्रेस का इतना बुरा हाल नहीं होता कि यह पार्टी अपने ज्यादातर उम्मीदवारों की जमानत भी न बचा पाए।

अतः इस पार्टी के सर्वेसर्वा राहुल गांधी को किसी भी मामले में दूसरों पर व खासकर बीएसपी की प्रमुख पर उंगली उठाने से पहले अपने गिरेबान में भी



जरूर झांक कर देखना चाहिए तो यह बेहतर होगा। इनको यही सलाह है।

साथ ही, दिल्ली में बनी नई भाजपा सरकार को यहां चुनाव में खासकर जनहित व विकास संबंधी किए गए अपने तमाम वादों को समय से पूरा करने की चुनौती है वरना आगे चलकर इस पार्टी का भी हाल कहीं कांग्रेस जैसा बुरा ना हो जाए।

## मेरठ में सहमति से मस्जिद हटाने का कार्य जारी, रैपिड के ट्रैक में बन रही थी बाधा, पहुंचे समाज के लोग

**मेरठ , एजेंसी।** रैपिड के निर्माण कार्य के चलते दिल्ली रोड पर जगदीश मंडप के पास मस्जिद हटाने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी सहमति बनाने के बाद मस्जिद को हटाने का कार्य शुरू किया गया। फिलहाल मस्जिद का गेट हटा दिया गया है। बिजली का कनेक्शन भी काटा गया है। शुक्रवार को सहमति से मस्जिद को हटाने का कार्य शुरू किया गया।

दरअसल, दिल्ली रोड पर रैपिड का कार्य तेज गति से चल रहा है। दिल्ली रोड पर जगदीश मंडप के पास स्थित मस्जिद के चलते निर्माण कार्य में अवरोध आने की बात अधिकारी कह रहे हैं।

मस्जिद को सहमति से हटाने के लिए प्रशासनिक अधिकारी और रैपिड के अधिकारी लगे हुए हैं। इस मामले में मस्जिद से जुड़े मौलवी और अन्य लोगों के साथ बातचीत की गई है। इसी मामले में  वार को एडीएम सिटी



बृजेश सिंह इस स्थल पर पहुंचे और बातचीत की। फिलहाल स्थल का मुख्य गेट हटवा दिया गया है। बिजली का कनेक्शन भी कट गया है।

जल्द ही सहमति से धार्मिक स्थल को हटाने की वार्ता अधिकारियों की चल रही है। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि रैपिड के कार्य के चलते मस्जिद हटाने के लिए सहमति बनाई जा रही है। वहीं जुमे को लेकर भी पुलिस अलर्ट है। बताया गया कि फिलहाल समाज के लोग मौके पर पहुंचे हैं। फिलहाल कार्य रोका गया है। समाज के लोगों से बातचीत की जा रही है।

## रमईपुर में बनेगा प्रदेश का पहला फुटवियर पार्क, यूपीसीडा 130 एकड़ में 100 इकाइयां कराएगा स्थापित

**कानपुर ।** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) रमईपुर में प्रदेश के पहले फुटवियर पार्क की स्थापना करेगा। यह पार्क 130.403 एकड़ में बसेगा। यहां लेदर के जूता, चप्पल और उससे जुड़े हुए सह उत्पादों को बनाया जाएगा। प्राधिकरण ने भूखंड के इच्छुक लोगों से आवेदन मांगें हैं। यहां पर करीब 100 से अधिक फैक्टरियां लगेंगी। 10 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

प्राधिकरण ने जमीन अधिग्रहीत कर बाउंड्रीवाल का निर्माण भी शुरू कर दिया है। यहां पर उत्पादों की मैन्युफैक्चरिंग, टैनिंग व उससे संबंधित सभी कार्य होंगे। कम से कम 500 वर्ग मीटर का प्लॉट होगा। इससे बड़ा प्लॉट उद्यमी की खरीद पर निर्भर करेगा। हालांकि अभी तक भूखंड के दाम तय नहीं किए गए हैं। आवेदन आने के बाद प्राधिकरण भूखंड आवंटन के साथ दाम भी तय करेगा।



**आवंटन प्रक्रिया भी जल्द शुरू करने की तैयारी:** आवंटी को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर भूखंड दिया जाएगा। प्राधिकरण की तरफ से एक्सप्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट एंड डिमांड से जुड़ी पत्रावली वेबसाइट पर अपलोड होते ही कई कारोबारियों ने प्राधिकरण प्रबंधन से संपर्क साधना शुरू कर दिया है। वर्तमान में प्राधिकरण ने बाउंड्रीवाल का निर्माण शुरू कर दिया है। आवंटन की प्रक्रिया भी बहुत ही जल्द शुरू करने की तैयारी है।

**7.76 एकड़ में ग्रीन एरिया होगी:** यहां ब्लॉक ए में 23.78 एकड़, ब्लॉक बी में 75.71 एकड़ भूखंड औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए आरक्षित किए गए हैं, जबकि ग्रीन एरिया के रूप में 7.76 एकड़ भूमि आरक्षित की गई है। इसी तरह सड़क, नाला व अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए भी भूमि आरक्षित कर दी गई है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शनिवार, 22 फरवरी, 2025



## संक्षिप्त समाचार

### हमास ने इजराइल को गलत शव सौंपा, इजराइली सेना का दावा- दोनों बच्चों के शवों की पहचान हुई

**गाजा।** फिलिस्तीन के उग्रवादी संगठन हमास ने गुरुवार को 4 इजराइली बंधकों के शव लौटाए थे। हमास के मुताबिक इनमें से तीन शव दो बच्चों और उनकी मां शिरी बिबास के थे। इसे लेकर इजराइली सेना ने शुक्रवार को दावा किया है कि हमास ने शिरी बिबास का शव नहीं लौटाया है। उनकी जगह किसी और का शव सौंपा गया है। हालांकि, दोनों बच्चों के शवों की पहचान हो गई है। दोनों बच्चों- एरियल और केफिर बिबास के शवों की पहचान इजराइली पुलिस और बच्चों के परिवार की मदद से नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक मेडिसिन ने की थी। फॉरेंसिक रिपोर्ट के मुताबिक बच्चों की मौत हमास की कैद में नवंबर 2023 में हुई थी। इजराइली सेना ने कहा शव की पहचान करने के दौरान यह साफ हुआ कि ये बॉडी शिरी बबास की नहीं है। ये बॉडी हमास की कैद में मौजूद किसी और शख्स से भी मैच नहीं कर रही है। ये कोई अनजान शव है। इजराइली सेना ने कहा कि ऐसा करके हमास ने बंधकों की रिहाई के समझौते का उल्लंघन किया है। हमारी मांग है कि हमास शिरी बिबास का शव लौटाए। इजराइल के इस दावे को लेकर हमास ने अब तक कोई जवाब नहीं दिया है। केफिर हमास की कैद में सबसे कम उम्र का बंधक था केफिर को जब बंधक बनाया गया उस वक्त उसकी उम्र सिर्फ 9 महीने थी। तब वह हमास के कब्जे में सबसे कम उम्र का बंधक था।

### नई दिल्ली स्टेशन पर भगदड़ के वीडियो हटाने के निर्देश, रेलवे ने X को नोटिस जारी कर 288 लिंक हटाने को कहा

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी को हुई भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई थी। मामले में अब तक जांच रिपोर्ट नहीं आई है, लेकिन रेलवे ने एक फरमान जरूर जारी किया है। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार रेल मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X को नोटिस जारी कर 288 वीडियोज लिंक हटाने का निर्देश दिया है। मंत्रालय ने 17 फरवरी को यह नोटिस भेजा था और X को 36 घंटे में घटना से जुडे सभी वीडियो लिंक हटाने का निर्देश दिया था। मंत्रालय के नोटिस में कहा गया कि यह नैतिकता के खिलाफ तो है ही, साथ ही X के कंटेंट पॉलिसी के भी खिलाफ है। इस तरह के वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर होने से कानून-व्यवस्था की स्थिति पैदा हो सकती है। अभी ट्रेनों में भारी भीड़ है, इसे देखते हुए रेलवे के ऑपरेशन को प्रभावित कर सकती है।



दिसंबर में वीडियो हटवाने का अधिकार मिला

दिसंबर में प्रत्यक्ष रूप से वीडियो हटाने का अधिकार मिलने के बाद कंटेंट को लेकर यह मंत्रालय की पहली बड़ी कार्रवाई है। हालांकि इस तरह का यह दूसरा मामला है। इससे पहले जनवरी में ही यूट्यूब और इंस्टाग्राम को भेजे गए नोटिस में भ्रामक और संवेदनशील-भड़काऊ जानकारी वाले कंटेंट को लेकर सख्ती दिखाई गई थी। इसमें मंत्रालय की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से कहा गया था कि आपके ऐसा न करने से कानून और व्यवस्था की स्थिति पैदा हो सकती थी। नोटिस में एक यूट्यूब वीडियो, एक इंस्टाग्राम पोस्ट और दो इंस्टाग्राम रील को लिस्ट किया गया था। हालांकि यह स्पष्ट नहीं था कि यह नोटिस किसी विशिष्ट घटना से संबंधित था या नहीं।

### महाकुंभ में वीकेंड पर आज से फिर भीड़ःलोग 10km तक पैदल चलने को मजबूर, मेले के अंदर भी बैरिकेडिंग

**प्रयागराज।** महाकुंभ में आखिरी वीकेंड पर प्रयागराज में एंट्री पॉइंट से लेकर शहर के अंदर तक भीषण जाम लग गया है। लोगों को 500 मीटर की दूरी तय करने में करीब दो घंटे का समय लग रहा है। प्रयागराज पहुंचने वाली गाड़ियों को संगम से 10km पहले रोका जा रहा है। उसके बाद की दूरी लोगों को पैदल ही तय करनी पड़ रही है। दूसरी ओर VIPs की गाड़ियां अरैल घाट तक जा रही हैं। उत्तर प्रदेश के CM योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अफसरों से कहा था कि ऐसी व्यवस्था बनाएं कि श्रद्धालुओं को कम से कम पैदल चलना पड़े, लेकिन शुक्रवार को इसका असर दिखाई नहीं दिया। महाकुंभ का आज 40वां दिन है। मेला खत्म होने के 5 दिन और बचे हैं। दोपहर 2 बजे तक 84.41 लाख श्रद्धालुओं ने संगम स्नान किया। अब तक करीब 58.87 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। भीड़ के चलते प्रयागराज में स्कूलों में 8वीं तक की कक्षाएं ऑनलाइन लगेंगी। प्रयागराज आने-जाने वाली 8 ट्रेनें 28 फरवरी तक रद्द कर दी गई हैं। 4 ट्रेनों के रूट बदले गए हैं। प्रयागराज में रजिस्टर्ड (UP- 70) गाड़ियों को ही शहर में एंट्री दी जा रही है।

### 1 करोड़ की ड्रग्स के साथ लेडी डॉन अरेस्ट, दिल्ली की स्पेशल सेल ने पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने गैंगस्टर हाशिम बाबा की तीसरी पत्नी जोया खान को 270 ग्राम ड्रग्स साथ गिरफ्तार किया, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 1 करोड़ है। जोया को पुलिस ने 20 फरवरी को नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के वेलकम इलाके से गिरफ्तार किया। जोया खान का नाम लंबे समय से पुलिस की निगरानी लिस्ट में था लेकिन वह हर बार बच निकलती थी। 33 साल की जोया को अपने पति के गैंग का संभालने और कानून से बचने में माहिर माना जाता था। पुलिस को लंबे वक्त से शक था कि वह अपराधों में शामिल है लेकिन पुख्ता सबूत न मिलने के कारण अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई थी। इस बार दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। हाशिम बाबा पर हत्या उगाही और हथियार तस्करी के दर्जनों मामले दर्ज हैं। जोया उसकी तीसरी पत्नी है, उसने 2017 में जोया से शादी की। हालांकि की जोया की यह दूसरी शादी है, साल 2014 में पहली शादी के बाद उसका तलाक हो गया था। दोनों नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के रहने वाले थे और वहीं से इनका प्रेम-प्रसंग शुरू हुआ। गैंगस्टर हाशिम बाबा के जेल में जाने के बाद जोया ने उसके गैंग की कमान संभाल ली। पुलिस सूत्रों के मुताबिक वह गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम की बहन हसीना पारकर की तरह काम कर रही थी। वह उगाही और ड्रग्स सप्लाई के मामलों को देखती थी। पुलिस का दावा है कि उसने पति के कहने पर कई गैरकानूनी कामों को अंजाम दिया।

# इजराइल में 3 बसों में हुए बम धमाके, आतंकी हमले का शक

**एजेंसी, तेल अवीव**

## पार्किंग में खाली खड़ी थी बसें, देश भर में बस और ट्रेन सर्विस रोकी



इजराइल की राजधानी तेल अवीव में गुरुवार देर रात 3 बसों में सिलसिलेवार बम धमाके हुए।। ये बसें बाट याम और होलोन इलाकों की पार्किंग में खाली खड़ी थी। धमाकों में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस ने आतंकी हमले की आशंका जताई है। दो अन्य बसों में भी बम मिले हैं। इजराइली पुलिस ने कहा कि कुल पांच बम एक जैसे थे और टाइमर से लैस थे। बम स्क्वॉड ने निष्क्रिय किए गए बमों को सुरक्षित तरीके से हटा दिया है। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक बम शुक्रवार सुबह धमाके के लिए रखे गए थे, लेकिन इनके टाइमर गलत तरीके से सेट किए गए थे, जिससे रात में विस्फोट हो गया। धमाकों के बाद नेतन्याहू ने इजराइल डिफेंस फोर्सेस को वेस्ट बैंक में उग्रवादी ठिकानों में बड़े पैमाने पर ऑपरेशन शुरू करने का आदेश दिया है। सरकार ने सुरक्षा के मद्देनजर देशभर में बस और रेल सर्विस को रोक दिया है।

डैन बस कंपनी के निदेशक ओफिर करनी ने मीडिया को बताया कि धमाके वाली बसों में से एक बस में सवार यात्री ने पिछली सीट पर एक संदिग्ध बैग देखा था। उसने ड्राइवर को इसकी जानकारी दी थी। उन्होंने कहा कि वे डिपो में पहुंचे, बस से उतरे और बाहर निकलते ही बस में धमाका हो गया। तेल अवीव के पुलिस हेड सरगारोफ ने वेस्ट बैंक से आतंकी हमला होने का शक जताया है। सरगारोफ ने बताया कि, एक्सप्लोसिव डिवाइस पर कुछ लिखा हुआ था। हालांकि, इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उन पर बदला लेने की धमकी लिखी थी।

**वेस्ट बैंक में पिछले महीने से ऑपरेशन चला रहा इजराइलः** इजराइली सेना 21 जनवरी से वेस्ट बैंक के उत्तर-पश्चिमी इलाके में आयरन वॉल नाम से एक बड़ा सैन्य अभियान चला रही है। यह ऑपरेशन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण के 1 दिन बाद ही शुरू हो गया था। 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के बाद इजराइली सेना ने वेस्ट बैंक में संदिग्ध फिलिस्तीनी उग्रवादियों पर कई छापे मारे हैं। फिलिस्तीनियों की इजराइल में एंट्री भी रोक दी है।

वेस्ट बैंक के उत्तरी शहर टुलकारेम के अल-कासिम ब्रिगेड्स ने टेलीग्राम पर पोस्ट किया कि हम अपने शहीदों का बदला लेना कभी नहीं भूलेंगे। जब तक हमारी जमीन पर कब्जा है। हालांकि ग्रुप ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

# दिल्ली में आतिशी-पूर्व मंत्रियों के पर्सनल स्टाफ हटाए गए

**एजेंसी, नई दिल्ली**



◆ मुख्यमंत्री की आज अफसरों के साथ मीटिंग, 24 फरवरी से विधानसभा का सत्र

दिल्ली में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के एक दिन बाद रेखा गुप्ता ने पूर्व CM आतिशी और उनके मंत्रियों के पर्सनल स्टाफ को हटा दिया है। इसके अलावा आतिशी सरकार ने जिन अधिकारियों-कर्मचारियों को दूसरी जगह नियुक्त किया था उन्हें तुरंत अपने मूल विभागों में रिपोर्ट करने को कहा गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आज दोपहर में मंत्रियों और अफसरों के साथ एक मीटिंग करेंगी। इसमें दिल्ली जल बोर्ड और PWD के अधिकारियों को खास तौर पर बुलाया गया है। PWD मंत्री प्रवेश वर्मा भी इस बैठक में शामिल होंगे। मीटिंग में खराब सड़कों और पानी के मुद्दे पर चर्चा होगी। इसके अलावा नई सरकार का विधानसभा सत्र 24 फरवरी से शुरू होगा। यह तीन दिन तक चलेगा और 27 फरवरी को खत्म होगा। सदन में नए विधायकों का शपथ ग्रहण होगा। तीसरे दिन CAG की 14 रिपोर्ट सदन में रखी जाएंगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कांग्रेस और AAP पर नई सरकार की आलोचना करने पर जवाब दिया। रेखा ने कहा- शपथ लेने के तुरंत बाद पहले दिन हमारी कैबिनेट बैठक हुई और हमने आयुष्मान भारत योजना को मंजूरी दी, जिसे AAP ने रोक रखा था। अब हम दिल्ली की चिंता करेंगे और PM मोदी के नेतृत्व में दिल्ली को उसका हक मिलेगा।" रेखा ने आगे कहा, 'उन्हें (विपक्ष) अपनी पार्टी संभालनी चाहिए, बहुत से लोग हैं जो जाना चाहते हैं। उन्हें चिंता है कि जब CAG की रिपोर्ट सदन में पेश होगी, तो बहुत से लोगों के रिकॉर्ड सामने आ जाएंगे।'

# सिख विरोधी दंगा, सज्जन कुमार की सजा पर फैसला सुरक्षित

**एजेंसी, नई दिल्ली**



कोर्ट 25 फरवरी को सजा सुनाएगा, पीड़ित पक्ष ने मौत की सजा मांगी

दिल्ली में 1984 सिख विरोधी दंगा मामले में कोर्ट ने कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार के खिलाफ सजा पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। पीड़ित पक्ष ने सज्जन कुमार के लिए मौत की सजा की मांग की है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 1 फरवरी को सज्जन कुमार को दोषी ठहराया था। उन पर 1984 में दंगों के दौरान सरस्वती विहार में जसवंत सिंह और उसके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या का दोषी पाया। वह पहले से ही दिल्ली कैंट मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। इससे पहले दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में जज कावेरी बावेजा ने शुक्रवार को बचाव पक्ष को 2 दिन में लिखित दलीलें पेश करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हम 25 फरवरी दोपहर 2 बजे के बाद सज्जन कुमार की सजा पर फैसला लेंगे। वरिष्ठ वकील एचएस फुल्का 1984 के दंगा पीड़ितों के लिए ऑनलाइन पेश हुए और अपनी लिखित दलीलें पेश कीं और मृत्युदंड की मांग की। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अनिल कुमार शर्मा भी ऑनलाइन पेश हुए।

# ट्रम्प बोले-बाइडेन भारत में किसी और को जिताना चाहते थे, इसके लिए 182 करोड़ दिए

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

## विदेश मंत्रालय बोला- ये बात परेशान करने वाली




अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन पर भारत के आम चुनाव में दखल देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा- बाइडेन का प्लान भारत में किसी अन्य नेता (नरेंद्र मोदी के अलावा) को चुनाव जिताने का था। उन्होंने कहा कि बाइडेन प्रशासन ने भारत में वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए 182 करोड़ रुपए का फंड मुहैया कराया। ट्रम्प ने कहा कि ये बड़ा खुलासा है, हम इस बारे में भारत सरकार को बताएंगे। इस मुद्दे पर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि ये जानकारी काफी परेशान करने वाली है। इससे भारतीय चुनाव में विदेश दखल को लेकर चिंता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि हम इस मुद्दे की जांच कर रहे हैं। इस समय इस मामले में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा। उम्मीद है जल्द ही हमें इस पर कोई अपडेट मिलेगा।

**ट्रम्प बोले- USAID ने भारत के चुनाव में दखल देने के लिए फंड दियाः** ट्रम्प गुरुवार को अमेरिकी शहर मियामी में सऊदी सरकार की फ्यूचर इंवेस्टमेंट इनिशिएटिव (FII) समिट में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा, 'यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (USAID) ने वोटर टर्नआउट बढ़ाने के नाम पर भारत को 182 करोड़ रुपए का फंड दिया। अमेरिकी चुनाव में रूस ने सिर्फ 2 हजार डॉलर (1.73 लाख रुपए) का इंटरनेट विज्ञापन दिया तो मुद्दा बना था, जबकि अमेरिका भारत को बड़ी रकम दे रहा था।'

## भाजपा बोली- राहुल गांधी एंटी इंडिया फोर्स का हिस्सा

# USAID फंडिंग पर कहा- मोदी को हटाने विदेशी ताकतों का चुनावों में दखल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भाजपा ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी एंटी-इंडिया फोर्स का हिस्सा बन गए हैं और भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल हैं। भाजपा नेता गौरव भाटिया ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बयान दिया कि USAID की फंडिंग का इस्तेमाल भारत की चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने के लिए किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले कई पत्रकारों और संगठनों ने भी कहा था कि विदेशी शक्तियां भारत की चुनावी प्रक्रिया में दखल देती हैं। इसका लक्ष्य होता है कि पीएम मोदी को कैसे हटाया जाए। भाटिया ने राहुल गांधी और सोनिया गांधी पर आरोप लगाया कि कांग्रेस का हाथ भारत के दुश्मनों के साथ है। राहुल गांधी पीएम मोदी से नफरत करते-करते भारत से भी नफरत करने लगे हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने USAID फंडिंग को रद्द करने के अपनी सरकार के फैसले का जिक्र करते हुए कहा था कि बाइडेन प्रशासन द्वारा भारत को मतदान बढ़ाने के लिए लगभग 182 करोड़ रुपए (2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर) देना सवाल खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि क्या वे किसी और को जिताने की कोशिश कर रहे थे। राहुल का मकसद देश को कमजोर करना भाजपा ने दावा किया कि राहुल गांधी का मकसद देश को कमजोर करना है और उन्होंने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के साथ समझौते (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं।

राहुल ने अमेरिकी सांसद इल्हान उमर के साथ मुलाकात की जो भारत विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने कांग्रेस पर विदेशी ताकतों से सांठगांठ करने और भारत में अस्थिरता फैलाने का आरोप लगाया। भाटिया बोले- राहुल गद्दारी कर रहे भाटिया ने कहा कि राहुल की चुप्पी इस बात को दर्शाती है कि वह संविधान की कसम खाने के बावजूद भारत के साथ गद्दारी कर रहे हैं। वे भारत विरोधी ताकतों को हमारे देश की शुद्ध चुनावी प्रक्रिया में दखल देने के लिए उकसा रहे हैं।

# गुजराती काश पटेल अमेरिकी एजेंसी FBI के डायरेक्टर

**एजेंसी, वॉशिंगटन**





सीनेट ने मंजूरी दी, ट्रम्प की पार्टी के दो सांसदों का विरोध में वोट

भारतीय मूल के कश्यप काश पटेल, अमेरिकी जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (FBI) के डायरेक्टर बन गए है। अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। गुरुवार को वोटिंग के दौरान उन्हें 51-49 के मामूली बहुमत से पद के लिए चुना गया। डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों के अलावा पटेल के विरोध में दो रिपब्लिकन सांसद सुसान कॉलिन्स और लिसा मर्कोव्स्की दोमात्र ने भी वोट किया। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों को इस बात का डर है कि काश पटेल पद संभालने के बाद डोनाल्ड ट्रम्प के आदेशों का पालन करेंगे और उनके विरोधियों को निशाना बनाएंगे। मंजूरी मिलने के बाद पटेल ने राष्ट्रपति ट्रम्प और अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

**अमेरिकी लोगों को नुकसान पहुंचाने वालों को पटेल की चेतावनीः** सीनेट से मंजूरी के बाद पटेल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की। इस पोस्ट में उन्होंने कहा कि FBI अमेरिकियों को नुकसान पहुंचाने वालों का इस ग्रह के हर कोने में पीछा करेगी। पटेल ने इसे चेतावनी की तरह लेने के लिए कहा।

# नेपाली स्टूडेंट सुसाइड केस, KIIT के 5 अन्य कर्मचारी अरेस्ट, अब-तक 11 गिरफ्तार

**एजेंसी, भुवनेश्वर**



## 5 को जमानत मिली

ओडिशा के निजी इंजीनियरिंग कॉलेज कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (KIIT) के पांच अन्य कर्मचारी गुरुवार को गिरफ्तार कर लिए गए। इन पर नेपाली छात्रों पर हमला करने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक CCTV फुटेज से सामने आया है कि 17 फरवरी को स्टूडेंट्स हॉस्टल खाली कर रहे थे। तभी कॉलेज पांच कर्मचारी अचानक वहां पहुंचे और स्टूडेंट्स से जल्द से जल्द वहां से चले जाने को कहने लगे। हॉस्टल खाली करने में देर होने पर आरोपी भड़क गए और स्टूडेंट्स की पिटाई की। अदालत ने सभी को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इससे पहले कॉलेज के 3 डायरेक्टर समेत छह लोग गिरफ्तार हुए थे। हालांकि, 5 को जमानत मिल चुकी है।

खराब व्यवहार के लिए कॉलेज स्टाफ ने माफी मांगी कैंपस में प्रदर्शनकारी स्टूडेंट के साथ गलत व्यवहार पर स्टाफ और कॉलेज ने 19 फरवरी माफी मांग ली। बीटेक थर्ड ईयर की स्टूडेंट प्रकृति लम्साल ने 16 फरवरी को सुसाइड कर लिया था।

इसके बाद प्रदर्शन हुए थे। एक वीडियो में कॉलेज की एक प्रोफेसर मंजूषा पांडे कहती हैं कि हम 40 हजार से ज्यादा स्टूडेंट को मुफ्त में खाना खिला रहे और पढ़ा रहे हैं। वहीं एक महिला कर्मचारी जयंती नाथ ने चिल्लाते हुए कहा- यह आपके देश के बजट के बराबर है। हालांकि, जयंती नाथ ने यह भी कहा कि यह बात इस बात का जवाब था, जिसमें कहा गया था कि भारत और KIIT गरीब है।

### 13 राज्यों में बारिश का अलर्ट, UP में ओले गिरे

**नई दिल्ली।** मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने शुक्रवार को 13 राज्यों में बारिश होने की संभावना जताई है। मध्यप्रदेश में शुक्रवार से दिन-रात का पारा फिर से लुढ़केगा। मौसम विभाग ने तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होने की संभावना जताई है। राजस्थान में आंधी-बारिश के बाद हल्की सर्दी बढ़ गई। UP के मेरठ और हापुड़ में गुरुवार देर रात करीब आधे घंटे तक ओले गिरे। ओडिशा में अगले तीन दिन यानी रविवार तक भारी बारिश की चेतावनी है।

कई जिलों में फसलों को नुकसान भी पहुंच सकता है। इसके चलते राज्य सरकार ने 25 जिलों में अलर्ट जारी किया है। हिमाचल प्रदेश में बुधवार से लेकर गुरुवार रात तक 24 घंटों में कई जगहों पर बर्फबारी हुई। खासकर मनाली, लाहौल स्पीति, शिमला, किन्नौर और डलहौजी में बर्फ जम गई। इन जगहों पर टूरिस्ट अगले 6 से 20 दिन तक बर्फ देख सकते हैं।

# MP अमृतपाल की याचिका पर सुनवाई 25 को, तकनीकी पहलू जानेगा हाईकोर्ट

**एजेंसी, अमृतसर**



◆ लोकसभा में 46 दिनों से गैरहाजिर, संसद सदस्यता खतरे में

पंजाब के माझा में आती खडूर साहिब लोकसभा क्षेत्र के मेंबर ऑफ पार्लियामेंट (MP) अमृतपाल सिंह की संसद सदस्यता खतरे में है। इस समय डिब्रूगढ़ जेल में बंद MP अमृतपाल सिंह 46 दिन से लोकसभा से गैरहाजिर हैं। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में शुक्रवार (21 फरवरी) को अमृतपाल की तरफ से लगाई गई याचिका पर सुनवाई के बाद अगली तारीख 25 फरवरी दी गई है। खालिस्तान समर्थक सांसद ने हाईकोर्ट से मांग की है कि उन्हें लोकसभा की कार्यवाही में हिस्सा लेने की परमिशन दी जाए। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट इस मामले में तकनीकी पहलुओं को समझना चाहता है, इसलिए 25 फरवरी को तकनीकी पहलुओं पर चर्चा हो सकती है। दरअसल, याचिका में हवाला दिया गया है कि नियमों के मुताबिक अगर वह 60 दिनों तक लोकसभा की कार्यवाही से गैरहाजिर रहते हैं तो उनकी सदस्यता रद्द हो सकती है। दलील दी गई है कि वह 46 दिन से लोकसभा की कार्यवाही में हिस्सा नहीं ले पाए हैं।

**याचिका में रखे हैं ये पहलूः** अमृतपाल के वकील की तरफ से दायर याचिका में बताया गया कि उसे इस बारे में लोकसभा की तरफ से पत्र मिला है। उसमें यह सारी चीजें सामने आई हैं। ऐसे में उसकी तरफ से लोकसभा स्पीकर से सेशन में शामिल होने की मांग रखी है। इससे पहले अमृतपाल की तरफ से अमृतसर के जिला मजिस्ट्रेट को भी रिप्रेजेंटेशन दी गई थी जिसे रद्द किया जा चुका है। अमृतपाल ने बताया कि पहले 24 जून से दो जुलाई, 25 नवंबर तक 19 दिन, 25 नवंबर से 12 दिसंबर तक संसद में चले सत्रों के दौरान वह गैर-हाजिर रहा है।

# चैंपियंस ट्रॉफी: शुभमन गिल के शानदार शतक से भारत ने बांग्लादेश को 6 विकेट से दी मात

एजेंसी, दुबई

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पहले मुकाबले में भारतीय टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश को 6 विकेट से हरा दिया है। इस जीत में शुभमन गिल की शानदार शतकीय पारी अहम रही, जिससे भारत ने 229 रनों का लक्ष्य 46.3 ओवर में ही हासिल कर लिया। गिल 101 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि केएल राहुल ने 41 रन की उपयोगी पारी खेलते हुए छक्के के साथ मैच खत्म किया। 229 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के लिए शुभमन गिल और रोहित शर्मा ने ठोस शुरुआत दी और पहले विकेट के लिए 69 रन जोड़े। रोहित 41 रन बनाकर आउट हुए, जबकि विराट कोहली (22), श्रेयस अय्यर (15) और अक्षर पटेल (8) भी ज्यादा देर टिक नहीं सके। हालांकि, 144 के स्कोर पर चार विकेट गिरने के बाद शुभमन गिल और केएल राहुल ने मोर्चा संभाला। दोनों के बीच 87 रनों की अटूट साझेदारी हुई और भारत ने 6 विकेट से जीत दर्ज की। गिल ने अपनी पारी में 129 गेंदों का सामना करते हुए 9 चौके और 2 छक्के लगाए। जबकि राहुल 47 गेंदों में 2 छक्के और 1 चौका लगाकर नाबाद लौटे। बांग्लादेश के लिए रिशाद होसैन ने दो विकेट चटकाए, जबकि तस्कीन अहमद और मुस्तफिजुर रहमान को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले, टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने 49.4 ओवर में 228 रन बनाए। शुरुआत में टीम मुश्किल में थी और 35 रन तक उसके 5 विकेट गिर चुके थे। तब तौहिद हृदय और जाकेर अली ने छठे विकेट के लिए 154 रनों की अहम साझेदारी कर टीम को संभाला। तौहिद ने शानदार 100 रन बनाए, जबकि जाकेर 68 रन बनाकर आउट हुए। गेंदबाजी आक्रमण में भारत ने शानदार प्रदर्शन किया। खासकर मोहम्मद शमी ने 53 रन देकर 5 विकेट झटके। इसके साथ वो एकदिवसीय क्रिकेट सबसे कम गेंदों में 200 विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। वहीं हर्षित राणा ने 3 और अक्षर पटेल ने 2 विकेट झटके। भारत की इस शानदार जीत के साथ टूर्नामेंट में उसकी शुरुआत शानदार रही।



## बांग्लादेश के खिलाफ पांच विकेट लेने के बाद शमी ने कहा-वापसी करना हमेशा मुश्किल होता है

एजेंसी, दुबई

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ पांच विकेट लेकर मैच जीताने वाला प्रदर्शन करने वाले भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने एक साल से अधिक समय के बाद अंतरराष्ट्रीय सेट-अप में अपनी वापसी पर खुलकर बात की। इंग्लैंड के खिलाफ कुछ सीमित ओवरों के मैचों के बाद, शमी चैंपियंस ट्रॉफी अभियान के पहले मैच में दिखाई दिए, उन्होंने मैच में 53 रन देकर 5 विकेट लिए और 200 वनडे विकेट पूरे किए। यह वापसी रणजी, सैयद मुश्ताक अली और विजय हजारे ट्रॉफी टूर्नामेंट में बंगाल के लिए सभी प्रारूपों में घरेलू क्रिकेट में कड़ी मेहनत के बाद हुई। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, शमी ने कहा, "जब आप वापसी करते हैं तो यह बहुत मुश्किल होता है कि आप सब कुछ नए सिरे से शुरू करते हैं। यह 14 महीने का ब्रेक था और मैं भाग्यशाली था कि मेरे पास वापसी करने के लिए घरेलू मैच थे।" उन्होंने कहा, "ये 14 महीने बहुत कठिन थे क्योंकि आपको पूरी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है और यह आसान नहीं होता। करीबी मैचों में घर पर बैठकर आप अपनी टीम के साथ नहीं रह पाते और ऐसा महसूस करते हैं कि काश मैं भी योगदान दे पाता।" टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश का शीर्ष क्रम लड़खड़ा गया और उसके 5 विकेट केवल 35 रन पर ही गिर गए, लेकिन तौहीद हृदय (117 गेंदों में 100 रन, छह चौकों और दो छक्कों की मदद से) और जैकर अली (114 गेंदों में 68 रन, चार चौकों की मदद से) के बीच 154 रनों की साझेदारी ने उन्हें 228/10 के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। रन चेज में भारत ने कप्तान रोहित (36 गेंदों में 41 रन, सात चौकों की मदद से) की अगुआई में 69 रनों की शानदार ओपनिंग साझेदारी की। भारत 144/4 पर पहुंच गया और वहां से शुभमन गिल (129 गेंदों में 101* रन, नौ चौकों और दो छक्कों की मदद से) और केएल राहुल (47 गेंदों में 41* रन, एक चौका और दो छक्के की मदद से) ने भारत को मैच जीता दिया। गिल ने 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार जीता।



## चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से बाहर हुए फखर जमान

एजेंसी, कराची

पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज फखर जमान को न्यूजीलैंड के खिलाफ टूर्नामेंट के शुरुआती मैच के दौरान चोट लगने के बाद चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के शेष भाग से बाहर कर दिया गया है। पाकिस्तान ने उनके प्रतिस्थापन के रूप में इमाम-उल-हक को नामित किया है।

जमान को न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ मैच में फ़ील्डिंग के दौरान चोट लगने के बाद केवल दो गेंदों पर मैदान छोड़ना पड़ा। सलामी बल्लेबाज विल यंग ने शाहीन अफरीदी की गेंद को कवर के माध्यम से खेला, जमान ने गेंद का पीछा किया और उसे सीमा पार करने से रोकने में कामयाब रहे लेकिन इस प्रक्रिया में घायल हो गए। जमान बाद में पहली पारी के बाद के चरणों में मैदान पर लौटे लेकिन मैदान से बाहर लंबे समय को देखते हुए बाद में पारी की शुरुआत नहीं कर सके। यहां तक कि जब वह नंबर 4 पर बल्लेबाजी करने आए, तो उन्हें विकेटों के बीच दौड़ने में संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने बाबर आज़म के साथ 65 गेंदों में 47 रन की साझेदारी में 41 गेंद में 24 रन बनाए। पाकिस्तान, जो 320 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रहा था, शुरुआती मैच में 60 रनों से हार गया। पाकिस्तानी टीम अब अपना अगला मैच 23 फरवरी को चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ खेलेगा और उसके बाद 27 फरवरी को रावलपिंडी में अपने आखिरी मैच में बांग्लादेश से अपने अंतिम ग्रुप ए मैच में भिड़ेगा। इस बीच, 29 वर्षीय इमाम ने 2023 के बाद से पाकिस्तान के लिए नहीं खेला है और आखिरी बार वनडे प्रारूप उसी साल विश्व कप में खेला था। कुल मिलाकर, उन्होंने 72 एकदिवसीय मैच खेले हैं और 48.27 की औसत से 3138 रन बनाए हैं।



## विराट आईसीसी टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने

### पोंटिंग का रिकॉर्ड तोड़ा

एजेंसी, दुबई

भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट के अपने पहले ही मैच में बांग्लादेश के खिलाफ अपनी 22 रनों की पारी के दौरान ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। विराट अब आईसीसी टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गये हैं। विराट ने इस मैच में 13 रन बनाते ही रिकी पोंटिंग का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। अब पोंटिंग सबसे अधिक रनों के मामले में तीसरे नंबर पर खिसक गये हैं। पोंटिंग के 44.0 की औसत से 2336 रन हैं। वहीं विराट के 64.5 के औसत से 2346 रन हैं। पहले नंबर पर 52.28 के औसत से सचिन तेंदुलकर के 2719 रन हैं। इस मैच में विराट ने एकदिवसीय प्रारुप में सबसे ज्यादा कैच लेने के मोहम्मद अजहरुद्दीन के 156 कैच के रिकार्ड की भी बराबर कर ली है। विराट ने साल 2013 में महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारतीय टीम को चैम्पियंस ट्रॉफी खिताब जीतने में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं साल 2017 में वह बतौर कप्तान चैंपियंस ट्रॉफी में गए लेकिन वहां उन्हें सफलता नहीं मिली। कोहली की कप्तान में ही भारतीय टीम 2021 टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल जीतने में भी विफल रही। 36 साल के हो रहे कोहली अब करियर के अंतिम पड़ाव पर हैं। आगामी आईसीसी इवेंट्स 2027 में होना है तब तक विराट शायद ही खेलें।



## रोहित 100 अंतरराष्ट्रीय मैच जीतने वाले चौथे भारतीय कप्तान बने

एजेंसी, दुबई

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में बांग्लादेश के खिलाफ जीत के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। इसी के साथ ही रोहित 100 अंतरराष्ट्रीय मैच जीतने वाले चौथे भारतीय कप्तान बन गये हैं।

इससे पहले मोहम्मद अजहरुद्दीन, महेन्द्र सिंह धोनी और विराट कोहली के नाम ही कप्तान के तौर पर 100 मैच जीतने का रिकार्ड है। रोहित ने अपने 138वें मैच में कप्तानी करते हुए जीत का शतक लगाया। रोहित का अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में जीत प्रतिशत 72 से ज्यादा का है, जो 22 से ज्यादा मैच खेलने वाले सभी कप्तानों में सबसे अधिक है। उनकी तुलना में धोनी का जीत प्रतिशत 53.61, अजहरुद्दीन का 47.05 और कोहली का 63.38 रहा। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने कुछ समय पहले टी20 विश्व कप भी जीता था।

अब उनकी नजरें देश को चैंपियंस ट्रॉफी के तौर पर दूसरा खिताब जिताना होगा। भारतीय टीम ने पहले मैच में बांग्लादेश को 228 पर समेटने के बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को चार विकेट खोकर 231 रन बनाकर हासिल कर लिया था।



## एमएलसी ड्राफ्ट 2025: अग्नि चोपड़ा बने एमआई न्यूयॉर्क के नंबर 1 पिक, जसदीप सिंह को सबसे बड़ी कीमत

एजेंसी, नई दिल्ली

मशहूर बॉलीवुड निर्देशक विधु विनोद चोपड़ा के बेटे अग्नि चोपड़ा को मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के घरेलू खिलाड़ियों के ड्राफ्ट में एमआई न्यूयॉर्क ने अपनी नंबर 1 पिक के रूप में चुना। सलामी बल्लेबाज को 50,000 डॉलर की कीमत पर टीम में शामिल किया गया। उन्होंने 2023-24 रणजी ट्रॉफी सत्र में शानदार प्रदर्शन कर भारत में पहचान बनाई थी, जहां उन्होंने चार मैचों में चार शतक जड़े थे। इसके बाद 2024-25 सीजन में मिजोरम के लिए खेलते हुए उन्होंने 94.94 की औसत से 1804 रन बनाए। चोपड़ा अमेरिकी नागरिकता के आधार पर घरेलू खिलाड़ी के रूप में ड्राफ्ट में योग्य हुए। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, उनका यूएसए जाने का फैसला बीसीसीआई की रणजी ट्रॉफी में विदेशी पासपोर्ट धारकों के खेलने पर रोक की नीति के कारण आया। हालांकि, ड्राफ्ट में सबसे महंगे खिलाड़ी 32 वर्षीय अमेरिकी तेज गेंदबाज जसदीप सिंह बने, जिन्हें सिएटल ऑर्कस ने 75,000 डॉलर में साइन किया। जसदीप के लिए यह ड्राफ्ट एक बड़ा मोड़ साबित हुआ, क्योंकि वह 2023 में एमआई न्यूयॉर्क के पूरक ड्राफ्ट में शामिल थे और 2024 में वाशिंगटन फ्रीडम के लिए रिप्लेसमेंट खिलाड़ी के तौर पर चुने गए थे। पिछले सीजन में उन्होंने दो मैच खेले थे और दोनों में प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे। टेक्सास सुपर किंग्स ने भी तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शुभम रंजने को 75,000 डॉलर में खरीदकर बड़ा कदम उठाया। सिएटल ऑर्कस द्वारा रिलीज किए जाने के बाद रंजने ने अपनी पावर हिटिंग और सीम गेंदबाजी के दम पर ड्राफ्ट में ऊंची बोली हासिल की।

सुपर किंग्स ने युवा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टीफन विग को भी 15,000 डॉलर में साइन किया। सिएटल ऑर्कस ने 35 वर्षीय अनुभवी बल्लेबाज सुजीत नायक को 40,000 डॉलर में अपनी टीम में शामिल किया। नायक पहले मुंबई इंडियंस और दिल्ली डेयरडेविल्स का हिस्सा रह चुके हैं। टीम ने मौजूदा अमेरिकी खिलाड़ी स्टीवन टेलर (25,000 डॉलर) और शायन जहाँगीर (20,000 डॉलर) पर भी भरोसा जताया। लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स, सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स और वाशिंगटन फ्रीडम ने भारी रिटेंशन के साथ ड्राफ्ट में प्रवेश किया।



## चीन ने जापान को हराकर फीबा पुरुष एशिया कप में स्थान सुरक्षित किया

एजेंसी, शेन्ज़ेन

चीनी पुरुष बास्केटबॉल टीम ने गुरुवार शाम 2025 फीबा एशिया कप क्वालीफ़ायर के ग्रुप सी गेम में जापान पर 100-58 से जीत हासिल की, जिससे एशिया कप में उसकी जगह पक्की हो गई। चार क्वालीफ़ाइंग मैच जीतकर पहले ही टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर चुके जापान ने इससे पहले फ़रवरी 2024 में चीन को 76-73 से हराया था। चीन ने शुरू से ही खेल पर अपना दबदबा बनाए रखा, जिसमें झू जुनलॉन्ग ने लेअप के साथ स्कोरिंग की शुरुआत की।

जबकि झाओ रुई और जू जी ने लगातार बास्केट जोड़े, जिससे चीन को 8-0 की बढ़त मिली। फ़ॉरवर्ड ज़ेंग फैनबो ने थ्री-पॉइंटर मारा जिससे चीन ने दूसरे क्वार्टर में अपनी बढ़त को दोहरे अंकों तक बढ़ाया। जापान ने चीन की मज़बूत रक्षा के ख़िलाफ़ स्कोर करने के लिए संघर्ष किया, लेकिन तीसरे क्वार्टर के बीच में ही स्कोरिंग का सूखा खत्म हुआ। चीन ने आखिरी क्वार्टर में 31 अंक बनाए और 100-58 के साथ अपनी चौथी जीत दर्ज की। चीन के हू जिनकिउ और जापान के रयूसेई सासाकी दोनों ने खेल में सर्वाधिक 17 अंक बनाए, जबकि झाओ ने मेजबान के लिए 16 अंक बनाए। चीन के मुख्य कोच गुओ शिकियांग ने कहा, "दोनों टीमों ने प्रशंसकों को रोमांचक खेल दिखाया। हमारा ध्यान, रक्षात्मक रणनीति और तेज़ ब्रेक बिल्कुल सही थे।" इससे पहले गुरुवार को मंगोलिया ने गुआम को 74-63 से हराकर ग्रुप सी में अपनी पहली क्वालीफाइंग जीत दर्ज की।



## मिलान-कॉर्टिना 2026 के आधिकारिक मोटो "आईटी'स योर वाइब" का हुआ अनावरण

एजेंसी, रोम

2026 मिलान-कॉर्टिना शीतकालीन ओलंपिक और पैरालिंपिक खेलों के लिए आधिकारिक मोटो "आईटी'स योर वाइब" का अनावरण गुरुवार को मिलान में विश्व प्रसारक बैठक के दौरान किया गया। मिलान-कॉर्टिना 2026 आयोजकों के अनुसार, यह पहली बार है जब ओलंपिक और पैरालिंपिक खेलों के इतिहास में इतना "गतिशील और उत्पादक" आदर्श वाक्य चुना गया है। यह सिर्फ एक स्लोगन नहीं है, बल्कि इसे अलग-अलग कहानियों और भावनाओं को व्यक्त करने के लिए अनुकूलित किया जा सकता है। इस स्लोगन का उपयोग एथलीटों के शानदार प्रदर्शन की सराहना करने या प्रतियोगिता के रोमांच को उजागर करने के लिए किया जा सकता है, जैसे "यह प्रतिभा है - यह आपका वाइब है," "यह रचनात्मकता है - यह आपका वाइब है," या "यह ऊर्जा है - यह आपका वाइब है।" स्लोगन में शब्द "आपका" यह दर्शाता है कि खेलों में हर कोई महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जबकि "यह" शब्द इटली का प्रतीक है, जिससे मेजबान देश की पहचान नारे में शामिल होती है। मिलान-कॉर्टिना 2026 शीतकालीन ओलंपिक खेल 6 से 22 फरवरी तक और पैरालिंपिक खेल 6 से 15 मार्च तक आयोजित किए जाएंगे।



## ऊना के पैरा एथलीट सुनील कुमार ने पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

एजेंसी, ऊना

ऊना जिले के अंब उपमंडल के ललियाड़ संतु गांव के पैरा एथलीट सुनील कुमार ने 23वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए जैवलिन थ्रो में रजत पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 17 से 20 फरवरी तक चेन्नई, तमिलनाडु में आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न स्पर्धाओं में देशभर के बेहतरीन पैरा एथलीटों ने हिस्सा लिया। सुनील कुमार की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, युवा मामले एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा तथा ऊना जिला प्रशासन ने उन्हें बधाई दी है। प्रदेश सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और होनहार खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग प्रदान करने के लिए सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सुनील कुमार की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'चेन्नई में आयोजित 23वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चौंपियनशिप में ऊना जिला के अंब उपमंडल के होनहार पैरा एथलीट सुनील कुमार ने जैवलिन थ्रो में रजत पदक जीतकर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। यह प्रदेश के लिए गर्व का क्षण है। मैं उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।' गौरतलब है कि 24 वर्षीय सुनील कुमार बचपन से ही खेलों के प्रति जुनूनी रहे हैं। विपरीत परिस्थितियों और चुनौतियों के बावजूद उन्होंने अपने साहस, दृढ़ संकल्प और कठिन परिश्रम से यह सफलता हासिल की। उनके परिवार में पिता रामपाल, माता सुमन देवी और एक भाई हैं। सभी परिवारजन और क्षेत्रवासी उनकी इस उपलब्धि पर बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं।



हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शनिवार, 22 फरवरी, 2025





# मनी प्लांट को कांच की बोतल में लगाना शुभ होता है या अशुभ?

मनी प्लांट को घर में लगाना सिर्फ एक साज-सज्जा के लिए ही नहीं, बल्कि यह वास्तुशास्त्र के हिसाब से भी अहम माना जाता है। इसे कई बार लोग गमले की मिट्टी में लगाते हैं। वहीं, कुछ लोग इसे कांच की बोतल या जार में पानी भरकर भी उगाना पसंद करते हैं। वास्तुशास्त्र के अनुसार, सही दिशा और दशा में मनी प्लांट लगाना बेहद शुभ माना जाता है। कहते हैं, इसे सुख-समृद्धि और धन आगमन का प्रतीक माना जाता है। वहीं, कांच की बोतल में मनी प्लांट लगाना शुभ होता है या अशुभ, इस बारे में कई लोग जानना चाहते हैं। तो आइए इस लेख में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।

वास्तु शास्त्र और फेंगशुई के अनुसार, मनी प्लांट को पानी में कांच की बोतल में लगाना शुभ माना जाता है। यह घर में सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाता है और आर्थिक समृद्धि लाने में सहायक होता है। हालांकि, कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना जरूरी है, वरना यह अशुभ प्रभाव भी डाल सकता है।

## कांच की बोतल में मनी प्लांट लगाने के लाभ

**धन और समृद्धि** – मनी प्लांट को उत्तर-पूर्व या दक्षिण-पूर्व दिशा में रखने से घर में धन की वृद्धि होती है।

**सकारात्मक ऊर्जा** – यह नकारात्मक ऊर्जा को दूर करता है और घर में शांति बनाए रखता है।

**कम मेंटेनेंस** – मिट्टी की तुलना में पानी में इसे उगाना आसान होता है, और यह जल्दी बढ़ता है।

**घर की सुंदरता बढ़ाता है** – कांच की बोतल में यह देखने में आकर्षक लगता है और इंटीरियर को भी खूबसूरत बनाता है।

## मनी प्लांट लगाने से पहले इन बातों का रखें ध्यान

**पानी साफ रखें** – गंदा या बदबूदार पानी रखने से नकारात्मक ऊर्जा बढ़ सकती है। हर 4-5 दिन में पानी बदलें।

**सूखी या पीली बेल न रखें** – अगर पत्तियां सूख रही हैं, तो तुरंत हटा दें, वरना यह नकारात्मकता ला सकती हैं।

**कटी-फटी बोतल न रखें** – टूटी या फटी कांच की बोतल रखने से घर में अशुभ प्रभाव आ सकता है।

## मनी प्लांट को पानी में लगाने का सही तरीका

- किसी पारदर्शी कांच की बोतल या जार का चुनाव करें।
- इसमें साफ पानी डालें और हर 4-5 दिन में पानी बदलते रहें।
- मनी प्लांट की बेल को बोतल में डालें और इसे ऐसी जगह रखें, जहां प्राकृतिक रोशनी आती हो लेकिन सीधी धूप न पड़े।
- चाहें तो पानी में थोड़ा सा लिक्विड फर्टिलाइजर मिला सकते हैं, जिससे पौधा तेजी से बढ़ेगा।



# क्या शंखनाद से प्रसन्न होते हैं भगवान, पूजा के समय क्या है इसका महत्व

हिंदू धर्म में शंखनाद का विशेष महत्व होता है। किसी भी पूजा के आरंभ और समापन के दौरान शंखनाद करना बहुत शुभ माना जाता है। शंख न केवल धार्मिक अनुष्ठानों का एक अभिन्न हिस्सा है, बल्कि इसे सौभाग्य, शुद्धता और दिव्यता का प्रतीक भी कहा जाता है। मान्यता है कि पूजा के दौरान शंख की ध्वनि करने से आस-पास की नकारात्मक ऊर्जाएं दूर होती हैं और वातावरण में सकारात्मकता का संचार होता है। शास्त्रों की मानें तो जब घर पर शंख बजता है, तो उसकी ध्वनि से देवता प्रसन्न होते हैं और भक्तों को उनका आशीर्वाद मिलता है। इन्हीं कारणों से मंदिरों में आरती और पूजा के समय शंख बजाने की परंपरा है। शंखनाद का वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी विशेष महत्व है।

इसकी ध्वनि से वायुमंडल में कंपन उत्पन्न होता है, जिससे नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और सकारात्मक वातावरण बनता है। साथ ही, शंख मन को एकाग्र करने और ध्यान की स्थिति को प्रबल करने में भी सहायक होता है। धार्मिक ग्रंथों में भी शंखनाद को कल्याणकारी और अशुभ शक्तियों को दूर करने वाला बताया जाता है। इसलिए, पूजा-पाठ, हवन और अन्य धार्मिक कार्यों में शंख बजाने की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है।

## शंख का धार्मिक महत्व

शंख को भगवान विष्णु का प्रतीक माना जाता है और यह हर धार्मिक अनुष्ठान एवं पूजा का अभिन्न हिस्सा माना जाता है। शास्त्रों के अनुसार, पूजा की शुरुआत शंख ध्वनि से करने से उस स्थान के आस-पास की नकारात्मक शक्तियां दूर होती हैं और देवताओं का आह्वान होता है, जिससे वातावरण पवित्र एवं सकारात्मक बना रहता है। इसी कारण से भगवान कृष्ण ने भी अपने दिव्य शंख पांचजन्य को महाभारत युद्ध के दौरान बजाकर पांडवों का उत्साहवर्धन किया था। वहीं, ज्योतिष में मान्यता यह भी है कि माता लक्ष्मी का वास शंख में होता है, इसलिए इसे घर में या पूजा स्थल पर रखना अत्यंत शुभ माना जाता है और इससे समृद्धि बनी रहती है। शंख बजाने से मानसिक शांति भी मिलती है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है।

## पूजा के समय शंखनाद के लाभ

पूजा के समय शंखनाद करना अत्यंत शुभ और लाभकारी माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, शंख की पवित्र ध्वनि से देवता प्रसन्न होते हैं और भक्तों पर अपनी कृपा बरसाते हैं। यह न केवल ईश्वरीय आशीर्वाद प्राप्त करने का माध्यम है, बल्कि घर में शुभता का संचार भी करता है।

शंख बजाने से वातावरण की कई तरह की नकारात्मक शक्तियां दूर होती हैं, जिससे घर में शांति और सुख-समृद्धि बनी रहती है। वास्तुशास्त्र के अनुसार शंख की ध्वनि से घर के वास्तु दोष समाप्त होते हैं और शुभ फल प्राप्त होते हैं। इसके नियमित अभ्यास से मानसिक शांति और एकाग्रता भी बढ़ती है, जिससे ध्यान और साधना में सहायता मिलती है। पूजा-पाठ के दौरान शंखनाद करने से न केवल आध्यात्मिक उन्नति होती है, बल्कि यह शरीर और मन को भी ऊर्जा प्रदान करता है। इसलिए, इसे धार्मिक एवं स्वास्थ्य लाभों के लिए एक महत्वपूर्ण साधन माना जाता है।



## शंख बजाने के नियम

पूजा के समय शंख बजाने के लिए कुछ विशेष नियमों का पालन करना जरूरी होता है। यदि आप इन नियमों का पालन करते हैं तो आपको इसका पूर्ण लाभ मिल सकता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, शंख को हमेशा साफ-सुथरे स्थान पर रखना चाहिए और इसे अशुद्ध हाथों से स्पर्श नहीं करना चाहिए। पूजा या किसी भी शुभ कार्य से पहले शंख को गंगाजल से शुद्ध करना शुभ माना जाता है। शंख बजाने का सही समय प्रात:काल और संध्या का होता है, क्योंकि इस समय शंख की ध्वनि से वातावरण शुद्ध होता है। इसे भगवान की आरती या पूजा के दौरान बजाना भी शुभ माना जाता है, लेकिन इसे रात में बजाने से बचना चाहिए। वैसे तो माना जाता है कि महिलाएं शंख को पूजा में रख सकती हैं और इसकी पूजा भी कर सकती हैं. लेकिन उन्हें शंख बजाने की मनाही होती है। इसके अलावा, शंख में जल भरकर भगवान को अर्पित किया जा सकता है, लेकिन इस जल को पीने या रसोई में उपयोग करने से बचना चाहिए। टूटा या खंडित शंख पूजा में उपयोग नहीं किया जाता, क्योंकि इसे अशुभ माना जाता है। इन नियमों का पालन कर शंख बजाने से आध्यात्मिक लाभ के साथ-साथ मानसिक और शारीरिक शुद्धता भी प्राप्त होती है।



## क्या शंखनाद से ईश्वर प्रसन्न होते हैं?

शंखनाद को हिंदू धर्म में अत्यंत शुभ और पवित्र माना जाता है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, जब शंख बजाया जाता है, तो उसकी दिव्य ध्वनि से ईश्वर प्रसन्न होते हैं और भक्तों पर अपनी कृपा बरसाते हैं। शास्त्रों में भी इस बात का वर्णन मिलता है कि देवताओं के पूजन और यज्ञों में शंख ध्वनि का विशेष महत्व होता है, क्योंकि इसकी गूंज से नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होती है और वातावरण शुद्ध बनता है। भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी से जुड़े होने के कारण शंख को विशेष रूप से पूजनीय माना जाता है। जब पूजा के दौरान शंखनाद किया जाता है, तो यह भगवान का आह्वान करने का प्रतीक होता है, जिससे वे भक्तों की प्रार्थना स्वीकार करते हैं। किसी भी पूजा की पूर्णता शंखनाद से मानी जाती है और इसका जीवन में विशेष महत्व होता है। यदि आप भी शंखनाद करते हैं तो इसके नियमों का पालन आपके लिए बहुत जरूरी है।

# किस समय घर में शंख बजाना चाहिए?

**हिन्दू धर्म में शंख बजाने का बहुत महत्व माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि शंख की ध्वनि से सकारात्मकता का संचार होता है और नकारात्मक ऊर्जा घटने लगती है। इसके अलावा, शंख बजाने से देवी-देवता प्रसन्न होते हैं और घर में दिव्यता एवं सुख-समृद्धि का वास होने लगता है। हालांकि शास्त्रों में शंख बजाने के कई नियम बताये गए हैं जिनमें विधि से लेकर समय तक के बारे में वर्णित है।**

## कब शंख बजाना चाहिए?

- सूर्योदय से पहले का समय यानी कि ब्रह्म मुहूर्त शंख बजाने के लिए सबसे शुभ माना जाता है। ब्रह्म मुहूर्त के समय वातावरण में शांति और सकारात्मक ऊर्जा सबसे ज्यादा होती है। ऐसे में इस समय में शंख बजाने से आसपास की शांति अशांत मन को शांत करती है और सकारात्मक ऊर्जा के प्रभाव से व्यक्ति मानसिक पीड़ा से दूर होता है।
- जब भी घर में पूजा या हवन हो, तो शंख बजाना शुभ माना जाता है। पूजा के दौरान शंख बजाकर देवताओं का आह्वान किया जाता है और देवी-देवताओं की दिव्यता घर में सुख-समृद्धि के रूप आने लगती है। पूजा-पाठ या हवन-अनुष्ठान के दौरान शंख बजाने से पूजा में अगर कोई दोष भी लग जाए हो तो वह भी तुरंत नष्ट हो जाता है।
- पूजा-पाठ या हवन-अनुष्ठान के अलावा त्यौहारों पर भी संख अवश्य बजाना चाहिए। किसी भी शुभ काम की शुरुआत जैसे कि विवाह, गृह प्रवेश, नई नौकरी, नया व्यापार आदि शंख बजाकर ही करनी चाहिए। इससे शुभ कार्यों में सफलता मिलती है। निर्विघ्न काम पूरे हो जाते हैं और नकारात्मक ऊर्जा काम में बाधाएं नहीं पैदा कर पाती है।
- शंख बजाने के दिन की बात करें तो यूं तो रोजाना शंख बजाना उत्तम माना जाता है लेकिन अगर किसी कारण से आपके लिए रोजाना शंखनाद करना संभव न हो तो आप मंगलवार और शुक्रवार के दिन पूजा के दौरान शंख बजा सकते हैं। मंगलवार के दिन शंखनाद से विवाह की बाधाएं नष्ट होती हैं और शुक्रवार के दिन शंखनाद से धन में वृद्धि होती है।



# नीलम धारण करने से पहले कुंडली का विचार करना जरूरी

**ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार नीलम रत्न व्यक्ति को रंक से राजा बना सकता है। यह रत्न शनिदेव को समर्पित होता है। इस रत्न को हर कोई धारण नहीं कर सकता है। जहां ये रत्न रंक से राजा बना देता है वहीं अशुभ होने पर ये रत्न राजा को भी रंक बना सकता है। ज्योतिष गणनाओं के अनुसार नीलम रत्न को धारण करने से पहले कुंडली का विचार करना जरूरी होता है। .**

## नीलम रत्न के फायदे


- जिन लोगों के लिए नीलम शुभ होता है उन्हें इसका तुरंत फायदा दिखने लगता है।
- स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है।
- धन- लाभ होने लगता है।
- नौकरी और व्यापार में तरक्की होने लगती है।
- शनि की वक्री चाल से इन राशियों को हो रहा है फायदा, जानें क्या आप भी हैं इस लिस्ट में शामिल

## नीलम रत्न के अशुभ होने पर इन समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है

- नीलम हर किसी को शुभ फल नहीं देता है। जिन लोगों के लिए ये शुभ नहीं है, उन्हें स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।
- धन- हानि हो सकती है।
- कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

## ऐसे करें पहचान नीलम आपके लिए शुभ है या नहीं

नीलम रत्न को धारण करने से पहले उसको तकीया के नीचे रखकर सोएं। अगर आपको रात में कोई भी बुरा स्वप्न नहीं आता है और अच्छी गहरी नींद आती है तो इसका मतलब है ये रत्न आपके लिए शुभ है। अगर आपको अच्छी और गहरी नींद नहीं आती है तो इस रत्न को धारण न करें। रत्न धारण करने के बाद अशुभ घटना होने पर इस रत्न को तुरंत उतार दें।



# क्या खाली शंख घर या मंदिर में रखना सही है?

हिन्दू धर्म शास्त्रों में शंख को माता लक्ष्मी का बड़ा भाई माना गया है। इसके अलावा, शंख की पूजा का भी विधान मौजूद है। इसी कारण से न सिर्फ घर या घर के मंदिर में लोग शंख रखते हैं बल्कि उसकी पूजा भी करते हैं। हालांकि शास्त्रों में घर या मंदिर में शंख रखने से जुड़े कई नियम भी बताये गए हैं जिनका पालन आवश्यक माना गया है। ऐसा माना जाता है कि घर या घर के मंदिर में शंख रखने से घर की बरकत बनी रहती है, लेकिन अक्सर ऐसा होता है कि लोग शंख लाकर उसे यूं ही रख देते हैं यानी कि शंख को खाली स्थापित कर देते हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या खाली शंख घर या घर के मंदिर में रखना चाहिए।

घर या घर के मंदिर में शंख रखने से सकारात्मकता का संचार होता है, लेकिन अगर घर या मंदिर में खाली शंख रखा है तो इससे नकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है और शंख की शुभता एवं दिव्य ऊर्जा खत्म हो जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि शंख को हमेशा शुद्ध जल से भरकर रखना चाहिए। इसके अलावा, शंख को पुष्प से भरकर भी रखा जा सकता है। शंख में जल भरकर रखने से घर में बुरी शक्तियां प्रवेश नहीं कर पाती हैं। वहीं, शंख में फूल भरकर रखने से घर में पारिवारिक शांति बनी रहती है और घर में परिवार के सदस्यों के बीच तालमेल बेहतर बनता है एवं मधुरता पनपने लगती है। शंख में फूल भरकर रखने से ग्रह दोष भी दूर होता है।




# सान्या मल्होत्रा का जादू जारी! मीनाक्षी सुंदरेश्वर और पगलैट ओटीटी पर ट्रेंड

**सान्या मल्होत्रा न सिर्फ सिनेमाघरों में नहीं बल्कि ओटीटी पर भी अजेय अभिनेत्री साबित हो रही हैं! मिसेज में उनके प्रदर्शन के लिए अपार सराहना के बाद, दर्शक अब उनकी पिछली फिल्मों को फिर से देख रहे हैं, जिससे स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर मीनाक्षी सुंदरेश्वर और पगलैट ट्रेंड कर रही है।**

सान्या मल्होत्रा ने एक भावनात्मक सोशल मीडिया स्टोरी के माध्यम से अपने प्रशंसकों को अपनी आभार व्यक्त की, आप सभी के प्यार और स्नेह के लिए बहुत आभारी महसूस कर रही हूं। तहे दिल से धन्यवाद। रिलीज से पहले ही मिसेज ने कई समारोहों में स्टैंडिंग ओवेशन और एक सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार के साथ काफी सराहना अर्जित की। अब प्रशंसक सान्या की पिछली भूमिकाओं में वापस देख रहे हैं, और उनकी बहुमुखी प्रतिभा को फिर से सराहना कर रहे हैं। आकर्षक मीनाक्षी सुंदरेश्वर से, जहां उन्होंने लॉन्ग डिस्टेंस की शादी को खूबसूरती से चित्रित किया। पगलैट में, जहां उन्होंने एक युवा विधवा के दुख से उबरते हुए अपने सूक्ष्म प्रदर्शन से दिल जीता है, सान्या की सिनेमाई यात्रा दर्शकों और आलोचकों को समान रूप से प्रभावित करती रही है। अब, मिसेज के ओटीटी पर स्ट्रीमिंग हो रही है और दर्शकों से लगातार प्यार मिल रहा है, उनकी पिछली परियोजनाओं पर नए सिरे से ध्यान एक कलाकार के रूप में उनके प्रभाव को और उजागर करता है। धर्मा प्रोडक्शंस के साथ उनके आगामी प्रोजेक्ट सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी का फैन बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जहां सान्या बिल्कुल अलग अवतार में नजर आएंगी। हर भूमिका में गहराई और प्रामाणिकता लाने की उनकी क्षमता उनकी पीढ़ी के सबसे आकर्षक अभिनेत्रियों में से एक के रूप में उनकी जगह को मजबूत करती है।



# ...जब हिमेश रेशमिया ने कीर्ति कुल्हारी की सलाह को नहीं माना

## बैडएस रवि कुमार का रहीं हिस्सा

हिमेश रेशमिया ने खुद को हीरो लेकर एक फिल्म 'बैडएस रविकुमार' नाम की फिल्म बनाई। यह एक मसाला फिल्म थी। इस एक्शन फिल्म के डायलॉग ऐसे थे कि दर्शक हंस-हंसकर लोट-पोट हो गए। हाल ही में इस फिल्म में हिमेश के साथ एक्टिंग करने वाली एक्ट्रेस कीर्ति कुल्हारी ने बताया कि एक्टर ने उनकी एक जरूरी सलाह मनाने से इंकार दिया था।




### हिमेश ने नहीं मानी कीर्ति की बात

कीर्ति ने हालिया एक इंटरव्यू में बताया कि जब हिमेश को डायलॉग में कुछ सुधार करने के लिए, उसमें अपने लेवल पर इंप्रूव करने की बात कही तो उन्होंने इसके लिए साफ मना कर दिया। लेकिन इस तरह से हिमेश का रिएक्शन पाकर कीर्ति का बिल्कुल भी बुरा नहीं लगा।

### फिल्म में कोई बदलाव नहीं चाहते थे हिमेश

कीर्ति को हिमेश रेशमिया की बात का बुरा इसलिए नहीं लगा क्योंकि उनका फिल्म को लेकर अपना एक अलग विजन था। वह इसमें किसी तरह का बदलाव नहीं चाहते थे। इस बात को कीर्ति ने समझा और जैसे डायलॉग लिखे गए थे, उन्हें वैसा ही बोला।

### चर्चा में रही फिल्म

फिल्म 'बैडएस रविकुमार' भले ही बॉक्स ऑफिस पर नहीं चली हो। इसने महज 8 करोड़ रुपये की कमाई ही की है। लेकिन यह फिल्म सोशल मीडिया पर खूब छाई। इस फिल्म के अजीब से डायलॉग ही दर्शकों को पसंद आए। इन डायलॉग्स पर खूब फनी रील्स बनाई गईं।

### ये कलाकार भी आए नजर

फिल्म 'बैडएस रविकुमार' में हिमेश और कीर्ति कुल्हारी के अलावा प्रभु देवा, सिमोना जे, सौरभ सचदेवा, संजय मिश्रा और जॉनी लीवर भी हैं। पहले भी हिमेश रेशिमया कई फिल्मों में एक्टिंग कर चुके हैं, लेकिन उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर चली नहीं हैं।



# नाग अश्विन की फिल्म कर सकती हैं आलिया



लिया भट्ट इन दिनों संजय लीला आखाली की फिल्म लव एंड वॉर की शूटिंग में व्यस्त हैं, जिसमें उनके साथ रणबीर कपूर और विकी कौशल नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग अक्टूबर 2025 तक पूरी होने की उम्मीद है। इसके बाद आलिया अपनी अगली फिल्म की तलाश में थीं और अब खबर है कि उनकी यह तलाश लगभग पूरी हो चुकी है। सूत्रों के मुताबिक, आलिया कल्कि 2898 एडी के निर्देशक नाग अश्विन के साथ एक नई फिल्म के लिए बातचीत के अंतिम चरण में हैं।

### कल्कि 2 के पहले एक और फिल्म बनाना चाहते हैं नाग

सूत्रों के अनुसार, नाग अश्विन कल्कि 2898 एडी के अगले भाग से पहले एक नई फिल्म बनाना चाहते हैं, जिसमें आलिया मुख्य भूमिका में होंगी। इस प्रोजेक्ट की कहानी और जॉनर को फिलहाल गोपनीय रखा गया है। सूत्र ने बताया, नाग अश्विन एक ऐसी कहानी पर काम कर रहे हैं, जो उनके दिल के करीब है।

### पहले लव... की शूटिंग पूरी करेंगी आलिया

फिलहाल, इस प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत अपने अंतिम चरण में है लेकिन अभी तक पेपर वर्क पूरा नहीं हुआ है। इस फिल्म को हैदराबाद स्थित प्रोडक्शन हाउस वैजयंती फिल्म्स के बैनर तले बनाया जाएगा। आलिया पहले लव एंड वॉर की शूटिंग का शेड्यूल पूरी तरह क्लियर करना चाहती हैं, ताकि वह नवंबर से किसी नए प्रोजेक्ट को कमिट कर सकें। नाग अश्विन भी अपनी इस फिल्म को एक तय समय में पूरा करना चाहते हैं, क्योंकि 2026 के सेकंड हाफ में उन्हें कल्कि 2898 एडी 2 पर काम शुरू करना है। आलिया, अश्विन के साथ पहली बार काम करेंगी। दोनों की क्रिएटिव सोच मेल खा रही है और अब सिर्फ डेट्स और अन्य औपचारिकताओं को फाइनल किया जा रहा है। पिछले साल आलिया निर्देशक अभिषेक पाठक की रोमांटिक फिल्म हाउसवाइफ भी साइन करने के करीब थीं और इस पर बातचीत अभी भी जारी है। वहीं आलिया के खाते में अल्फा और चामुंडा भी हैं।



# न 'मुल्क 2', न कोर्टरूम ड्रामा, अनुमानों से बिल्कुल अलग बनने जा रही अनुभव की नई फिल्म


नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज आईसी 814 के निर्देशन से अंतरराष्ट्रीय सिने जगत में अपनी धाक जमाने वाले भारतीय निर्देशक अनुभव सिन्हा की अगली फीचर फिल्म को लेकर सिने जगत में बीते कई दिनों से हलचल है। कोई कह रहा है कि ये फिल्म मुल्क का सीक्वल है, किसी ने अंदाजा लगाया कि ये फिल्म एक कोर्ट रूम ड्रामा बनने जा रही है, लेकिन अमर उजाला के पास इस बात की ठोस जानकारी है कि अनुभव सिन्हा की अगली फिल्म न मुल्क 2 है, और न ही ये एक कोर्ट रूम ड्रामा फिल्म होने जा रही है।

अनुभव सिन्हा की फिल्म निर्माण कंपनी बनारस मीडिया वर्क्स में इन दिनों शूटिंग शुरू होने से पहले की काफी हलचल बताई जा रही है। अनुभव अपनी राइटर्स टीम के साथ बीते एक महीने से दिन रात काम करते रहे हैं। अनुभव की ये आदत रही है कि जब तक फिल्म की कहानी उनको संतुष्ट नहीं करती है, वह शूटिंग शुरू नहीं करते हैं। इसके अलावा जिन्होंने भी उनका मुंबई में अंधेरी स्थित कार्यालय देखा है, वे बताते हैं कि उनको पढ़ने का बहुत शौक है। उनके दफ्तर की दीवारें किताबों से भरी नजर आती हैं।

अगले साल अनुभव सिन्हा की पहली फिल्म तुम बिन को रिलीज हुए 25 साल हो जाएंगे। उनके करीबी बताते हैं कि अनुभव सिन्हा अब जो भी फिल्में बना रहे हैं, वे अपने अनुभवों को अपने फिल्म निर्देशन की धार बनाकर ही बना रहे हैं। किसी विषय को लेकर जिद पर अड़ना वह छोड़ चुके हैं, और इसका सबसे बड़ा फायदा उनकी मेकिंग में दिखा वेब सीरीज आईसी 814 के दौरान। इस सीरीज के निर्देशन से राहत पाते ही अनुभव ने अपनी अगली फिल्म शुरू कर दी थी, जिसकी शूटिंग अब जानकारी के मुताबिक अप्रैल महीने में दिल्ली में होगी। अनुभव सिन्हा की गिनती हिंदी सिनेमा के उन नामचीन निर्देशकों में की जाती है, जिनके पास सिनेमा की विविधता है। वह तुम बिन, आर्टिकल 15, अनेक, भीड़ और थप्पड़ जैसी फिल्में निर्देशित कर चुके हैं और अब बताते हैं कि उनकी जो अगली अनाम फिल्म है, उसमें कोर्टरूम के दृश्य तो हैं, लेकिन इसे पूरी तरह से कोर्ट रूम ड्रामा नहीं कहा जा सकता है। सूत्र बताते हैं कि फिल्म का करीब 75 फीसदी हिस्सा कोर्ट रूम के बाहर शूट होना है।

# भारत की पहली मल्टीवर्स सुपरहीरो फिल्म में नजर आएंगे निविन पॉली

मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के चर्चित एक्टर निविन पॉली भारत की पहली मल्टीवर्स सुपरहीरो फिल्म मल्टीवर्स मनमथन में लीड रोल निभाएंगे। इस फिल्म का निर्देशन अदित्यन चंद्रशेखर करेंगे जो इससे पहले 2023 में आई फिल्म एंकिलम चंद्रिके और 2019 की मिनी सीरीज एवरेज अंबिली बना चुके हैं। निविन ने लिखा... यह मेरे दिल के बहुत करीब है। भारत की पहली मल्टीवर्स सुपरहीरो फिल्म मल्टीवर्स मनमथन की घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हूं। फिल्म का निर्देशन अदित्यन चंद्रशेखर करेंगे ।





# बड़े पर्दे पर किरदारों में ढल जाते हैं आशुतोष राणा, वेब सीरीज की दुनिया में भी छाए

**बड़े पर्दे यानी फिल्मों में उम्दा अभिनय करने के लिए आशुतोष राणा जाने जाते हैं। जल्द ही ओटीटी पर रिलीज होने वाली फिल्म 'कौशलजी वर्सेज कौशल' में आशुतोष राणा नजर आएंगे। लेकिन वह ओटीटी पर कई वेब सीरीज भी कर चुके हैं। जानिए, उन वेब सीरीज के बारे में जिनमें आशुतोष राणा ने अपनी एक्टिंग से दर्शकों को प्रभावित किया।**

### मर्डर इन माहिम

साल 2024 में आई वेब सीरीज 'मर्डर इन माहिम' में आशुतोष राणा ने पीटर फर्नांडीज नाम का किरदार निभाया था। वह इसमें पत्रकार की भूमिका में नजर आए थे। इस वेब सीरीज में मर्डर मिस्ट्री को आशुतोष का किरदार कैसे सुलझा जाता है, यही सीरीज की कहानी थी।

### खाकी-द बिहार चैप्टर

साल 2022 में 'खाकी-द बिहार चैप्टर' नाम की एक वेब सीरीज आई थी। इसमें मुख्य भूमिका यानी पुलिस वाले के रोल में करण टेकर थे। वहीं आशुतोष राणा ने आईजी मुक्तेश्वर चौबे का रोल किया था। आशुतोष राणा का देसी अंदाज दर्शकों को इस वेब सीरीज में खूब भाया।

### द मिस्ट्री ऑफ मोक्षा आइसलैंड

यह वेब सीरीज तेलुगू भाषा में बनी थी, जो कि एक थ्रिलर सीरीज थी। इसमें आशुतोष राणा ने विश्वक सेन का किरदार निभाया था। इस सीरीज में दर्शकों को सस्पेंस, ड्रामा और थ्रिलर का कॉम्बिनेशन देखने को मिला। आशुतोष राणा भी अपनी एक्टिंग से दर्शकों को डराने में कामयाब रहे।

### छत्रसाल-आरण्यक

वेब सीरीज 'छत्रसाल' में आशुतोष राणा ने मुगल शासक औरंगजेब का किरदार निभाया था। इस किरदार में वह काफी खूंखार नजर आए। यह वेब सीरीज राजा छत्रसाल की कहानी पर आधारित थी, उन्होंने मुगलों के खिलाफ एक लंबी लड़ाई लड़ी थी। वहीं रवीना टंडन स्टारर वेब सीरीज आरण्यक में भी आशुतोष राणा नजर आए। वह इस वेब सीरीज में महादेव डोगरा के किरदार में दिखे। यह सीरीज एक अपराधी को पकड़ने की कहानी कहती है। इसमें काफी सस्पेंस, ड्रामा दर्शकों को देखने को मिला था।

# कृति सेनन ने शुरू की तेरे इश्क में की शूटिंग



कृति सेनन ने आनंद एल राय की फिल्म तेरे इश्क में की शूटिंग शुरू कर दी है, जिसमें वह पहली बार धनुष के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। कृति ने तस्वीर साझा कर लिखा- चलो चलते हैं। सेट पर वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। वह कर रही हूं जो मुझे सबसे ज्यादा पसंद है। इससे पहले, अभिनेता धनुष का सेट से वीडियो वायरल हुआ था, जहां उन्हें दिल्ली के एक कॉलेज में फिल्म की शूटिंग करते हुए देखा गया था। रांझणा (2013) और अतरंगी रे (2021) के बाद आनंद और धनुष एक बार फिर साथ काम कर रहे हैं। निर्देशक ने तेरे इश्क में और रांझणा के बीच विषय की समानताओं का संकेत दिया था, लेकिन आश्वासन दिया कि नई फिल्म एक अनूठी रचना होगी। कृति को आखिरी बार नेटफ्लिक्स फिल्म दो पत्ती में देखा गया था, जबकि धनुष ने रयान में अभिनय किया था, जिसे उन्होंने निर्देशित भी किया था।